वर्ष 72 अंक 226 पृष्ठ 12
रीवा, गुरुवार 15 मई, 2025
ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 03, विक्रम संवत् 2082
नगर मूल्य 5 रुपए

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

अपनी वाणी को संयमित रखना अनिवार्य है, क्योंकि वाणी से दिए गए घाव कभी भरे नहीं जा सकते।
- डॉ. रामकुमार वर्मा

## सूचना

**मोदी की लाजवाब रणनीति**

(विशेष आलेख पढ़ें सम्पादकीय पेज पर)

## ऑफ बीट

### विराट के लिए फैंस का अनोखा अभियान



*विराट कोहली की टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा के बाद फैंस उन्हें एक खास अंदाज में विदाई देने की तैयारी कर रहे हैं। आईपीएल 2025 का अगला चरण 17 मई से शुरू होगा। इसके पहले रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के प्रशंसकों ने एक अनोखा सोशल मीडिया अभियान शुरू किया है -'विराट के लिए सफेद पहनें'। आरसीबी का मुकाबला अगले मैच में विगत चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) से एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में होगा। इस मैच को विराट कोहली की टेस्ट क्रिकेट में ऐतिहासिक भूमिका को श्रद्धांजलि देने का मंच बनाया जा रहा है। प्रशंसकों से अपील की जा रही है कि वे आरसीबी की पारंपरिक लाल-काली जर्सी की बजाय सफेद कपड़े पहनकर स्टेडियम आएं, जो टेस्ट क्रिकेट की पहचान है। अभियान में कहा गया है- 'विराट ने हमें टेस्ट क्रिकेट से प्यार करना सिखाया।*

## कोर्ट ने लिया स्वतः संज्ञान: चार घंटे में करें एफआईआर, देर रात महू में केस दर्ज

# मंत्री शाह का बयान देश की अखंडता को खतरे में डालने वाला: हाईकोर्ट

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश के जनजाति कार्य मंत्री विजय शाह पर महू के मानपुर थाने में केस दर्ज किया गया। बताया जा रहा है कि उनका मंत्री पद भी जा सकता है। दरअसल, शाह ने कर्नल सोफिया कुरैशी पर विवादित बयान दिया था। इसे लेकर अखबार में प्रकाशित खबरों का स्वतःसंज्ञान लेते हुए प्रदेश हाईकोर्ट ने सुनवाई की थी। अदालत ने डीजीपी को चार घंटे में शाह के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया था।

मामले की सुनवाई जस्टिस अतुल श्रीधरन तथा जस्टिस अनुराधा शुक्ला की युगलपीठ ने की। युगलपीठ ने अपने आदेश में कहा कि मंत्री के खिलाफ बीएनएस की धारा 152, 196(1)(बी) और 197(1)(सी) के अंतर्गत तत्काल एफआईआर दर्ज की जाए। एफआईआर शाम तक अवश्य दर्ज की जाए। आदेश का पालन नहीं होने पर पुलिस महानिदेशक के विरुद्ध



अवमानना कार्यवाही कर विचार करने की बात भी अदालत ने कही थी। बता दें कि विजय शाह ने सोमवार को महू के अंबेडकर नगर के रायकुंडा गांव में एक सार्वजनिक समारोह में कर्नल सोफिया कुरैशी पर अभद्र टिप्पणी की थी। उन्होंने उन्हें आतंकवादियों की बहन बताया था। युगलपीठ ने अपने आदेश में कहा कि यह उल्लेख करना आवश्यक है कि कर्नल सोफिया कुरैशी, विंग कमांडर व्योमिका सिंह के साथ राष्ट्र को पाकिस्तान के खिलाफ हमारे सशस्त्र बलों द्वारा शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर की प्रगति के बारे में जानकारी देने वाले सशस्त्र बलों का चेहरा थीं। ■ शेष पृष्ठ 7 पर

### विजय शाह का देशभर में हो रहा विरोध

**नई दिल्ली, जेएनएन।** कर्नल सोफिया कुरैशी को आतंकवादियों की बहन बताने के मामले में प्रदेश के मंत्री विजय शाह का देशभर में विरोध हुआ है। कांग्रेस ने उन्हें हटाने की मांग की है और कहा है कि भाजपा उन्हें राजनीति से संन्यास लेने के लिए प्रेरित कर। कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि हालांकि शाह का बयान आरएसएस के विचारों के ही अनुरूप है, लेकिन मामला सेना के अपमान का है। अतः उन पर समुचित कार्रवाई होनी चाहिए। लखनऊ, पटना, मुंबई में विभिन्न राजनीतिक दलों ने भाजपा के खिलाफ प्रदर्शन भी किया है। समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने कहा है कि जो बयान दिया गया, वह सेना को धर्म के आधार पर विभाजित करने वाला है।

### डैमेज कंट्रोल में जुटी भाजपा

भाजपा शाह के बयान के बाद डैमेज कंट्रोल में जुट गई है। पार्टी ने अपने पूर्व विधायक मानवेन्द्र सिंह भंवर राजा को छतरपुर जिले के नौगांव में रहने वाले कर्नल सोफिया कुरैशी के परिजनों से मुलाकात करने भेजा। मानवेंद्र ने वहां परिजनों से भेंट की और कहा कि सोफिया हमारे देश की बेटी है और हमें उन पर गर्व है। भाजपा अपनी बेटी के साथ है। इस मामले में प्रदेशाध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने बुधवार को कहा कि भाजपा नेतृत्व ऐसे मामलों को लेकर बेहद संवेदनशील है। शाह को तलब किया गया है। सोफिया कुरैशी हमारे देश की बेटी है।

### भाजपा लोगों को गुमराह करती है: जीतू

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि भाजपा डांट-डपट की बात कर लोगों को गुमराह करती है। लेकिन कांग्रेस इस मामले में चुप नहीं बैठेगी। जब तक विजय शाह को बर्खास्त नहीं किया जाता, तब तक कांग्रेस अपना प्रयास जारी रखेगी। उन्होंने कहा कि गुरुवार को कांग्रेस प्रदेश के हर थाने में जाकर विजय शाह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराएगी, क्योंकि यह देश की अस्मिता का सवाल है। हमारी देश की बेटी के खिलाफ ऐसी बयानबाजी करने वाले शाह को एक मिनट भी पद पर बने रहने का अधिकार नहीं है।

# 20 दिन बाद पाक की कैद से छूटा बीएसएफ जवान

## अटारी-वाघा बॉर्डर से वतन लौटे पूर्णम कुमार शॉ



**अमृतसर, जेएनएन।** पाकिस्तान ने भारत के बीएसएफ जवान पूर्णम कुमार शॉ को छोड़ दिया है। कॉन्स्टेबल पूर्णम बुधवार सुबह साढ़े 10 बजे अटारी-वाघा बॉर्डर से भारत लौट आए। डीजीएमओ लेवल पर बातचीत के बाद उन्हें 20 दिनों के बाद छोड़ा गया है। उन्हें मेडिकल जांच के बाद घर भेजा जाएगा।

बीएसएफ ने प्रेस रिलीज के जरिए पूर्णम के भारत लौटने की जानकारी दी है। इसमें बताया कि पूर्णम शॉ 23 अप्रैल को फिरोजपुर सेक्टर में ऑपरेशनल ड्यूटी के दौरान गलती से पाकिस्तान चले गए थे। इसके बाद उन्हें पाकिस्तानी रेंजर्स ने हिरासत में ले लिया था।

बता दें कि पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकी हमले के अगले दिन पाकिस्तान रेंजर्स ने पूर्णम की दो फोटो जारी की थीं। पहली फोटो में पूर्णम पेड़ के नीचे खड़े थे। उनकी राइफल, पानी की बोतल, बैग जमीन पर पड़ा था। दूसरी फोटो में जवान की आंखों पर पट्टी बंधी थी। पूर्णम मूल रूप से पश्चिम बंगाल में हुगली के रिसड़ा गांव के रहने वाले हैं। वह 23 अप्रैल को फिरोजपुर में किसानों के साथ भारत-पाक बॉर्डर पर ड्यूटी कर रहे थे। दरअसल, 23 अप्रैल की सुबह किसान अपनी कंबाइन मशीन लेकर खेत में गेहूं काटने गए थे। यह खेत भारत-पाक बॉर्डर पर फेंसिंग पर लगे गेट नंबर-208/1 के पास जीरो लाइन पर था। किसानों की निगरानी के लिए बीएसएफ के 2 जवान भी उनके साथ थे। इसी समय पूर्णम की तबीयत बिगड़ गई। वह पेड़ के नीचे बैठने के लिए चले गए। पेड़ बॉर्डर पार था। ■ शेष पृष्ठ 7 पर

### परिवार ने जताया ममता का आभार

जवान के भारत पहुंचने के बाद परिजनों ने पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी के प्रति आभार व्यक्त किया। पूर्णम की पत्नी रजनी ने कहा- मेरे पति 20 दिन देश में नहीं थे, पाकिस्तान ने अरेस्ट किया था। आज बहुत खुशी हुई। सुबह ही हेड ऑफिस से फोन आया था। साहेब ने कहा था कि पूर्णम इंडिया आ गए हैं। वह बिल्कुल सही-सलामत हैं। मेरे पति ने भी मुझे वीडियो कॉल किया था। वह फिजिकली बिल्कुल फिट हैं। उन्होंने कहा था कि वह फ्री होकर फोन करेंगे। हालांकि घर कब तक आएंगे, यह नहीं बताया। जवान की पत्नी ने कहा- 3-4 दिन पहले मेरी सीएम (ममता बनर्जी) से भी बात हुई थी। उन्होंने कहा था कि आपके पति जल्द घर आ जाएंगे, क्योंकि वह भी बीएसएफ के अधिकारियों से लगातार बात कर रही थीं। सभी का सपोर्ट रहा। पूरा देश मेरे लिए खड़ा था। मैं सभी का धन्यवाद करती हूं।

## संक्षिप्त खबरें

### अग्निवीर लाने वाले अजय बने यूपीएससी चेयरमैन

**नई दिल्ली, जेएनएन।** यूपीएससी यानी यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन ने पूर्व रक्षा सचिव अजय कुमार को नया चेयरमैन नियुक्त किया है। वह अक्टूबर



2027 तक इस पद पर रहेंगे। इनसे पहले प्रीति सूदन यूपीएससी की चेयरमैन थीं, जिनका कार्यकाल 29 अप्रैल को खत्म हुआ है। अजय कुमार ने आईआईटी कानपुर से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में बीटेक किया। इसके बाद अप्लाइड इकोनॉमिक्स से मास्टर्स किया और यूनिवर्सिटी ऑफ मिनेसोटा, यूएसए से बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में पीएचडी की। भारतीय राष्ट्रीय इंजीनियर्स एकेडमी के फेलो भी रह चुके हैं। डॉ. कुमार ने अपने प्रशासनिक करियर की शुरुआत केरल की केल्ट्रान ■ शेष पृष्ठ 7 पर

### पाक में हिंदू लड़की बनी असिस्टेंट कमिश्नर


**क्वेटा, जेएनएन।** महज 25 साल की उम्र में कशिश चौधरी ने इतिहास रच दिया है। पाकिस्तान के अल्पसंख्यक



हिंदू समुदाय से ताल्लुक रखने वाली वह बलूचिस्तान प्रांत की पहली महिला हैं, जिन्हें असिस्टेंट कमिश्नर के पद पर नियुक्त किया गया है। नियुक्ति के बाद उन्होंने कहा कि महिलाओं और अल्पसंख्यकों के सशक्तिकरण की दिशा में काम करेंगी। बलूचिस्तान के चगाई जिले के नोशकी शहर की रहने वाली कशिश ने बलूचिस्तान पब्लिक सर्विस कमीशन की परीक्षा पास कर यह उपलब्धि हासिल की है। वे पाकिस्तान के अल्पसंख्यकों के लिए भी एक प्रेरणास्रोत है। उन्होंने लगातार तीन साल हर दिन आठ घंटे पढ़ाई की।

# भारत के 52वें सीजेआई बने जस्टिस बीआर गवई

## देश के दूसरे दलित और पहले बौद्ध चीफ जस्टिस



**नई दिल्ली, जेएनएन।** जस्टिस भूषण रामकृष्ण गवई ने गुरुवार को भारत के 52वें चीफ जस्टिस के रूप में शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जस्टिस गवई को सीजेआई पद की शपथ दिलाई। मौजूदा सीजेआई संजीव खन्ना का कार्यकाल 13 मई को खत्म हो चुका है।

सीजेआई खन्ना के बाद वरिष्ठता सूची में जस्टिस गवई का नाम था। इसलिए जस्टिस खन्ना ने उनका नाम आगे बढ़ाया। हालांकि, उनका कार्यकाल सिर्फ 6 महीने का है। सीजेआई गवई देश के दूसरे दलित और पहले बौद्ध चीफ जस्टिस हैं।

सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर दिए प्रोफाइल के मुताबिक, जस्टिस गवई 24 मई 2019 को सुप्रीम कोर्ट जज के रूप में प्रमोट हुए थे। उनके रिटायरमेंट की तारीख 23 नवंबर 2025 है।

राष्ट्रपति भवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह समेत कई केंद्रीय मंत्री भी मौजूद रहे। जस्टिस गवई अनुच्छेद 370, बलात्कार, नोटबंदी और बुलडोजर न्याय जैसे मामलों में फैसले देने वाली पीठों में शामिल रहे। 24 नवंबर, 1960 को अमरावती में जन्मे जस्टिस गवई एक पेशेवर राजनीतिज्ञ आरएस गवई के बेटे हैं, जिन्होंने रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (गवई) की शुरुआत की थी।

### इलाहाबाद हाईकोर्ट को लगाई थी फटकार

जस्टिस गवई की अध्यक्षता वाली बेंच ने इलाहाबाद हाई कोर्ट की उस टिप्पणी पर रोक लगाई थी जिसमें कहा गया था कि महिला के प्राइवेट पार्ट को पकड़ना, उसके पायजामे का नाड़ा खींचना रेप की कोशिश नहीं है। इसके लिए उन्होंने इलाहाबाद हाईकोर्ट को फटकारा भी था। पिछले छह साल में सर्वोच्च अदालत के जज के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान, जस्टिस गवई संवैधानिक और प्रशासनिक कानून, सिविल और आपराधिक कानून, कॉरपोरेट विवाद, मध्यस्थता कानून और पर्यावरण कानून सहित कई विषयों से संबंधित मामलों से निपटने वाली करीब 700 बेंच का हिस्सा रहे।

# फुटपाथ पर चलना नागरिकों का मौलिक अधिकार

## सुप्रीम कोर्ट ने दिव्यांगों के लिए अलग से व्यवस्था करने का निर्देश भी राज्यों को दिया

**नई दिल्ली, जेएनएन।** अपने एक महत्वपूर्ण आदेश में सुप्रीम कोर्ट ने माना है कि फुटपाथ और फुटवे का उपयोग करने का अधिकार भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन के अधिकार का एक अनिवार्य पहलू है। न्यायालय पैदल चलने वालों की सुरक्षा के मुद्दे को उठाने वाले एक आवेदन पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें फुटपाथों की कमी दूर करने और उनसे अतिक्रमण हटाने का निर्देश सरकार को देने की मांग की गई थी। न्यायालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया कि वे यह सुनिश्चित करने के लिए दिशानिर्देश तैयार करें कि पैदल चलने वालों के लिए उचित फुटपाथ उपलब्ध हों। न्यायालय ने कहा कि उचित फुटपाथ के अभाव में पैदल चलने वालों को सड़कों पर चलने के लिए मजबूर किया जाता है, जिससे उन्हें गंभीर जोखिम का सामना करना पड़ता है और कई दुर्घटनाएं होती हैं। पैदल चलने



वालों की सुरक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण है और फुटपाथों का निर्माण और रखरखाव इस तरह से किया जाना चाहिए जिससे दिव्यांग व्यक्तियों के लिए पहुंच सुनिश्चित हो सके।

### अस्पतालों की फीस मामले में केंद्र को नोटिस

सुप्रीम कोर्ट ने अस्पताल में फीस का निर्धारण करने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए बुधवार को केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता सीयू सिंह (याचिकाकर्ता-वॉयस सोसाइटी के वकील) की मांग पर मामले को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध पर कर लिया है। यह मामला शुरू में सीजेआई संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की पीठ के समक्ष सूचीबद्ध किया गया था। हालांकि, जस्टिस कुमार द्वारा मामले से अलग होने के बाद यह जस्टिस गवई के समक्ष आया है। इसलिए इस पर फिर सुनवाई शुरू होने का रास्ता खुल गया है। याचिका में विभिन्न मेडिकल जांचों और सर्जरी की फीस में देशभर में एकरूपता लाने की मांग की गई है।

### चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति कानून पर फौरन रोक नहीं

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) और निर्वाचन आयुक्तों (ईसी) की नियुक्ति से जुड़े नए कानून पर रोक लगाने से इंकार कर दिया। जस्टिस सूर्यकांत और एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने इस कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई स्थगित कर दी। हालांकि पीठ ने संकेत दिया कि वह अगले सप्ताह मामले की सुनवाई कर सकती है। याचिकाकर्ता एनजीओ एडीआर के अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने पीठ से मामले की सुनवाई गुरुवार को ही करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि दो दिनों में सुनवाई समाप्त की जा सकती है।

### राहुल की नागरिकता वाली याचिका खारिज

**प्रयागराज, जेएनएन।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नागरिकता विवाद मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट में दाखिल की गई याचिका खारिज हो गई है। हालांकि, कोर्ट की लखनऊ बेंच ने याची को



पुनर्विचार याचिका दाखिल करने की अनुमति दी है। दरअसल, 5 मई को ही इसी विवाद की याची की एक याचिका को हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने निरस्त कर दिया था। बुधवार को याचिकाकर्ता ने नई याचिका दायर करने का अनुरोध किया। यह मांग भी की गई कि जब तक याचिका पर फैसला नहीं हो जाता, तब तक राहुल गांधी की विदेश यात्रा पर रोक लगा दी जाए। उसने कोर्ट से पुरानी याचिका वापस करने के लिए भी कहा था।

# प्रदेश में बनेंगे रेल-मेट्रो के कोच: सीएम

## बेंगलुरु में बीईएमएल के चेयरमैन को सौंपा रायसेन में नई इकाई के लिए भूमि आवंटन-पत्र

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश जल्द ही मेट्रो और रेल निर्माण का नया हब बनेगा। इस दिशा में बीईएमएल महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि पहले हमें रेल कोच के लिए विदेशों पर निर्भर रहना पड़ता था, लेकिन हम स्वयं इस मामले में मजबूत बन रहे हैं। सीएम बुधवार को बेंगलुरु स्थित बीईएमएल कार्यशाला के भ्रमण के उपरांत अपनी बात रख रहे थे। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में जो कार्य किया गया है, वह मेड इन इंडिया का सबसे उत्कृष्ट उदाहरण है। देश में मेट्रो और वंदेभारत जैसी आधुनिक रेल के विभिन्न उपकरणों का निर्माण हो रहा है। बीईएमएल, मध्यप्रदेश में रोलिंग स्टॉफ




सीएम बीईएमएल के चैयरमेन को सौंपा भूमि आवंटन पत्र।

और मेट्रो कोच का निर्माण करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रायसेन जिले के उमरिया क्षेत्र में बीईएमएल की नई रोलिंग स्टॉक विनिर्माण इकाई की स्थापना के लिए भूमि आवंटन-पत्र कंपनी के ■ शेष पृष्ठ 7 पर

### रायसेन इकाई से रेल इंफ्रास्ट्रक्चर होगा मजबूत: रॉय

मुख्यमंत्री डॉ. यादव का आभार मानते हुए बीईएमएल के चेयरमैन शांतनु रॉय ने कहा कि बीईएमएल उनके विश्वास पर खरी उतरेगी। रायसेन में हमारी इकाई का विस्तार भारत के नगरीय रेल इंफ्रास्ट्रक्चर को और गतिशीलता एवं सशक्त बनाएगा। यह उपलब्धि हमारे नवाचार, स्वदेशीकरण एवं गुणवत्ता के प्रति समर्पण को दर्शाती है। साथ ही देश की औद्योगिक उन्नति एवं रोजगार सृजन में हमारी भूमिका को सुदृढ़ करती है। उन्होंने बताया कि 2100वें नवीन कोच की विशेषता ऑन बोर्ड कंडीशन मॉनिटरिंग सिस्टम है, जो भारत में पहली बार किसी मेट्रो ट्रेन में शामिल किया गया है।

## घोषणा | रूसी अंतरिक्ष एजेंसी रोस्कोस्मोस ने बताया कि चीन के साथ मिलकर किया जाएगा काम

# चंद्रमा पर 2036 तक बनाया जाएगा न्यूक्लियर पावर प्लांट

**बीजिंग/मास्को, जेएनएन।** चीन और रूस ने चंद्रमा पर परमाणु ऊर्जा संयंत्र बनाने के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। यह परमाणु संयंत्र 2036 तक पूरा होने की उम्मीद है। यह अंतरराष्ट्रीय चंद्र अनुसंधान स्टेशन (आईएलआरएस) को ऊर्जा प्रदान करेगा। बता दें कि आईएलएसआर पर भी चीन और रूस मिलकर काम कर रहे हैं, जिससे इन दोनों देशों की अंतरिक्ष महत्वाकांक्षाओं का पता चलता है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार दोनों देश चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर एक स्थाई, मानव-नियंत्रित लूनर बेस भी बनाएंगे। यह वैज्ञानिक अनुसंधान और मानव रहित संचालन के लिए बनाया जाना है। हालांकि, जब यह बनकर तैयार हो जाएगा, तब इस पर इंसान को भेजने की भी योजना है। रूसी अंतरिक्ष एजेंसी रोस्कोस्मोस के महानिदेशक यूरी बोरिसोव के अनुसार चंद्रमा पर परमाणु



प्रतीकात्मक चित्र

ऊर्जा संयंत्र, आईएलआरएस और लूनर बेस बनाने का खाका तैयार हो चुका है। परमाणु संयंत्र का निर्माण 2030 में शुरू होगा और 2036 तक पूरा हो जाएगा। आईएलआरएस की आधारशिला 2028 में चीन की चांग-ई-8 मिशन के साथ रखी जाएगी, जो पहली बार चीनी अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा पर उतारेगा। लूनर बेस की आधारशिला 2032 में रखे जाने की उम्मीद है। हालांकि, यूरी ने इसकी विस्तृत जानकारी नहीं दी, लेकिन उन्होंने कहा कि इसका मकसद किसी देश को नीचा दिखाना नहीं है। रूस और चीन मिलकर जो कर रहे हैं, उससे पूरी मनुष्य जाति का भला होगा। चीन और रूस का चंद्र ■ शेष पृष्ठ 7 पर

### आईएलआरएस एक वैश्विक परियोजना

यूरी बोरिसोव ने बताया कि आईएलआरएस एक महत्वाकांक्षी परियोजना है, जिस पर चीन और रूस जून 2021 से काम कर रहे हैं। अभी तक इसमें 17 देश शामिल हो चुके हैं, जिनमें मिस्र, पाकिस्तान, वेनेजुएला, थाईलैंड और दक्षिण अफ्रीका शामिल हैं। भारत इस परियोजना में शामिल नहीं हुआ है। आईएलआरएस का निर्माण पांच सुपर हेवी-लिफ्ट रॉकेट लॉन्चर के माध्यम से 2030 में शुरू किया जाएगा और यह 2035 तक पूरा हो जाएगा। इसके बाद, 2050 तक इस स्टेशन का विस्तार किया जाएगा, जिसमें एक कक्षीय अंतरिक्ष स्टेशन, चंद्रमा की भूमध्य रेखा और इसके दूर के हिस्से पर कक्ष इसमें शामिल होंगे।

### चीन-रूस और अमेरिका में शुरू होगी अंतरिक्ष में प्रतिस्पर्धा

चीन और रूस का यह समझौता अंतरिक्ष अनुसंधान में एक नई प्रतिस्पर्धा का संकेत देता है। गौरतलब है कि अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा आर्टेमिस कार्यक्रम के तहत चंद्रमा पर स्थायी उपस्थिति करने की योजना बना रही है। हालांकि, ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद इस योजना के लिए बजट में कटौती कर दी गई है, जिससे योजना की गति धीमी हो गई है। दूसरी ओर चीन और रूस की आईएलआरएस परियोजना तेजी से आगे बढ़ रही है, जिसे 17 देशों का समर्थन मिल गया है। चीन-रूस की परमाणु क्षमता और अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में विशेषज्ञता आईएलआरएस को एक मजबूत आधार प्रदान करती है। चीन की चांग-ए मिशन और रूस की स्वचालित निर्माण तकनीक इस परियोजना को गति देंगे। ऐसे में अमेरिका भी चुप नहीं रहेगा।

# पांच घंटे बैन रहे चीन-तुर्किए के सरकारी 'एक्स' अकाउंट

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत सरकार ने चीन के सरकारी मीडिया ग्लोबल टाइम्स और तुर्किए के टीआरटी वर्ल्ड के एक्स (पूर्व में ट्विटर) अकाउंट्स को प्रतिबंधित किया, फिर पांच घंटे बाद प्रतिबंध हटा भी लिया।

पाकिस्तान द्वारा भारतीय हवाई क्षेत्र में तुर्किए-निर्मित ड्रोन के इस्तेमाल और ऑपरेशन सिंदूर के बाद फैलाई जा रही भ्रामक खबरों के चलते इन पर पाबंदी लगाई गई थी। हालांकि, पाबंदी हटाई क्यों गई, इस संबंध में सरकार की तरफ से कुछ नहीं बताया गया। यह सच है कि पाकिस्तान द्वारा भारतीय सीमा में ड्रोन घुसपैठ और भारत द्वारा किए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद इन अकाउंट्स से भारत की सैन्य कार्रवाई को लेकर भ्रामक व गलत जानकारियां फैलाई जा रही थीं। इनके जरिए यह दावा किया जा रहा था कि सामरिक कार्रवाई भारत ने की लेकिन उसमें बढ़त पाकिस्तान को मिली। 8 मई को भारत सरकार ने सोशल मीडिया मंच एक्स को एक कार्यकारी आदेश जारी किया था जिसमें देश में 8,000 से अधिक अकाउंट्स को ब्लॉक करने की मांग की गई थी। हालांकि, एक्स ने यह आदेश नहीं माना। हालांकि भारत सरकार ने बाद में अपना कदम वापस खींच लिया।

### कांग्रेस बोली-किसके दबाव में फैसला बदला

चीन व तुर्किए के सरकारी एक्स अकाउंट पांच घंटे बाद ही बहाल करने के भारत सरकार के फैसले पर कांग्रेस ने सवाल उठाए हैं। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा-अकाउंटों से पाबंदी किसके दबाव में हटाई गई? क्या चीन और तुर्किए ने यह वादा किया है कि आइंदा उनके अकाउंट से भारत को नीचा नहीं दिखाया जाएगा? केंद्र सरकार या भाजपा ने इस पर फिलहाल कोई टिप्पणी नहीं की है।

# सतना में राष्ट्रभक्ति की लहर, 17 मई को निकलेगी 500 फीट तिरंगे की भव्य यात्रा

## तिरंगा यात्रा में सर्व समाज होगा शामिल



**जागरण, सतना।** देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत सतना जिले में 17 मई को एक ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। तिरंगा यात्रा में सर्व समाज होगा शामिल। इस आयोजन के संयोजक सतना के महापौर योगेश ताम्रकार ने बताया कि इस विशेष तिरंगा यात्रा में 500 फीट लंबे तिरंगे के साथ भव्य रैली निकाली जाएगी जिसमें हजारों की संख्या में लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। यह आयोजन हाल ही में देश में घटित आतंकी घटनाओं और भारतीय सेना की जवाबी कार्रवाई के समर्थन में किया जा रहा है। महापौर ताम्रकार ने प्रधानमंत्री के बयान का हवाला देते हुए कहा हमने युद्ध नहीं किया ना ही युद्धविराम किया। भारतीय सेना ने पाकिस्तान में मौजूद आतंकी अड्डों पर सटीक हमला किया है। उन्होंने आगे कहा पहलगाम की घटना से पूरा देश आहत हैए लेकिन भारतीय सेना ने ष्ऑपरेशन सिंदूर के तहत करारा जवाब दिया है। इस अभियान में पाकिस्तान और च्व्ज्ञ स्थित कई आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद किया गया है। कार्यक्रम का संचालन विजय तिवारी ने किया। मंच मे संयोजक महापौर योगेश ताम्रकार मणिकांत माहेश्वरी महंत पीयूष दास जी महाराज सतीश सुखेजा कमल जीत सिंह सेठी देवेन्द्र सिंह अशरफ अली बाबा आरती सिंह उपस्थित रहे।

इस दौरान सुष्मिता सिंह परिहार विमला पांडेय इंजी रमेश जैन बाबूलाल सिंह अशोक गुप्ता हाजी मुन्ना कुरैशी जाकिर कुरैशी यूनिश कुरैशी सलमान खान शहजाद खान संदीप चमड़िया एड रमेश मिश्रा तरुण ठक्कर मनोहर वाधवानी संजय शाह पंकज सिंह परिहार हरिओम गुप्ता अशोक अग्रवाल धर्मेंद्र गोयल एड अरविन्द मिश्रा फिरोज खान रमेश शुक्ला कमल वाल्मीक उतम वाल्मीक दीपेन्द्र नाथ त्रिपाठी राजेश मेहता गोपी गैलानी गंगा कुशवाहा अनिल गुप्ता जय अग्रवाल संजय अग्रवाल राजेश दुबेदी राखी होतचंदानी सिमरन होतचंदानी सीमा सिंह चांदनी श्रीवास्तव अंजना तिवारी जान्हवी त्रिपाठी पंकज सिंह परिहार सहित बडी तादाद में लोग मौजूद रहे।

# एबीवीपी ने फूंका विश्वविद्यालय प्रबंधन का पुतला



**जागरण, सतना।** अभाविप सतना द्वारा कन्या महाविद्यालय में लगातार उत्पन्न हो रही समस्याओं व व्यवस्थाओं को लेकर प्रदर्शन करते हुए प्राचार्य को ज्ञापन सौपा। साथ ही रीवा अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय का पुतला दहन भी किया गया। विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक शिवेंद्र चतुर्वेदी का कहना है कि अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय प्रदेश का सबसे भ्रष्टाचारी विश्वविद्यालय बनता जा रहा है दूर. दराज से पढ़ने वाली छात्राओं बहनों का परीक्षा परिणाम अभी तक सुधार नहीं किया गया। अगले वर्ष की परीक्षाएं संचालित होने वाली है लेकिन छात्राओं की परीक्षा फॉर्म तक भर नहीं गए लगातार छात्राएं विश्वविद्यालय के चक्कर काट रही है और विश्वविद्यालय प्रशासन अपनी आंख में काली पट्टी बांधे हुआ है। आखिर कब तक छात्राओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ होता रहेगा बिना रिजल्ट घोषित किए बिना अगले सप्ताह के परीक्षाएं संचालित की जा रही है जो की पूर्णत गलत है विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा बिना सक्षम अधिकारी कुल सचिव के हस्ताक्षर के अंकसूचियां कॉलेज में भेजी गई और विद्यार्थियों को वितरित की जा रही हैं जिसके कारण छात्र समुदाय लगातार परेशान हो रहा है। अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय से जुड़े हुए सभी महाविद्यालय की स्थिति अत्यंत खराब होती जा रही है प्रत्येक छात्र सिर्फ विश्वविद्यालय के चक्कर लगा रहा है उसकी सुनवाई ना तो महाविद्यालय का प्राचार्य कर पा रहा है और ना ही विश्वविद्यालय प्रशासन आखिर छात्र जाए तो कहां जाए इन सभी प्रमुख मागों को लेकर आज एबीवीपी ने विश्वविद्यालय प्रशासन का पुतला दहन किया। प्रदर्शन एवं पुतला दहन को सफल बनाने में प्रमुख रूप से जिला संयोजक शिवेंद्र चतुर्वेदी नगर सहमंत्री रचित त्रिपाठी अभय मिश्रा देवांशु बहन आकांक्षा गौतम मुस्कान सिंह अवनी सिंह संध्या अंजलि प्रांजलि करण आदि महाविद्यालय के छात्राएं उपस्थित रहीं।

# श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान महायज्ञ का शुभारंभ

**बिरसिंहपुर।** नगर के वार्ड नंबर 12 में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान महायज्ञ का शुभारंभ बुधवार 14 मई से शुरू होकर मंगलवार 20 मई तक कथा होगी कथा का समय दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे तक रखा गया है कथा स्थल बधानटोला हनुमान मंदिर है इस कथा के प्रमुख आयोजक पंडित हनुमान प्रसाद शुक्ला है एवं अनंत विभूषित श्रीमद् जगतगुरु रामानुजाचार्य स्वामी महाराज पीठाधीश्वर पुरानी लंका आश्रम चित्रकूट धाम तथा मुख्य कथावाचक श्रीमद् भागवत कथा व्यास पूज्य देवप्रवर प्रपन्नाचार्य महाराज युवराज स्वामी पुरानी लंका आश्रम चित्रकूट धाम के द्वारा कथा कही जा रही श्रवण कराई जा रही है कथा के प्रथम दिवस महात्म सृष्टि वर्णन वराह अवतार कलश यात्रा एवं देव स्थापना का कार्यक्रम किया गया कथा के मुख्य स्रोता रामराज शुक्ला धर्मपत्नी शिवकली शुक्ला है श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम दिवस सैकड़ो की संख्या में भक्तगण कथा श्रवण करने उपस्थित रहे।

# खोड़री-बिछिया से मझगवां पहुंच मार्ग का सांसद ने किया शिलान्यास



**जागरण, सतना।** जनपद पंचायत मझगवां के ग्राम पंचायत खोड़री.बिछिया से मझगवां तक पहुंच मार्ग का शिलान्यास कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद गणेश सिंह ने किया, जबकि अध्यक्षता चित्रकूट विधायक सिंह गहरवार ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद पंचायत मझगवां की अध्यक्ष रेणुका जायसवाल उपस्थित थीं। इस अवसर पर जनपद सदस्य बेलाबाई सिंह, विजय सिंह, चन्द्रभूषण पाण्डेय, लालमन सिंह, सरपंच पूजा सिंह, पुत्तन सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद गणेश सिंह ने कहा कि जंगली क्षेत्रों में सडक़ की कमी के कारण लोगों का जीवन नर्क जैसा था। इस सडक़ के निर्माण से ग्रामीणों को आवागमन की कठिनाइयों से मुक्ति मिलेगी। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद देश ने कई मांगों को देखा, जैसे पानी, बिजली, अस्पताल, स्कूल, सडक़, गरीबी हटाओ, सिंचाई और रोजगार। वर्ष 2014 से पहले और अब के गांवों की स्थिति में जमीन.आसमान का अंतर है।

# प्रतिबंधित आदेश के बाद भी धड़ल्ले से हो रहे बोर



**जागरण, उचेहरा।** जनपद सहित नगरीय क्षेत्र में वर्तमान समय मे जल संकट को देख विशेष कारणों को छोड़ कर किसी भी प्रकार के खनन पर जिला कलेक्टर ने सख्त प्रतिबन्ध लगा रखे हैं फिर भी अवैध खनन कारोबारी है कि मानते नही आखिर किसके आदेश से दिन में ही बेखोफ हो ये उत्खन्न कर रहे हैं । अभी हाल ही में बीते शनिवार को जनपद की खूझा पंचायत में रमणी सागर बांधए कंदहली मोड़ में एक बोर हुआ जिसकी खबर शोसल मीडिया में डाली जा चुकी थी इसके कुछ दिन पहले इसी पंचायत में सूखानाला के पास भी रात्रि में खनन हुआ फिर भी कोई कार्यवाही शासन प्रसाशन ने अभी तक नही की जबकी अनुविभागीय कार्यालय से अब तक एक भी बोर उत्खन्न कर्ताओं को अनुमति जारी नही हुई । सूत्रो की माने तो खूझा पंचायत में शनिवार को दिन में रामशिरोमणि कुशवाहा के खेत मे प्रसाशन के बिना अनुमति के अमरपाटन के बोर एजेन्ट शिवेंद्र पटेल ने किया वही इसके पहले पटेल जी के यहां दूसरे एजेंट ने बोर किया । काबिलेगौर है कि अमूमन बोर करने वाली मसीन गाड़ी कर्नाटक की होती है और बोर करने वाले क्षेत्रीय एजेंट होते हैं जो हितग्राहियों से अपने ढंग का रेट तय कर खनन के काम को अंजाम तक पहुंचाते है ।

# दुर्गा निकेतन हायर सेकेण्डरी का परीक्षा परिणाम अव्वल



**जागरण, अमदरा।** माँ दुर्गा शिक्षा निकेतन हायर सेकेंडरी स्कूल घुनवारा का 10 वीं एवं 12 वीं परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट कक्षा .10 वीं में आस्था शिवहरे 94.6, प्रतिशत शिव पाण्डेय 93 प्रतिशत एसुरेन्द्र पटेल 91.6 , अपर्णा तिवारी 90.8 , आदर्श पटेल 90.4 , राजीव गुप्ता 89.8 प्रतिशत एमोहित कुमार गौतम 88.4 प्रतिशत ,पुष्पांजलि पटेल 87.2 प्रतिशत, शिवानी पटेल 87 प्रतिशत , धीरज पटेल 82.8 प्रतिशत एवं कक्षा 12 वीं .में गरिमा शिवहरे 87.6, प्रतिशत प्रिंस शिवहरे 83.6 प्रतिशत, अंकिता त्रिपाठी 82.8 प्रतिशत निखिल त्रिपाठी 78.8 प्रतिशत दीपाली प्रजापति 77 प्रतिशत, अभिनय तिवारी 71.8 प्रतिशत, क्रांति सिंह 71.6 प्रतिशत, सामिया हयात 71 प्रतिशत आदित्य पटेल 70 प्रतिशत, शोभा पटेल 69.4 प्रतिशत, अंक अर्जित करके अपने विद्यालय के टॉप दस छात्रों में अपना स्थान बनाया विद्यालय प्रबंधक संजय शुक्ला एवं अजय शुक्ला तथा क्षेत्र के जन जिला पंचायत सदस्य राजेश परौहा चंद्रभान पटेल कामता सोनी ,गोविंद मिश्र ,रमाकांत दुबे संदीप त्रिपाठी अमजद खान शीतल तिवारी ,महेन्द्र शिवहरे अधिवक्ता दिनेश सोनी आदि ने बच्चों के अच्छे परिणामों की सराहना की तथा सभी को बधाई दी।

# भाजपा मंत्री विजय शाह को बर्खास्त करेगी या भारतीय नारी का अपमान करने वाले को संरक्षण: डॉ रश्मि सिंह



**सतना।** डॉक्टर रश्मि सिंह ने कहा कि भाजपा की मध्य प्रदेश सरकार के एक मंत्री ने हमारी वीर बेटी कर्नल सोफिया कुरैशी के बारे में बेहद अपमानजनक शर्मनाक और ओछी टिप्पणी की है। सवाल यह हैं कि पूर्व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान की पत्नी का अपमान करने पर विजय शाह को मंत्री मंडल से हटाया गया था।अब तो उन्होंने भारतीय सेना ही नहीं अपितु करोड़ों भारतीय नारियों के सम्मान का प्रतीक बन चुकी वीरांगना सोफिया का अपमान किया है। भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी सचमुच भारतीय सेना की इस नायिका का भारतीय नारियों का सम्मान करते हैं तो तत्काल प्रभाव से मप्र के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को आदेशित करे कि वे मंत्री विजय शाह को बर्खास्त करे तथा भाजपा उन्हें दल से निलंबित करें। अन्यथा यह समझा जायेगा भाजपा दल इस अपमान को संरक्षण दिए हुए हैं तथा विजय शाह भाजपा के इशारे पर इस तरह का बयान दे रहे हैं।

# कोटर नगर परिषद में खुशी की लहर, सिखा तिवारी ने 10 वीं में किया शानदार प्रदर्शन

**सतना।** कोटर नगरपरिषद में पदस्थ दिवाकर तिवारी की सुपुत्री एवं नगर परिषद उपाध्यक्ष प्रभाकर तिवारी की भतीजी स्नेहा तिवारी ने दसवीं क्लास सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा में 94.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है सिखा तिवारी बोनांजा स्कूल सतना की छात्रा हैं और उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर नगर में खुशी का माहौल है नगर परिषद अध्यक्ष राजमणि सिंह , सभापति राजेन्द्र गौतम बबलू पंकज कुशवाहा शिवेन्द्र पाठक पार्षद सुरेश पयासी, सांसद प्रतिनिधि शांति स्वरूप अग्रवाल, आनंद पाठक ,पूंजीलाल चौधरी , केपी चौधरी राजमान कोल एवं सभी पार्षदगणों ने स्नेहा तिवारी को इस शानदार सफलता पर हार्दिक बधाई और उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं सभी ने स्नेहा के अनुशासन, परिश्रम और लगन की सराहना करते हुए कहा कि वह कोटर की बेटियों के लिए प्रेरणा स्रोत बनेंगी।



# लवडेल स्कूल बगहा के छात्रों परीक्षा परिणाम रहा अब्वल



**सतना।** द लवडेल सी.से.स्कूल कोठी रोड बगहा में छात्रों के परीक्षा परिणाम देखकर छात्रों एवं अभिभावकों के चेहरे खिल उठे तथा खुशी का जश्न मनाया। संस्थान में उत्कृष्ट परिणाम वाले कक्षा बारहवी के छात्रों में शौर्य विक्रम सिंह गणित संकाय 93.4 प्रतिशत शौर्या सोनी जीवविज्ञान संकाय 92.4 नानिता नागवानी वाणिज्य संकाय 92.6 सौम्या मीरानी वाणिज्य संकाय 92 धैर्य खण्डेलवाल वाणिज्य संकाय 90.8 सेजल पाण्डेय कला संकाय 96.4 त्रिवेदी कला संकाय 95.0 स्वर्णिम गुप्ता कला संकाय 94.4 सुहानी शुक्ला कला संकाय 90.4 रहा ।इसी कड़ी में कक्षा दसवी के छात्रों में उत्कृष्ट परिणाम में आदित्य राधारमण 94.6 अवी 92.8 शौर्यवीर सिंह परिहार 92.6 प्रज्ञा पयासी 92.2 उत्कर्ष तिवारी 91.6 उद्यन मलहोत्रा 91.4 संभव सिंह बघेल 90.2 शुभाश्री अवस्थी 90.2 प्रतिशत रहा । इस उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम में सभी उत्तीर्ण छात्र.छात्राओं को संस्थान के चेयरमैन मृगेंन्द्र सिंह एवं प्राचार्य तथा समस्त स्टाफने सभी को बधाई दी।

# मकान में आग लगने से लाखों का नुकसान



**अमदरा।** समीपी ग्राम घुनवारा निवासी रामानुज त्रिपाठी के मकान में मंगलवार की रात आग लग जाने के कारण लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया आग लगने के कारण लैपटॉप कंप्यूटर सेट प्रिंटर फ्रिज कूलर पंखा वाशिंग मशीन नव नग गद्दा बड़ी पेटी पूरे कपड़े बर्तन इनवर्टर बैटरी तीन ड्रम गेहूं लकड़ी का टेबल बैंक एल आई सी और सहारा के समस्त दस्तावेज एवं अतिरिक्त गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया है जिसकी रिपोर्ट थाना अमदरा में बुधवार को की गई है।

# शत-प्रतिशत रहा प्रिज्म स्कूल का परीक्षा परिणाम



**जागरण, सतना।** सी.बी.एस.ई. के कक्षा 12वीं परीक्षा परिणाम 13 मई को घोषित किए गए जिसमें भारतीय विद्या भवन प्रिज्म स्कूल मनकहरी का परीक्षा परिणाम अच्छा रहा। पी.सी.एम. संकाय से छात्र अभिनव कुमार पंडित पुत्र चन्द्रशेखर पंडित माइंस विभाग ने 87.2 प्रतिशत अंको के साथ प्रथम स्थान अंबुज ताम्रकार पुत्र राकेश ताम्रकार ई एण्ड आई विभाग ने 84.2 प्रतिशत अंको के साथ द्वितीय स्थान और स्रजल सिंह पुत्र रवि कुमार सिंह डीजी विभाग ने 82.2 प्रतिशत अंको के साथ विद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त किया। कामर्स संकाय से तनव सिंह पुत्र पुनीत सिंह कैपेक्स प्रोजेक्ट विभाग ने 89.0 प्रतिशत अंको के साथ प्रथम स्थान शिवेन्द्र कुमार तिवारी पुत्र राजेश तिवारी मांइस विभाग ने 85.6 प्रतिशत अंको के साथ द्वितीय स्थान और भूमिका प्रताप देशमुख पुत्री पी0एम0 देशमुख, स्कूल विभाग ने 82.4 प्रतिशत अंको के साथ विद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के पी.सी.एम. संकाय से 89 प्रतिशत परीक्षार्थियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा औसत प्राप्तांक 72.5 प्रतिशत अर्जित किये। पी.सी.एम. संकाय के 44.4 प्रतिशत परीक्षार्थियों ने विशेष योग्यता प्राप्त की। विद्यालय के वाणिज्य संकाय से 71.0 प्रतिशत परीक्षार्थियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा औसत प्राप्तांक 66.6 प्रतिषत अर्जित किये। वाणिज्य संकाय के 28.6 प्रतिशत परीक्षार्थियों ने विशेष योग्यता प्राप्त की। छात्रों की इस उपलब्धि पर प्राचार्य डॉ0 रामानंद गोस्वामी ने विद्यालय परिवार एव अभिभावकों की कर्तव्यपारायणता की भूरि.भूरि प्रशंसा की। विद्यालय के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष तथा प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड के सीनियर वाइस प्रेसीडेन्ट एच.आर.एम. एवं कारपोरेट अफेयर्स मनीष कुमार सिन्हा प्रेसीडेन्ट एंड प्लांट हेड मनीष कुमार सिंह प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड ने छात्रोंए अभिभावकों शिक्षकों व प्राचार्य महोदय को हार्दिक शुभकामनायें दी। उपरोक्त आशय की जानकारी प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड के एजीएम जनसंपर्क देवेन्द्र मिश्रा ने दी।

# जारी हुये थे प्रतिबंधात्मक आदेश

**सतना।** कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सतनाए के आदेश 5 अप्रैल 2025 के अनुसार 8 बिंदुओं का आदेश कुछ शर्तो के आधार पर पूर्ण रूप से खनन पर रोक लगाया गया है। ये है रोक की वजह . ज्ञात हो कि बीते वर्ष वर्षाकाल में जिले में सामान्य औसत से कम वर्षा हुई है।


**कार्यालय नगर परिषद् बैकुण्ठपुर, जिला–रीवा म.प्र.**

क्रमांक /534 /निविदा आमंत्रण /2025 — बैकुण्ठपुर, दिनांक 13.05.2025

**निविदा आमंत्रण सूचना**

म.प्र. शासन लोक निर्माण विभाग में नीवन केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत अथवा केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से फार्म "ए" ई–टेण्डरिंग के माध्यम से (म.प्र. नगरीय प्रशासन एवं विकास दिनांक 10.05.20.21 से प्रभावशील) निम्न लिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है:–

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 423549-1 | वार्ड 05 सड़क निर्माण कार्य | 720960.00 | 2000.00 एवं अमानत राशि 7210.00 | 14.05.2025 को सुबह 10:00 बजे से 31.05.2025 को सायं 10:00 बजे तक |
| | 423550-1 | वार्ड क्रमांक 13 में रामरती कोल के घर से मो. हारून के घर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण | 326190.00 | 2000.00 एवं अमानत राशि 3262.00 | |
| | 423551-1 | वार्ड 15 हास्पिटल मोड़ के पास पुलिया निर्माण कार्य | 144542.00 | 2000.00 एवं अमानत राशि 2890.00 | |
| | 423552-1 | वार्ड 15 क्योंटी रोड से विद्याधर के घर तक सड़क एवं नाली निर्माण कार्य | 365337.00 | 2000.00 एवं अमानत राशि 3653.00 | |

नोट :– निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की बेवसाईट https://mptenders.gov.in पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

श्रीमती मीना तीरथ गुप्ता
अध्यक्ष
नगर परिषद् बैकुण्ठपुर,
जिला–रीवा म.प्र.

श्रीमती निधि राजपूत
मुख्य नगर पालिका अधिकारी,
नगर परिषद् बैकुण्ठपुर,
जिला–रीवा म.प्र.



**कार्यालय नगर परिषद् बैकुण्ठपुर, जिला–रीवा म.प्र.**

क्रमांक / 530 / निविदा आमंत्रण / 2025 — बैकुण्ठपुर, दिनांक 13.05.2025

**चतुर्थ ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि व लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2025_UAD_423547_1 | इलेक्ट्रिक गार्वेज चार पहिया चेचिस पर निर्मित कचरा हाइड्रोलिक ट्राली सहित वाहन का RTO पंजीयन बीमा आदि संबंधित निविदाकार को कराना होगा एवं वाहन नगर परिषद् कार्यालय में प्रदाय करना होगा | 01 माह लागत रू0 600000 | 2000.00 एवं अमानत राशि 6000.00 | 14.05.2025 से 21.05.2025 |

नोट :– निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की बेवसाईट https://mptenders.gov.in पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

श्रीमती मीना तीरथ गुप्ता
अध्यक्ष
नगर परिषद् बैकुण्ठपुर,
जिला–रीवा म.प्र.

(निधि राजपूत)
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद बैकुण्ठपुर
जिला–रीवा (म0प्र0)



**कार्यालय नगर परिषद बैकुण्ठपुर जिला–रीवा (म.प्र.)**

No.NIT 532 /Baikunthpur./2025 — Date – 13.05.2025

प्रथम निविदा
सेक्सन–1
ई निविदा आमंत्रण–सूचना

नगर परिषद बैकुण्ठपुर द्वारा वित्त वर्ष 2025–26 (01 जुलाई 2025 से 31 मार्च 2026) हेतु बाजार फीस वसूली ठेका नीलामी हेतु ऑनलाईन निविदा ई–टेण्डरिंग के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। इच्छुक व्यक्तियों द्वारा निविदा प्रपत्र क्रय डाउनलोड करने एवं निविदा से संबंधित समस्त शर्ते एवं जानकारी वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर Urban Administration Development Department से एवं कार्यालय नगर परिषद बैकुण्ठपुर से प्राप्त की जा सकती हैं। निविदा में किसी प्रकार का संशोधन केवल वेबसाइट पर ही प्रकाशित किया जावेगा। विवरण निम्नानुसार है :–

| टेण्डर क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित राशि (रू. लाख में) | धरोहर राशि | निविदा फार्म का शुल्क | ऑनलाईन निविदा प्रपत्र प्राप्त करने का दिनॉक |
|---|---|---|---|---|---|
| 2025_UAD 423548_1 | अस्थायी दखल एवं बाजार फीस वूसली | 1944414 | 50000.00 | 2000.00 | दिनॉक 14.05.2025 को सुबह 10:30 से 14.06.2025 को सायं 05:30 तक |

उक्त कार्य हेतु निविदा प्रपत्र उपरोक्तानुसार दिये गये दिनॉक 14.05.2025 से दिनॉक 14.06.2025 तक वेबसाईट पर लागू प्रोसेसिंग शुल्क के ऑनलाईन भुगतान कर प्राप्त किये जा सकेगें।

श्रीमती मीना तीरथ गुप्ता
अध्यक्ष
नगर परिषद् बैकुण्ठपुर,
जिला–रीवा म.प्र.

श्रीमती निधि राजपूत
मुख्य नगर पालिका अधिकारी,
नगर परिषद् बैकुण्ठपुर,
जिला–रीवा म.प्र.



**प्रख्यात ब्रेन, स्पाइन एवं न्यूरो रोग विशेषज्ञ डॉ सचिन सिंह 18 मई रविवार को रीवा में**



रीवा। राष्ट्रपति पदक से सम्मानित प्रख्यात ब्रेन, स्पाइन एवं न्यूरो रोग सुपर स्पेशलिस्ट एंडोस्कोपिक सर्जन डॉ सचिन सिंह MBBS, MS, MCh (न्यूरो) PGI नई दिल्ली, निर्देशक-लाइफ लाइन हॉस्पिटल प्रयागराज, के द्वारा ,दिनांक 18 मई 2025 को (प्रत्येक माह के पहले एवं तीसरे रविवार) सुबह 10 बजे से दोपहर 02 बजे तक, कामता मेडिकल (कामता मल्टीस्पेशलिटी क्लीनिक/ डाइग्नोस्टिक & विजन हार्ट सेंटर)- A ब्लॉक समदड़िया कॉम्प्लेक्स न्यू बस स्टैंड रीवा में, ब्रेन, स्पाइन एवं न्यूरो से सम्बंधित सभी प्रकार की बीमारियां जैसे रीड़ की हड्डी की चोट/दर्द, गर्दन, कमर व घुटने का दर्द, लकवा, सिर का दर्द(माइग्रेन की समस्या), मिर्गी रोग, बेहोसी व चक्कर आना, अंगों में कंपन-झुनझुनी-शून्यता, मांसपेशियों/नसों में कमजोरी, मस्तिष्क ज्वर, ब्रेन हैमरेज, सर्वाइकल स्पोंडलाइटिस, स्नायु रोग, साइटिका, रीड़ की हड्डी की टी.बी., एंडोस्कोपिक स्पाइन सर्जरी आदि न्यूरो से संबंधित सभी प्रकार के रोगों का परामर्श देकर इलाज किया जाएगा, डॉ सचिन सिंह लगभग 15000 (पंद्रह हज़ार) से ज्यादा ब्रेन, सर्वाइकल एवं स्पाइन से संबंधित सर्जरी सफलता पूर्वक कर चुके है, डॉ सचिन को न्यूरो से सम्बंधित सभी प्रकार की सर्जरी में महारथ हासिल है, डॉ सचिन के द्वारा प्रत्येक माह के पहले एवं तीसरे रविवार को विगत सात (07) वर्षों से कमाता क्लीनिक में मरींजों को OPD परामर्श दिया जा रहा है। क्लीनिक में इकोकार्डियोग्राफी, TMT, ECG, होल्टर, ABPM, पैथोलॉजी, डिजिटल एक्सरे, यूरोफ्लोमेट्री आदि जांचों की सुविधा उपलब्ध है। अधिक जानकारी हेतु कामता मेडिकल रीवा मोबाइल नं 9399312433 में संपर्क करें। ADVT



**प्रख्यात हड्डी एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ डॉ शांतनु सिंह के द्वारा प्रतिदिन नियमित OPD रीवा में**



रीवा। अहमदाबाद के प्रख्यात हड्डी व जोड़ रोग विशेषज्ञ डॉ शांतनु सिंह, MBBS, MS (ऑर्थोपेडिक्स) FIJR, OIJR (अहमदाबाद) फेलोशिप इन ज्वाइंट रिप्लेसमेंट, ज्वाइंट रिप्लेसमेंट। कॉम्प्लेक्स ट्रॉमा। ऑर्थोस्कोपिक सर्जन, पूर्व सर्जन गवर्मेन्ट मेडिकल कॉलेज सागर, हड्डी एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ के द्वार कामता मेडिकल (कामता मल्टीस्पेशलिटी डे- केयर क्लीनिक/डायग्नोस्टिक & विज़न हार्ट सेंटर), A ब्लॉक समदड़िया कॉम्प्लेक्स न्यू बस स्टैंड रीवा में, प्रतिदिन नियमित सुबह 10 से दोपहर 02 बजे तक एवं शाम 04 से 06 बजे तक हड्डी व जोड़ रोग से सम्बंधित समस्त फैक्चर एवं ट्रॉमा उपचार, घुटना एवं कुल्हा प्रत्यारोपण TKR, THR, ऑर्थोस्कोपी (दूरबीन द्वारा लिगामेंट की सर्जरी), डिजिटल एक्स-रे, प्लास्टर POP एवं स्पिलटिंग, घुटनो में दर्द/सूजन, कंधे का जकड़ना/दर्द होना, कमर व कूल्हों के जोड़ों का दर्द, साईटिका/गठियावात, कंधे के मांस का कटना, घुटने का न मुड़ना, चलने में लड़खड़ाना, ज़मीन पर न बैठ पाना, गाउट एवं रूमेटाइड ऑर्थराइटिस का उपचार, जोड़ो में इंजेक्शन द्वारा उपचार (इंटर-आर्टिकुलर इंजेक्शन), CTEV (क्लबफुट) जन्मजात टेढ़े मेढ़े पाँव का उपचार, रीढ़ की हड्डी से सम्बंधित समस्याएं, सामान्य एवं जटिल फैक्चर, आधुनिक तकनीक द्वारा जोड़ प्रत्यारोपण, बच्चों के हाथ व पैरों की विकृतिया, पुराने फैक्चरों का न जुड़ना, हड्डी में पस पड़ना आदि बीमारियों का परामर्श/ऑपरेशन द्वारा इलाज किया जाता है, डॉ शांतनु को दुरबीन विधि से सम्बंधित सभी प्रकार के आपरेशन में महारथ हासिल है, अधिक जानकारी हेतु कामता मेडिकल रीवा में संपर्क करें। ADVT

सीधी जागरण
दैनिक जागरण रीवा 15 मई 2025 www.dainikjagranmpcg.com
11 राज्य 31 संस्करण
मध्य प्रदेश • उत्तर प्रदेश • दिल्ली • हरियाणा • उत्तराखंड • पंजाब • जम्मू-कश्मीर • बिहार • झारखंड • हिमाचल प्रदेश • पश्चिम बंगाल से प्रकाशित




# मुख्यमंत्री आज आएंगे सीधी, देंगे करोड़ों की सौगातें

जागरण कार्यक्रम

## मड़रिया बाईपास थोक सब्जी मंडी के सामने होगा कार्यक्रम

### लाड़ली बहनों के खाते में राशि का होगा अंतरण

जागरण, सीधी



प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 15 मई गुरुवार दोपहर करीब 1 बजे सीधी में आयोजित लाड़ली बहना हेतु राशि अंतरण तथा हितग्राही सम्मेलन एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कुटीर एवं ग्रामोद्योग मप्र शासन एवं प्रभारी मंत्री जिला सीधी करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में सीधी सांसद डॉ. राजेश मिश्रा, सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक, चुरहट विधायक अजय सिंह, सिहावल विधायक विश्वामित्र पाठक, धौहनी विधायक कुंवर सिंह टेकाम, जिला पंचायत अध्यक्ष सीधी श्रीमती मंजू रामजी सिंह, भूतपूर्व विधायक चुरहट शरदेन्दु तिवारी, वरिष्ठ समाजसेवी देवकुमार सिंह चौहान को आमंत्रित किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सीधी में आयोजित लाड़ली बहना योजना सम्मेलन को संबोधित करेंगे और यहां से पूरे प्रदेश की लाड़ली बहनों के बैंक खाते में राशि अंतरण करेंगे। मुख्यमंत्री के आगमन पर सीधी जिले को करोड़ों की सौगात मिलने की संभावना बताई जा रही है। जिला प्रशासन कई भूमि पूजन एवं लोकार्पण कराने की तैयारी में भी जुटा हुआ है। सीधी कार्यक्रम के पश्चात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मझौली में आयोजित आदिवासी सम्मेलन में भाग लेने के लिए रवाना होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव दोपहर 12.35 बजे दिव्यगवां जिला रीवा से हेलीकाप्टर से प्रस्थान कर दोपहर 12.55 बजे हेलीपैड सीधी पहुंचेंगे। सीधी खुर्द में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री सिंगल क्लिक के माध्यम से लाड़ली बहना योजना की मई माह की किश्त की राशि हितग्राहियों के बैंक खाते में जारी करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों को राशि अंतरण तथा बहनों को सिलेंडर रिफिलिंग राशि का अंतरण भी करेंगे। मुख्यमंत्री विशाल आमसभा को संबोधित करने के साथ विकास एवं निर्माण कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव दोपहर 2.30 बजे हेलीकाप्टर से सीधी से प्रस्थान कर दोपहर 2.50 बजे हेलीपैड मझौली पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री मझौली में शासकीय महाविद्यालय मझौली के पास स्टेडियम में जनजातीय सम्मेलन पीएम जनमन योजना एवं धरती आबा योजना अंतर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर निर्माण कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री शाम 4.10 बजे मझौली से हेलीकाप्टर से प्रस्थान कर शाम 4.35 बजे एयरपोर्ट रीवा पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री रीवा से शाम 4.40 बजे वायुयान से प्रस्थान कर शाम 5.25 बजे भोपाल पहुंचेंगे।

## भारी वाहनों के आवागमन पर अस्थाई प्रतिबंध

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की 15 मई को सीधी शहर एवं मझौली में प्रस्तावित यात्रा और कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी स्वरोचिष सोमवंशी ने भारी वाहनों के आवागमन पर अस्थाई प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी किया है। जिला प्रशासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार 14 मई की मध्यरात्रि 12 बजे से लेकर 15 मई की रात 10 बजे तक जिले के प्रमुख मार्गों पर भारी वाहनों लोडेड एवं अनलोडेड का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। यह निर्णय पुलिस अधीक्षक सीधी द्वारा प्रस्तुत सुरक्षा प्रतिवेदन के आधार पर लिया गया है। प्रतिबंधित मार्गों में जिला मुख्यालय स्तर पर चुरहट एवं मझौली की ओर से कार्यक्रम स्थल की ओर जाने वाले भारी वाहन। टिकरी की ओर से मडरिया वायपास एवं कार्यक्रम स्थल तक जाने वाले भारी वाहन। बहरी की तरफ से जोगीपुर तिराहा होते हुए कार्यक्रम स्थल की ओर जाने वाले भारी वाहन। कमर्जी की ओर से सीधी मुख्यालय की तरफ आने वाले भारी वाहन। वहीं मझौली क्षेत्र में मड़वास की ओर से मझौली कार्यक्रम स्थल तक जाने वाले भारी वाहन। मझौली क्षेत्र से कार्यक्रम स्थल की ओर आने वाले सभी भारी वाहन शामिल हैं। यह आदेश मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 115 और मप्र मोटरयान नियम 1994 के नियम 215 के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए जारी किया गया है। प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे इस अवधि में निर्धारित मार्गों पर यात्रा करने से बचें और सहयोग बनाए रखें।

## चप्पे-चप्पे पर पुलिस का रहेगा पहरा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सीधी आगमन को लेकर सुरक्षा व्यवस्था काफी चाक-चौबंद की जा रही है। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम स्थल से जुड़े सभी मार्गों में जहां भारी वाहनों की आवाजाही को प्रतिबंधित कर दिया गया है वहीं सामान्य वाहन भी दूसरे रूट से होकर चलेंगे। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के मद्देनजर भारी संख्या में पुलिस बल की ड्यूटी लगाई जा रही है। सीधी जिले का पुलिस बल एवं पुलिस अधिकारी तो ड्यूटी में मौजूद ही रहेंगे साथ ही रीवा एवं अन्य जिलों से भी पुलिस अधिकारियों एवं पुलिस बल की ड्यूटी लगाई गई है। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर रीवा रेंज के बड़े पुलिस अधिकारी स्वतः मौजूद रहेंगे और सुरक्षा व्यवस्था पर पैनी नजर रखेंगे। पुलिस के साथ ही प्रशासनिक अधिकारी भी सुरक्षा व्यवस्था पर अपनी नजर रखेंगे। प्रशासनिक अधिकारियों की ड्यूटी भी मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर सीधी एवं मझौली में लगाई गई है।

# कर्नल सोफिया का अपमान देश की बेटियों का अपमान: मनोज



जागरण, सीधी। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव एवं कांग्रेस पार्टी के असम के सह प्रभारी मनोज चौहान ने मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री विजय शाह द्वारा भारतीय सेना की बहादुर अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ दिए गए अशोभनीय और नफरत भरे बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसकी घोर निंदा की है। चौहान ने कहा कि भाजपा सरकार के वरिष्ठ मंत्री की घिनौनी मानसिकता से भरे, मऊ में सार्वजनिक मंच से दिए गए बयान में उन्होंने कर्नल सोफिया को आतंकवादियों की बहन और पाकिस्तानियों की बहन कहकर न केवल उनकी गरिमा को ठेस पहुँचाई, बल्कि भारतीय सेना और देश की उन सभी बेटियों का अपमान किया है जो राष्ट्र सेवा के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने को तैयार रहती हैं। विजय शाह का यह बयान केवल एक व्यक्ति पर हमला नहीं, बल्कि भारत की सैन्य गरिमा, राष्ट्रीय एकता और महिला सम्मान पर खुला प्रहार है। उन्होंने कहा कि इसी मंत्री द्वारा अतीत में भी अपने पूर्व के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की धर्मपत्नी पर भी अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए उन पर ओछा मजाक किया गया था जिसका परिणाम था कि इसे मंत्रिमंडल से भगा दिया गया था, अब फिर से महिलाओं का प्रति इस तरह का बयान ये साबित करता है कि मंत्री विजय शाह की मानसिकता महिलाओं के प्रति बेहद घिनौनी और घृणित है। मनोज चौहान ने आगे कहा कि आज सीधी जिले के दौरे पर आ रहे मुख्यमंत्री मोहन यादव भी क्या महिलाओं के प्रति घृणित मानसिकता वाले अपने इस मंत्री को बर्खास्त करके केंद्र की भाजपा सरकार की राष्ट्र भक्ति पर सवालिया निशान खड़ा करने वाले को फिर से सबक सिखाएंगे।

## विश्वविद्यालय स्थापना हेतु छात्र संगठन सौंपेगा मांग पत्र

जागरण, सीधी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आज सीधी आगमन पर विश्वविद्यालय स्थापना की बात को लेकर छात्र संगठन मांग पत्र सौंपेगा। इसके पूर्व सभी छात्र-छात्राएं पूजा पार्क में सुबह 9:30 बजे एकत्रित होंगे। ज्ञात हो कि सीधी जिले में विश्वविद्यालय स्थापना को लेकर जिले के छात्र-छात्राओं के द्वारा लगातार पिछले पांच छः वर्षों से इस पवित्र कार्य हेतु जनप्रतिनिधियों से मिल रहे हैं। उक्त सूचना छात्र संगठन का नेतृत्व कर रहे छात्र इन्द्रलाल पटेल ने दिया है।

## लिनेस क्लब ने देश की सुख, शांति हेतु किया आयोजन

जागरण, सीधी। लिनेस क्लब कामाख्या सीधी द्वारा देश की सुख, शांति एवं समृद्धि के उद्देश्य से एक भव्य धार्मिक आयोजन किया गया। इस आयोजन के अंतर्गत सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालु जनों ने भाग लेकर भगवान हनुमान जी की आराधना की। कार्यक्रम की शुरुआत मंत्रोच्चारण व दीप प्रज्वलन के साथ हुई। भक्ति भावना से ओतप्रोत इस आयोजन में श्रद्धालुओं ने सुंदरकांड पाठ का श्रवण कर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किया। पाठ के उपरांत भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित सभी भक्तजनों को प्रसाद रूपी भोजन कराया गया। लिनेस कलब की अध्यक्ष डॉ. बीना मिश्रा ने बताया कि ऐसे आयोजन समाज में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार करते हैं और देश की सुख-समृद्धि की कामना हेतु यह एक प्रयास है। आयोजन की सफलता में क्लब के सभी सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

## मध्य प्रदेश शिक्षक संघ का अभ्यास वर्ग संपन्न



जागरण, सीधी। हमारी परंपरा के अनुसार हमारा कार्य व्यवहार हो, हमारे निश्चय कभी विस्मृत ना हों तो हम अपने लक्ष्य प्राप्त कर लेंगे। शिक्षा में आमूल चूल परिवर्तन करना भी हमारा एक लक्ष्य है। हमें हर मामले में सरकार के भरोसे नहीं रहना है। सरकार एवं अधिकारियों से हमें तैयारी एवं तर्क के साथ वार्ता करनी चाहिए। दिखावा और स्वार्थ रहित जीवन शैली, इच्छा शक्ति और योग्यता के साथ अपडेट रहकर हम अच्छे शिक्षक बन सकते हैं। नैतिकता से काम करने वालों का समाज भी साथ देती है। शिक्षक, शिक्षार्थी और समाज शिक्षा की त्रिवेणी हैं। हम अपनी मेहनत से बच्चों की बोली, भाषा और संस्कार बदल सकते हैं। समाज के सहयोग से हमारे विद्यालय तीर्थ बन जाएंगे। उनमें ऊर्जा का संचार होगा और उनसे उठने वाली तरंगे हमें परिवर्तन की ओर ले जाएगीं। उक्त आशय के उद्गार मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के दिनांक 10 से 12 मई को अमरकंटक के कल्याण आश्रम में आयोजित तीन दिवसीय अभ्यास वर्ग के उद्घाटन सत्र में अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के राष्ट्रीय संगठन मंत्री महेंद्र कपूर ने प्रदेश भर के दायित्ववान कार्यकर्ताओं को कार्यकर्ताओं में दायित्वो विषय पर संबोधित करते हुए व्यक्त किये। तीन दिवसीय अभ्यास वर्ग के 14 सत्रों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। अभ्यास वर्ग में मध्य प्रदेश शिक्षक संघ सीधी के पदाधिकारी सतीश कुमार पाण्डेय जिलाध्यक्ष, रामजी शुक्ला जिला सचिव, सुरेंद्र प्रसाद तिवारी कोषाध्यक्ष, शिवशंकर सिंह चौहान संगठन मंत्री, श्याम सुंदर तिवारी उपाध्यक्ष, निकिता सोनी उपाध्यक्ष एवं साधना मिश्रा सह-सचिव ने सहभागिता किया।

# कमिश्नर तथा आईजी ने किया कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण



जागरण, सीधी। जिले में आगामी 15 मई को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सीधी तथा मझौली के प्रस्तावित कार्यक्रम के दृष्टिगत कमिश्नर रीवा संभाग बीएस जामोद तथा पुलिस महानिरीक्षक गौरव राजपूत द्वारा कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण अवलोकन किया गया। इस दौरान कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी तथा पुलिस अधीक्षक डॉ. रविन्द्र वर्मा भी उपस्थित रहे। उन्होने कार्यक्रम के लिए निर्माणाधीन हेलीपैड तथा कार्यक्रम स्थल में की जा रही तैयारियों की समीक्षा की तथा आवश्यक निर्देश दिए। कमिश्नर तथा पुलिस महानिरीक्षक ने हेलीपैड तथा कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा के दृष्टिगत सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मंच तथा हेलीपैड में केवल अधिकृत व्यक्तियों को ही प्रवेश दिया जाएगा। ग्रीष्म ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए सभी सेक्टरों में पर्याप्त पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही कार्यक्रम स्थल में पर्याप्त मात्रा में चिकित्सीय स्टॉफ उपस्थित रहे जिससे आवश्यकता पर त्वरित उपचार दिया जा सके। इस दौरान कमिश्नर ने पार्किंग तथा यातायात व्यवस्था के विषय मे जानकारी प्राप्त की तथा सुचारू आवागमन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों से की गई आवश्यक तैयारियों के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा सभी तैयारियां निर्धारित प्रोटोकाल के अनुसार समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव, उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा, मझौली आरपी त्रिपाठी, उप पुलिस अधीक्षक गायत्री तिवारी, अनुविभागीय पुलिस अधिकारी रोशनी ठाकुर सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## मोगली पलटन की भावी गतिविधियों पर हुई चर्चा



जागरण, सीधी। ऋषिकेश फाउण्डेशन के सेवादार ने लद्दाख पहुंचकर मशहूर शिक्षाविद् सोनम वांगचुक से भेंट की। सोनम वांगचुक एक इंजीनियर, नवाचारी और शिक्षा-सुधारक हैं। इनके स्कूल पर आधारित आमिर खान अभिनीत बेहद मशहूर फिल्म थ्री इडियट्स ने वांगचुक को रातों-रात सितारा बना दिया था। सोनम वांगचुक स्टूडेंट्स एजुकेशनल एंड कल्चरल मूवमेंट ऑफ लद्दाख के संस्थापक हैं। इस स्कूल के पूर्व छात्र देश और दुनिया में नाम कमा रहे हैं। भारतीय आइस हॉकी टीम के कप्तान से लेकर अंतरराष्ट्रीय डॉक्यूमेंट्री मेकर तकय और आईएएस से लेकर वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर तक इस स्कूल के नायाब रत्न हैं। सेकमोल परिसर को पैसिव सोलर हीटिंग के सिद्धांतों पर सरल, कम लागत वाली पारंपरिक तकनीकों का उपयोग करके बनाया गया है। इसके अलावा वांगचुक को अपने आइस स्तूपा के लिए विश्व भर में ख्याति मिली है। लद्दाख में साल के छह महीने बर्फऔर ठंड के कारण खेती नहीं हो पाती। अप्रैल और मई के महीनों में किसानों को पानी की जरूरत होती है, पर तब तक हिमनद जमे होते हैं। आइस स्तूपा इस समस्या का समाधान है। उनके इस मॉडल को अब दुनिया के कई देशों जैसे स्विट्जरलैंड, वेनेजुएला, न्यूजीलैंड आदि में अपनाया जा रहा है। हाल ही में ऋषिकेश फाउंडेशन के एक सेवादार द्वारा सोनम वांगचुक से भेंट कर बाल सेना मोगली पलटन की भावी गतिविधियों पर विस्तृत चर्चा की गई। मोगली पलटन का उद्देश्य एक ऐसा अल्टरनेटिव एजुकेशन मॉडल विकसित करना है जो बच्चों को आत्मकेंद्रित, अवसादग्रस्त और भयभीत बनाने की बजाय करुणाशील, हुनरमंद और आत्मविश्वासी बनाए। इसी विचार को लेकर मोगली पलटन के प्रतिनिधि देश भर में समान सोच से संचालित शिक्षण संस्थानों का दौरा कर अपना मॉडल विकसित करने का प्रयास करेंगे।

## बढ़ौरा में सातवें दिन जारी रही श्रीमद्भागवत कथा



जागरण, सेमरिया। बढ़ौरा में राजेन्द्र प्रसाद तिवारी के निवास पर आयोजित भागवत कथा का समापन 14 मई को किया गया। यह आयोजन 8 तारीख से शुरू हुआ था और इसके अंतिम दिन पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए। वही कथा ब्यास महाराज काशी के प्रभाकर पाण्डेय ने भगवान कृष्ण की लीलाओं का विस्तारपूर्वक वर्णन किया। उन्होंने कथा के माध्यम से भगवान की भक्ति और उनके चरित्र की महत्ता को समझाया। इस दौरान देवेंद्र मिश्रा गुड्डू, रामजन्म तिवारी, शैलेश तिवारी, संदीप तिवारी, पिंकू तिवारी, भोले तिवारी और अजीत तिवारी उपेन्द्र मिश्रा सहित क्षेत्र के भागवत प्रेमी उपस्थित थे। भागवत कथा के माध्यम से लोगों को भगवान की भक्ति और उनके चरित्र की महत्ता की जानकारी मिली। कथा के अंतिम दिन पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए और भगवान की लीलाओं का रसपान किया।

## पांच खिलाड़ी कराते चैंपियनशिप में होंगे सम्मिलित

जागरण, सीधी। मध्य प्रदेश स्टेट कराते सब जूनियर जूनियर कराते चैंपियनशिप 2025 का आयोजन मप्र कराते स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजन 16 एवं 17 मई 2025 को इंदौर के बास्केटबॉल इनडोर स्टेडियम न्यू पलासिया इन्दौर में कराते की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित होगी। जिसमें सीधी जिले से मानस भवन के प्रांगण में कराटे विधा का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे खिलाड़ियों में से पांच खिलाड़ियों का चयन किया गया है और यह सभी खिलाड़ी सचिव संध्या मिश्रा, बॉक्सिंग कराते कोच माखन मिश्रा के नेतृत्व में 15 जून को इंदौर के लिए प्रस्थान करेंगे। कराते की कुमिते फाइट के लिए चयनित खिलाड़ियों में विदित मिश्रा, आश्वी सिंह माझी, श्लोक तिवारी, गौतमी तिवारी एवं एकाक्षर तिवारी का चयन किया गया है। इन सभी खिलाड़ियों के चयन होने पर खेल एवं युवा कल्याण विभाग अधिकारी तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव, कराते संघ के अध्यक्ष डॉ. अनूप मिश्रा, सीधी विधायक रीति पाठक, खेल युवा कल्याण विभाग भूपेश ठाकरे व योग्य सेन गुप्ता आर्मी रिटायर, श्रीमान पाण्डेय, खेल विभाग समन्वयक जयवीर सिंह व राष्ट्रीय सीनियर खिलाड़ी अजय मिश्रा, राष्ट्रीय सीनियर खिलाड़ी विकाश शुक्ला व खेल विभाग मनिंद्र शेर अलीखान, सुभाष सिंह व रोहन सिंह, कोच प्रकाश प्रजापति, सुनील संजीव सोंधिया, मामून अंसारी, सूरज जायसवाल, रोशन जायसवाल, रवि मिश्र, राजेंद्र केवट, शिवांशु सिंह, जीतू सिंह, मुकेश मिश्रा, विष्णु सिंह सेंगर ने सभी खिलाड़ियों के चयन होने पर प्रसन्नता व्यक्त की और उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# उपार्जन केंद्र प्रभारियों पर गिर सकती है गाज, भीगा गेहूं बोरी में अंकुरित



जागरण, मझौली। जिले के मझौली उप खण्ड अंतर्गत सभी गेहूं उपार्जन केंद्र में अव्यवस्थाओं के साथ-साथ किसानों को किसानों को परेशान करते हुए जमकर शोषण किया गया है। एक ओर जहां ना तो बैठने की लिए छांव व पीने के लिए पानी की व्यवस्था की गई थी वहीं किसानों से डरा धमकाकर भाराई-तौलाई भी कराया गया। नाम ना उजागर करते हुए किसानों ने अपनी व्यथा सुनाते हुए बताया कि भारी तलाई न करने पर बोरिया नहीं दी जा रही हैं यहां तक की गेहूं बेचने के लिए सेवा शुल्क भी जमा करने की खबर है। लेकिन मझौली एवं मड़वास उपार्जन केंद्र में जिस तरह से किसानों को परेशान किया गया है शायद ही जिले के उपार्जन केन्द्रों में किया गया हो। यहां भाराई तौलाई तो कराया ही गया किसानों को काफी परेशान कर जमकर शोषण किया गया है। कई दिनों तक बोरी के इंतजार में किसान उपार्जन केंद्र में बैठे रहे यहां तक की खरीदी किए गए गेहूं के साथ किसानों का गेहूं भी भीग गया। जिसका खामियाजा किसानों को ही भुगतना पड़ा। नाम ना उजागर करते हुए किसानों द्वारा बताया गया कि इतना परेशान होने के बावजूद भी सेवा शुल्क के बिना गेहूं बिक्री की रसीद नहीं दी जा रही है। यहां तक की जब बोरिया लदकर गोदाम पहुंची तो तुरंत मीडिया को सूचित कर दिखाया गया जहां नई बोरी में तौला भरा गेहूं पाया गया यहां तक की खरीदी दिनांक 5 एवं 9 मई बीत जाने के बाद भी मझौली उपार्जन करने में 12 में तक गेहूं पहुंचना पाया गया। इस स्थिति से जिम्मेदार अधिकारियों को व्हाट्सएप के माध्यम से अवगत कराया गया लेकिन अभी तक एसडीएम मझौली के अलावा किसी का बयान नहीं आया है। कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी अभिषेक सोनोढिया केवाईसी को लेकर विक्रेताओं की बैठक मझौली में की थी जिन्हें भी स्थितियों से अवगत कराया गया था जिनके द्वारा कहा गया था कि यदि गड़बड़ियां पाई गई तो कार्यवाही की जाएगी। अब ऐसी स्थिति में जबकि किसानों को परेशान कर शोषण किए जाने के बावजूद उपार्जन केंद्र में खरीद गेहूं एक नहीं दो बार भीग चुका है जो जमीन में तो छोड़िए बोरी के अंदर भी अंकुर छोड़ दिया है जिन्हें बगैर सुखाए छल्ली लगवाए सीधे गोदाम के अंदर करवाया जा रहा है।

# संविदाकार व अधिकारियों की मनमानी, निष्क्रियता बरकरार, किसी का नहीं खौफ

## मुख्यमंत्री के आगमन की सूचना पर भी नहीं सुधरी व्यवस्था

जागरण, मझौली



वैसे तो पूरे क्षेत्र में संविदाकार मनमानी व निडरता के साथ भ्रष्टाचार को अंजाम देते हुए लोगों के जान के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं, लेकिन वर्तमान में मझौली नगर परिषद किस मामले में अव्वल नजर आ रहा है वही जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी इस पूरे मामले को लेकर निष्क्रिय एवं अनजान नजर आ रहे हैं। ऐसा लग रहा है कि संविदाकारों के साथ अधिकारियों कर्मचारियों में भी अब किसी चाहे सांसद-विधायक हो मुख्यमंत्री-मंत्री, किसी का खौफ नहीं दिख रहा है। स्थानीय जनप्रतिनिधि खुद फाइल लिए अधिकारियों कर्मचारियों के पीछे घूमते नजर आ रहे हैं। ऐसे में जनता की फजीहत हो रही है। एक और जहां बिजली-पानी की समस्या हमेशा बनी रहती है। वहीं संविदाकारो द्वारा कराए जा रहे निर्माण कर परेशानी और बीमारी परोस रहे हैं यहां तक की आए दिन लापरवाही और मनमानी के कारण दुर्घटनाएं घटित हो रहे हैं। लेकिन संविदाकारों की लापरवाही और मनमानी के साथ अधिकारियों कर्मचारियों की निष्क्रियता साफ नजर आ रही है ऐसा प्रतीत हो रहा है कि ये किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रहे हैं। लगातार खबर प्रकाशन एवं व्हाइट बयान तथा फोटो वीडियो भेज जिम्मेदार अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया जा रहा है लेकिन दिखवा के अलावा अभी तक व्यवस्था सुधार किसी तरह से कोई परिणाम नहीं दिख रहा है। बात करें मझौली नगर परिषद बायपास रोड की लोगों को अतिक्रमण ग्रसित में मार्केट की जाम की समस्या से निजात दिलाने क्षेत्रीय विधायक कुंवर सिंह टेकाम लोगों की मांग पर काफी प्रयास से इस रोड की सौगात दिलाई वह भी भारी भरकम रस लगभग 6 करोड़ की लागत से डेढ़ किलोमीटर की दूरी लेकिन संविदाकार एवं जिम्मेदार विभाग विधायक के मंशाओं पर पानी फेरते हुए लोगों को परेशानी में डाल रखे हैं। वहीं पूर्व में बने ढोला युक्त पुलिया की मिट्टी हटा देने से जॉइंट में बड़े छेद बने हुए हैं जो बड़ी दुर्घटना को आमंत्रण दे रहे हैं। जनवरी 2025 लास्ट में 10-15 दिन मिट्टी की उलटी पलटी कर संविदाकार लापता हो गए हैं रोड की उड़ती धूल से लोग परेशान हैं। मझौली नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 13 में बिना किसी समुचित प्रकलन व रूपरेखा के विगत एक माह से 10 फुट तक गहरी तथा 5-7 फुट तक चौड़ी नाली जेसीबी मशीन से खुद कर मिट्टी तथा मटेरियल गिट्टी बालू आधे रोड तक फैला काफी मंद गति से काम किया जा रहा है। यहां तक की जाली बैरिग गेटिंग की बात छोड़िए अवरोध सिग्नल रिबन तक लगाया जाना उचित नहीं समझा जा रहा है। वर्षों से जब से मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेश सिंह भदौरिया नगर परिषद से स्थानांतरित होकर अन्यत्र गए हैं नगर परिषद का हाल बेहाल है। प्रभारी सीएमओ के रूप में आए अजय गुप्ता के समय भी कोई सार्थक परिणाम नहीं रहा वही अब वर्षों से नगर परिषद की कमान कई वर्षों से अंगद की तरह पांव जमाए जमे फीडर कैडर कर्मचारियों की हवाले की गई है जो लोगों को सुख सुविधा के बजाय परेशानी और मुसीबत परोस रहे हैं।

## कार्यक्रम स्थल में यूएव्ही ड्रोन को उड़ाना प्रतिबंधित

जागरण, सीधी। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी स्वरोचिष सोमवंशी ने आदेश जारी कर माननीय मुख्यमंत्री के दिनांक 15 मई 2025 को जिला सीधी अंतर्गत ग्राम सीधी खुर्द (मड़रिया बाईपास) तहसील गोपदबनास एवं शासकीय महाविद्यालय स्टेडियम मझौली, तहसील मझौली में कार्यक्रम को दृष्टिगत रखते हुए उनके सुरक्षा मानकों के मापदण्डों एवं सुरक्षा कारणों से कार्यक्रम स्थल सीधी खुर्द मड़रिया बाईपास तहसील गोपदबनास तथा शासकीय महाविद्यालय स्टेडियम मझौली तहसील मझौली एवं हेलीपैड में किसी भी प्रकार से यूएव्हीड्रोन को उड़ाना प्रतिबंधित किया जाकर नो फ्लाइंग जोन घोषित किया गया है। जारी आदेशानुसार भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत सुरक्षा मानकों को सुनिश्चित किये जाने हेतु कार्यक्रम स्थल सीधी खुर्द मड़रिय बाईपास तहसील गोपदबनास तथा शासकीय महाविद्यालय स्टेडियम मझौली, तहसील मझौली एवं हेलीपेड के चारों तरफ 5 किमी की परिधि में किसी भी प्रकार से यूएव्ही/ड्रोन को उड़ाना प्रतिबंधित किया जाकर नो फ्लाइंग जोन घोषित किया गया है। आदेश के उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता, 2023 एवं अन्य सुसंगत प्रावधानों के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर अभियोजन की कार्यवाही की जायेगी।

# बाक्साइड एवं कैथल खदान के पानी से नष्ट हो रही कृषि भूमि

## कलेक्टर की जन सुनवाई में किसान ने लगाई गुहार

### खदान से हैवी मोटर पंपों के माध्यम से बाहर निकाला जाता है पानी

जागरण, सीधी



जिले के तहसील रामपुर नैकिन अंतर्गत ग्राम नैकिन में संचालित बाक्साइड एवं कैथल खदान से अनवरत रूप से काफी मात्रा में आ रहे पानी से डेढ़ दर्जन किसानों की कृषि भूमि में खेती करना बंद हो गया है। करीब 6 वर्षों से किसान अपने खेतों में बोनी का कार्य नहीं कर पा रहे हैं। नैकिन निवासी सतीश कुमार तिवारी तथा वेणीप्रसाद तिवारी द्वारा कलेक्टर की जनसुनवाई में 13 मई 2025 को आवेदन देकर कार्यवाही की गुहार लगाई गई। पीड़ित किसान ने कहा कि बाक्साइड एवं कैथल खदान मालिक कृष्णदास टीकाराम मेसर्स एवं पार्टनर अश्वनी गौतम द्वारा 120 एचपी मोटर एवं 50-50 एचपी के तीन-चार मोटर द्वारा खदान से पानी निकालकर उनके खेतों में फेंका जा रहा है। कारोबारी जहां बाक्साइड एवं कैथल निकालकर करोड़ों रुपए महीने कमा रहे हैं वहीं आसपास के किसान 6 वर्ष से दाने-दाने के लिए मोहताज हो चुके हैं। उनके खेतों में करीब 5 फिट पानी हमेंशा भरे रहने के कारण सरपट के जंगल तैयार हो गए हैं। जिला प्रशासन से 6 वर्ष की खेती के नुकसानी को दिलाने एवं खदान के पानी को खेतों में आने से बंद कराने की मांग की गई है। आवेदन में कहा गया है कि यदि भूमि के नीचे पाइन डालकर जल निकासी की व्यवस्था बना दी जाए तो खेती-किसानी का कार्य हो सकता है। पीड़ित किसान सतीश कुमार तिवारी द्वारा इससे पूर्व कमिश्नर रीवा के यहां भी आवेदन देकर बाक्साइड एवं कैथल खदान नैकिन के संचालक के मनमानी की गुहार लगाई गई थी। वहां आवेदन देने के बाद भी उस पर कोई सार्थक कार्यवाही न होने के कारण कलेक्टर की जन सुनवाई में अभी आवेदन देकर कार्यवाही की गुहार लगाई गई।

## तहसीलदार रामपुर नैकिन को मिली जांच

कलेक्टर की जन सुनवाई में नैकिन निवासी सतीश कुमार तिवारी पिता वेणी प्रसाद तिवारी की फरियाद पर इसे गंभीरता से लेते हुए तहसीलदार रामपुर नैकिन को जांच कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया गया है। तहसीलदार रामपुर नैकिन बाक्साइड एवं कैथल खदान से खेतों में फेंके जा रहे पानी का मौका निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे। जिससे पीड़ित किसानों को खदान के पानी से खेती-किसानी के कार्य में हो रही दिक्कतें समाप्त हों। खदान से हैवी मोटर पंपों के माध्यम से पानी समीपी खेतों में लापरवाही एवं मनमानी पूर्वक फेंकने का सिलसिला करीब 6 वर्षों से चल रहा है। खदान से हर समय आ रहे पानी के कारण आसपास के खेत तलैया में तब्दील हो चुके हैं। इस वजह से खेतों में बोनी का कार्य पूरी तरह से बंद हो चुका है। किसानों के पास खदान से लगे क्षेत्र में भूमि तो है लेकिन इसका उपयोग वह खेती-किसानी के काम में नहीं कर पा रहे हैं। लंबे समय से पीड़ित किसान खदान संचालक की मनमानी को लेकर अधिकारियों से फरियाद कर रहे हैं लेकिन इस पर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। इस वजह से खदान संचालक द्वारा मनमानी तौर पर खदान का पानी खेतों में फेंकने का सिलसिला जारी रखा गया है। खदान संचालक की मनमानी के चलते ड़ेढ दर्जन किसान सालों से काफी परेशान हैं।

# जेठ ने अपनी दो बहुओं पर कुल्हाड़ी से किया हमला एक की मौत

## पारिवारिक कलह का मामला आ रहा सामने

जागरण, लवकुशनगर



चंदला थाना क्षेत्र के बछौंन चौकी अंतर्गत देवरी गांव का मामला सामने आया हैं जहां एक परिवार में जेठ ने अपनी ही दो बहुओं पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। परिजनों द्वारा आनन फानन में दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लवकुश नगर लाया गया जहां डॉक्टर एस एस चौहान ने एक महिला को मृत घोषित कर दिया तो वही गंभीर रूप से घायल महिला का प्राथमिक उपचार कर छतरपुर रैफर कर दिया। मृतका अनीता पाल पति अखिलेश पाल उम्र लगभग 21 वर्ष सूत्रों की मानें तो मृतका अनीता पाल के पेट में 6 माह का गर्भ पल रहा था। तो वही घायल महिला संतोषी पाल पति राजाराम पाल उम्र लगभग 25 वर्ष निवासी ग्राम देवरी जिसका इलाज लवकुश नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में करवाया जा रहा है। प्राप्त जानकारी अनुसार मामला पारिवारिक विवाद का बताया जा रहा है जो बंटवारे को लेकर 4 भाइयों में आपसी तालमेल नहीं होने का बताया जा रहा है जिसको लेकर सभी में घरेलू कलह और विवाद की स्थिति बनी रहती थी जिसको लेकर बीते रोज शाम करीब 7:30 बजे जेठ कल्लू पाल ने घर के बाहर बैठी दो बहुओं पर कुल्हाड़ी से जोरदार हमला कर दिया। घटना की जानकारी लगते ही पुलिस ने मौके पर पहुंच कर आरोपी को गिरफ्तार कर मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना की सुवह डॉ एसपी शाक्यवार द्वारा मृतका अनीता पाल के शव का पोस्टमार्टम कर शव को परिजनों को सौंप दिया गया।

## एक बार फिर छतरपुर नौगांव के मऊसानिया में लव जिहाद का मामला

**छतरपुर।** छतरपुर जिले के नौगांव स्थित मऊ सानिया ग्राम पंचायत में एक 13 साल की बच्ची के साथ हुए लव जिहाद के मामले में आज पूरे मऊसानिया के व्यापारियों ने मऊ सानिया में अपने-अपने प्रतिष्ठान बंद कर विरोध दर्ज करवाया। इसी बीच मऊ सानिया सरपंच साक्षी सोनी के साथ सभी मऊ सानिया के लोग इकट्ठे होकर छतरपुर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अर्चना सिंह एवं छतरपुर के हिंदू संगठन के लोगों के साथ मिलकर छतरपुर जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक श्री अगम जैन को एक आवेदन सौंप कर मऊ सानिया में 13 साल की बच्ची के साथहुए लव जिहाद के मामले में मऊसानिया में एक चलने वाली लव जिहाद गैंग के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की और 13 साल की बच्ची जिसको एक मुस्लिम समाज का युवक भगा कर ले गया था पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया था इस मामले में आज छतरपुर अर्चना सिंह एवं मसानिया सरपंच एवं मऊ सानिया की जनता ने छतरपुर पुलिस का आभार जताया और प्रशासन से आगे लव जिहाद करने वाले लोगों को संरक्षण देने वाली गैंग के ऊपर कार्यवाही करने की मांग की!इस मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित रहे मऊ सानिया सरपंच साक्षी सोनी,छतरपुर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अर्चना सिंह,भाजपा नेता अप्पू राजा सोनी,भगवा बिग्रेड से सुरेंद्र शिवहरे,हिंदू प्रशांत महतो,राहुल मिश्रा,(संजू),सुधीर पांडेय,आशीष पाठक ,अभिषेक खरे बक़ील साहब,भाजपा नेता सुरेंद्र साहू,सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## जल गंगा संवर्धन अभियान में सिंघाड़ी नदी में सामूहिक श्रमदान किया गया

**छतरपुर।** कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन में जिले जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल स्त्रोतों के जीर्णोद्धार और साफ सफाई के लिए कार्य किए जा रहे है। इसी क्रम में नगरपालिका अध्यक्ष छतरपुर ज्योति चौरसिया एवं सीएमओ माधुरी शर्मा के नेतृत्व में बुधवार को सिंघाडी नदी पर घाटों की सफाई एवं नदी से जल कुम्भी निकालने के लिए श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सामूहिक रूप से किए गए श्रमदान से नदी की सफाई के लिए राष्ट्रीय चेतना विकास मंच एवं परमार्थ संस्था की जल सहेलियों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम मे मंच संयोजक एवं पूर्व सीएमओ डीडी तिवारी के साथ पूर्व सीएमओ निरंजन बाजपेई व जगदीश मिश्रा, परमार्थ संस्था से परियोजना समन्वयक अपूर्वा मिश्रा, समाजसेवी केएन सोमन, पूर्व बैंक प्रबंधक राकेश शर्मा, नाथूराम साहू, दिल्लाराम अहिरवार, स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर आनंद शर्मा ने सफाई अभियान में भागीदारी की। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी नीतेश चौरसिया के साथ स्वच्छता निरीक्षक संजेश नायक सहित अन्य नगरपालिका के कर्मचारियों द्वारा भाग लिया गया। इस अवसर पर तीन ट्राली कचरा भरकर कचरा प्रसंस्करण केंद्र भेजा गया। कबीर आश्रम के दुर्गा प्रसाद, सुरजीत कुमार, यशवेंद्र सिंह, राजेश अहिरवार, राकेश पांडेय, राम जानकी, पवन अहिरवार एवं सफाई मित्रों ने श्रमदान कर घाट के किनारे से कचरा इकट्ठा कर कचरा गाड़ियो में भरकर प्रसंस्करण केंद्र भेजा। नदी घाट पर गन्दे पानी के लिए शुद्धिकरण के लिए चूने का छिड़काव किया गया। सिंघाडी नदी के आसपास एवं दोनों किनारों पर नगरीय फारेस्ट विकसित करने की योजना का शुभारंभ विश्व पर्यावरण दिवस पर नगरपालिका द्वारा किया जाएगा। जिसमें पूर्वजों की याद में जन्मदिन एवं विवाह की वर्षगांठ पर लोग पौधे लगा सकेंगे।


**कार्यालय, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग डिण्डौरी, जिला डिण्डौरी (म0प्र0)**

नि.आ.सू. क्रमांक/04/व.ले.लि./2025-26 डिण्डौरी दिनांक 14.05.2025

**ऑनलाईन निविदा आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा केन्द्रीयकृत लो0नि0वि0 में पंजीकृत समस्त निविदाकारों को सूचित किया जाता है कि लो0नि0वि0 संभाग डिण्डौरी जिला डिण्डौरी के अंतर्गत निम्नलिखित कार्यो की ऑन लाईन निविदा पोर्टल **https://www.mptenders.gov.in** के माध्यम से आमंत्रित की गई है। कार्यो का विस्तृत विवरण बेबसाईट पर देखा जा सकता है :-

| ई-टेंडर नम्बर | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | अमानत राशि (रूपये में) | निविदा प्रपत्र (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की समयावधि | निविदा खोले जाने का स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2025_PWDRB_423222 | पी.एम.जी.एस.वाई. सडक चांदरानी से समनापुर अजगर सडक किकरिया तक मार्ग का निर्माण कार्य लंबाई 4.50 किमी. | 456.13 | 456130.00 | 15000.00 | 08 माह वर्षाऋतु सहित | कार्या. मुख्य अभियंता लो0नि0वि0 परिक्षेत्र जबलपुर |
| 2025_PWDRB_423223 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग डिण्डौरी एवं शहपुरा के अंतर्गत आने वाले मार्गो का मरम्मत कार्य (जोनल टेण्डर) | 50.00 | 50000.00 | 5000.00 | वित्तीय वर्ष 2025-26 | कार्या. मुख्य अभियंता लो0नि0वि0 परिक्षेत्र जबलपुर |

**निविदा की तिथि एवं शर्तें :-**

(1) ऑनलाईन निविदा प्रपत्र खरीदने की तिथि **14.05.2025 से 24.05.2025 सायं 5:30 बजे** तक है ।

(2) ऑनलाईन बिड सबमिट करने की अंतिम तिथि **24.05.2025 सायं 5:30 बजे** तक है ।

(3) टेण्डर डाक्यूमेंट, (e-EMD) तथा अन्य आवश्यक दस्तावेज केवल ऑनलाईन ही सबमिट किये जायेंगे। निविदा **दिनांक 26.05.2025** से खोली जावेगी ।

(4) संशोधन या शुद्धिपत्र सिर्फ वेबसाईट में अपलोड किये जावेंगे।

(5) निविदा प्रपत्र वेबसाईट **https://www.mptenders.gov.in** पर भुगतान उपरांत प्राप्त हो सकेंगे। अतिरिक्त जानकारी वेबसाईट पर टेण्डर डाक्यूमेंट में देखी जा सकती है।

(मोहपत सिंह धुर्वे)
कार्यपालन यंत्री
लो0नि0वि0 संभाग डिण्डौरी

G-12881/25


## अपराध की रोकथाम के लिए थानों के नंबर और व्हाट्सएप गोपनीय सेवा शुरू

**छतरपुर।** पुलिस अधीक्षक अगम जैन के निर्देश पर जिले के सभी थानों में जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाया जा सके। इसी क्रम में सिटी कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद दांगी और नगर पुलिस अधीक्षक अमन मिश्रा ने गोपालपुरा गांव के ग्रामीणों के साथ संवाद किया। संवाद के दौरान ग्रामीणों से आपस में अच्छे संबंध और व्यवहार बनाए रखने की अपील की गई। आपराधिक गतिविधियों को रोकने के लिए पुलिस ने वीट प्रभारी, थाना प्रभारी, पुलिस कंट्रोल रूम, पटवारी और तहसीलदार के मोबाइल नंबर सार्वजनिक किए। साथ ही, अपराध से संबंधित गोपनीय जानकारी साझा करने के लिए पुलिस का व्हाट्सएप नंबर जारी किया गया, जिसमें सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम गोपनीय रखने का आश्वासन दिया गया। सिटी कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद दांगी ने बताया कि इस जन संवाद का उद्देश्य ग्रामीणों और पुलिस के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करना है। अपराध रोकने के लिए जनता का सहयोग जरूरी है। गोपनीय जानकारी साझा करने वालों का नाम सुरक्षित रखा जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों से संदिग्ध गतिविधियों की तत्काल सूचना पुलिस को देने की अपील की। इस अवसर पर सीएसपी अमन मिश्रा, थाना प्रभारी अरविंद दांगी, वीट प्रभारी सहित पुलिस कर्मी और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# छतरपुर के गांधी आश्रम में चल रहा समर कैंप

## बच्चे सीख रहे योग, नृत्य और कला



**छतरपुर।** गांधी आश्रम में इन दिनों बच्चों के लिए समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें प्रतिदिन सुबह 6:30 से 10:30 बजे तक बच्चों को योग, ड्राइंग, डांस, संगीत, नाटक और अन्य गतिविधियों के माध्यम से शारीरिक और मानसिक विकास का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह कैंप 30 मई तक गांधी स्मारक निधि परिसर में चलेगा। कैंप में बच्चों को प्रशिक्षण दे रहे महेंद्र तिवारी ने बताया कि वर्ष 2005 से गांधी आश्रम में हर साल यह समर कैंप आयोजित किया जा रहा है। वह पिछले दो वर्षों से इससे जुड़े हैं। कैंप में बच्चों को योग, डांस, क्राफ्ट, पेंटिंग और अन्य रचनात्मक गतिविधियां सिखाई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि इस कैंप और गांधी आश्रम से प्रशिक्षित कई बच्चे आज विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा और हुनर का प्रदर्शन कर रहे हैं। यह कैंप बच्चों को न केवल कौशल सिखाता है, बल्कि उनके आत्मविश्वास और रचनात्मकता को भी बढ़ाता है। कैंप में शामिल बच्चे उत्साह के साथ विभिन्न गतिविधियों में भाग ले रहे हैं। आयोजन को लेकर स्थानीय अभिभावकों और बच्चों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। यह कैंप बच्चों की गर्मी की छुट्टियों को रचनात्मक और उपयोगी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

## मध्य प्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद के नवीन भवन का जल्द शुरू होगा निर्माण- श्री सैनी

**कटनी।** मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद शिकायत निवारण समिति कटनी की जिला प्रतिनिधि एडवोकेट अंजुला सरावगी बजाज ने जारी विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि मध्य प्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद के अध्यक्ष राधेलाल गुप्ता, उपाध्यक्ष व कटनी मंडला जिला प्रभारी आर.के. सिंह सैनी के अथक प्रयास के द्वारा मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद के नवीन भवन निर्माण कार्य के शिलान्यास हेतु मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव को पत्र प्रेषित कर जानकारी दी गई है कि मुख्यमंत्री से एक प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात 1 जुलाई 2024 को की थी जिसमें राधेलाल गुप्ता, आरती सिंह सैनी, डॉ विजय कुमार चौधरी शामिल थे जिस पर मुख्यमंत्री द्वारा निर्माण हेतु पूर्ण रूप से आश्वासन दिया गया था तथा नवीन भवन निर्माण हेतु पूर्ण मदद करने का वादा भी किया गया था। श्री सैनी ने बताया कि मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन से इंदौर स्थित कार्यालय में मुलाकात की गई थी जिस पर मुख्यमंत्री द्वारा हर संभव मदद का आश्वासन दिया गया था। इसके उपरांत मुख्यमंत्री ने दिनांक 4 मई 2025 को जबलपुर आकर परिषद के पदाधिकारी से मुलाकात भी की गई थी व एक पत्र प्रेषित भी किया था। जिस पर 7 मई 2025 को परिषद द्वारा मुख्यमंत्री को अधिवक्ता गण हेतु 400 चैंबर्स का निर्माण किया जाना है उनके द्वारा शिलान्यास किया जाने एवं परिषद भवन निर्माण हेतु आर्थिक सहायता के रूप में 50 करोड रुपए प्रदान किए जाने का अनुरोध भी किया गया है एवं अन्य विचार विमर्श कर मुलाकात किए जाने का समय भी मांगा गया है।


**कार्यालय कार्यपालन यंत्री (भवन)**
**लोक निर्माण विभाग, कला मंदिर रोड स्वागत भवन, रीवा (म.प्र.)**
PHONE No. 07662-406740 E-mail:-dpepiurewa@gmail.com

एन.आई.टी. नं. - 13/2025/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण/सीई/पी.डब्ल्यू.डी./भवन/1162 रीवा, दिनांक:- 06.05.2025

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है:-

| स. क्र. | पोर्टल टेण्डर क्र. | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनुमानित राशि (पी.ए.सी.) (रू. लाख में) | अमानत राशि (ई.एम.डी.) (रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) | कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित) | 90 प्रतिशत अविवादित भूमि प्राप्त एवं एमओयू निष्पादित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2025_PWPIU_421799_1 | मऊगंज जिला-मऊगंज में 6 नग सूट रूम, 02 नग आई टाईप और गार्ड रेस्ट हाऊस भवनों का निर्माण कार्य के साथ वाटर सप्लाई, सेनेटरी फिटिंग एवं विद्युतीकरण कार्य (प्रथम आमंत्रण) | रीवा | 261.89 | 261890.00 | 15000 | 12 माह | हां |
| 2 | 2025_PWPIU_421807_1 | सैनिक स्कूल रीवा,जिला रीवा में पी.पी.जी.आई. शेड (हैंगर) साईज 16.00 मीटर X 45.80 मीटर का निर्माण कार्य (प्रथम आमंत्रण) | रीवा | 79.95 | 79950.00 | 10000 | 06 माह | हां |
| 3 | 2025_PWPIU_421819_1 | आयुक्त कार्यालय रीवा में रिकार्ड रूम (जी+2) और गार्ड कैम्प भवनों का निर्माण कार्य (प्रथम आमंत्रण) | रीवा | 80.96 | 80960.00 | 10000 | 06 माह | हां |
| 4 | 2025_PWPIU_421820_1 | आयुर्वेद संस्थान कैम्पस रीवा में बाउंड्रीवाल का निर्माण कार्य (प्रथम आमंत्रण) | रीवा | 30.40 | 50000.00 | 5000 | 03 माह | हां |

1 निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट वेबसाईट http:// mptenders.gov.in पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2 निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन-लाईन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3 निविदा प्रपत्र केवल ऑन-लाईन दिनांक 13-05-2025 समय 10:00 से दिनांक 28-05-2025 समय 18:00 तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाईट पर देखी जा सकती है।
4 निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाईट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

G- 12873/25

कार्यपालन यंत्री (भवन)
लोक निर्माण विभाग, रीवा



**सूचना**

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरूरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।



**आवश्यकता है**

आफिस कार्य हेतु महिलाओं एवं लड़कियों की। योग्यता 10वीं, 12वीं मान्य, सैलरी 5000, कमीशन के साथ 10,000 से 15,000 महीना कमाएं।
पता : पीके स्कूल के पीछे हनुमान डेयरी आजाद नगर रीवा
संपर्क सूत्र : 7803062902, 8827006389

आरएन. 82093/(16/5)



**मैरिज गार्डन किराये से देना है**

कोष्ठा रीवा में मैरिज गार्डन किराये से देना है। इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें:-
संपर्क करें : 6260806864

आरएन. 82088/(15/5)



**लोन**

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट (एजेंट आमंत्रित) संपर्क - 8962086944


## आधार केंद्र पर सुबह 4 बजे से लग रही लाइन

**छतरपुर।** शहर के छत्रसाल चौराहे के पास स्थित पोस्ट ऑफिस के आधार केंद्र पर आधार कार्ड अपडेट और केवाईसी को लेकर भारी भीड़ उमड़ रही है। सुबह 4 बजे से लोग टोकन पाने के लिए लाइन में लग रहे हैं, जिसमें बच्चे भी शामिल हैं। दूर-दराज से आने वाले लोग घंटों इंतजार कर रहे हैं, लेकिन केंद्र की सीमित क्षमता के कारण कई को निराश लौटना पड़ रहा है। पोस्ट ऑफिस आधार केंद्र पर टोकन पाने के लिए सुबह तड़के से लाइनें लग रही हैं। आधार अपडेट और केवाईसी के लिए स्कूली बच्चों, किसानों और ग्रामीणों को विशेष परेशानी हो रही है। राशन कार्ड, स्कूल प्रवेश और सरकारी योजनाओं के लिए आधार अपडेट अनिवार्य होने से भीड़ बढ़ रही है। कई ग्रामीणों को बार-बार केंद्र के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से आधार केंद्रों की संख्या बढ़ाने की मांग की है। उनका कहना है कि अतिरिक्त केंद्र खोलने से आधार अपडेट की प्रक्रिया तेज होगी और लोगों को समय पर सुविधा मिलेगी।

## आग से सुरक्षा और बचाव को लेकर मॉकड्रिल किया

**छतरपुर।** फायर ब्रिगेड टीम द्वारा नगरपालिका छतरपुर प्रांगण में बुधवार को आग से सुरक्षा और बचाव को लेकर मॉकड्रिल किया। आयोजित फायर मॉकड्रिल में नगरपालिका कार्यालय के समस्त कर्मचारियों को आग की आपात स्थितियों के लिए तैयार रहने का प्रशिक्षण दिया। इस अभ्यास का उद्देश्य इन-हाउस टीम का आत्मविश्वास बढ़ाना था। कर्मचारियों ने निकासी प्रक्रियाओं अग्नि सुरक्षा उपकरणों के उपयोग और तुरंत प्रतिक्रिया करने के तरीके को समझा। इस दौरान लोगों को आग से कैसे सुरक्षित रहे और ऐसे समय में लोगों को कैसे आगजनी से बचाया जाए, इसको लेकर जागरूक किया।


**नाम सुधार सूचना**

मै दीपिका तिवारी पति श्री रविकांत द्विवेदी निवासी वार्ड नं. 10, विहाइंड इजीनियरिंग कॉलोनी तुलसी नगर रीवा तहसील हुजूर जिला रीवा म.प्र. की हूं और शपथपूर्वक कथन करती हूं मेरे पुत्री के अंकसूची में मेरा नाम दीपिका द्विवेदी एवं मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम दीपिका तिवारी (DIPIKA TIWARI) अंकित है, जो कि सही व सत्य है। उपरोक्त दोनो नाम दीपिका द्ववेदी एवं दीपिका तिवारी (DIPIKA TIWARI) मेरे स्वंय के ही यानी एक ही महिला के नाम है, जो कि सही व सत्य है। अत: मेरे पुत्री के अंकसूची व अन्य सभी दस्तावेजों में मेरा नाम दीपिका तिवारी (DIPIKA TIWARI) दर्ज किया जाए एवं पढ़ा, लिखा, व जाना जाए।

RN- 82246 दीपिका तिवारी



**नाम एवं जन्मतिथि सुधार सूचना**

मैं भूत पूर्व सिपाही विष्णु कुमार पटेल आर्मी नम्बर 10390932F Village & Post- Mahmoodpur,Tehsil - Sirmour, District-Rewa (M.P.) का निवासी हूँ। सेना के दस्तावेजों में मेरे पिता का नाम Sri Ramrsik Patel एवं जन्मतिथि 01.07.1954 एवं मेरी माता का नाम SMT ARUNA DEVI एवं जन्मतिथि 01.07.1959 लिखा है, जो कि गलत है। मेरे पिता का सही नाम Ramrasik Prasad Patel एवं जन्मतिथि 01.07.1960 (First July Nineteen Sixty) एवं माता का सही नाम Aruna Patel एवं जन्मतिथि 01.01.1963 (First January Nineteen Sixty Three) है। अब इन्हें इसी नाम व जन्मतिथि से लिखा पढ़ा व जाना जाय।

RN- 80500 विष्णु कुमार पटेल



**नाम सुधार सूचना/Name Correction Notice**

मैं बीरेन्द्र कुमार चौरसिया रैंक हवलदार आर्मी नं. 14659034Y सेवारत 6255 (i) Armd WKSP लेह लद्दाख में सेवारत हूं व ग्राम पो. खजुहा (कला) तह. गुढ़ जिला रीवा (म.प्र.) का मूल निवासी हूं। मेरे पुत्र का नाम मान्सू है जो बदलकर मान्सू चौरसिया लिखा, पढ़ा व बोला जाए।

I Net Beerendra Kumar Chaurasiya, Rank Havaldar, Army No. 14659034Y, village Khajuha (Kala), Tehsil Gurh, District Rewa (MP). Currently Posted at 6255 (i) Armd WKSP that my son name Mansu Changed from Mansu Chaurasia in my service records.

बीरेन्द्र कुमार चौरसिया
RN- 82243 Beerendra Kumar Chaurasia



**जन्मतिथि सुधार सूचना/D.O.B. Correction Notice**

मैं बीरेन्द्र कुमार चौरसिया रैंक हवलदार आर्मी नं. 14659034Y सेवारत 6255 (i) Armd WKSP लेह लद्दाख में सेवारत हूं व ग्राम पो. खजुहा (कला) तह. गुढ़ जिला रीवा (म.प्र.) का मूल निवासी हूं। मेरे आर्मी सेवा रिकार्ड में मेरे पिता श्री रामानुज चौरसिया की जन्मतिथि 01.01.1956 से बदलकर 01.01.1957 एवं माता श्रीमती रामबाई की जन्मतिथि 01.07.1958 से बदलकर 01.01.1957 कर दिया जाए।

I Net Beerendra Kumar Chaurasia Rank Havildar Army No. 14659034Y Working 6255 (i) Armd WKSP. Village Khajuha (Kala) Tehsil Gurh District Rewa (MP). Currently Posted at Leh Laddakh. That My Father Mr. Ramanuj Chaurasia. Changed Date of Birth 01.01.1956 Change to 01.01.1957 and mother name Mrs. Rambai Chaurasia Date of Birth 01.07.1958 change 01.01.1957 my Service Records.

बीरेन्द्र कुमार चौरसिया
RN- 82244 Beerendra Kumar Chaurasia



**महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता प्रशिक्षण केन्द्रों में प्रशिक्षण हेतु प्रवेश परीक्षा (ANMTST) 2025 (केवल लड़कियों के लिए) आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं**

आवेदन पत्र भरने की तिथि 15.05.2025 से 29.05.2025 तक

ऑनलाइन परीक्षा पद्धति समय सारणी

आवेदन पत्र में संशोधन करने की तिथि 15.05.2025 से 03.06.2025 तक

| संभावित परीक्षा दिनांक | परीक्षा की पाली | अभ्यर्थियों के लिए रिपोर्टिंग समय | उत्तर अंकित का समय |
|---|---|---|---|
| 18 जून 2025 से प्रारंभ | प्रथम | प्रात: 08:30 से प्रात: 09:30 बजे तक | प्रात: 10:30 से प्रात: 12:30 बजे तक (02 घंटे) |
| | द्वितीय | दोपहर 01:00 से दोपहर 02:00 बजे तक | दोपहर 03:00 से दोपहर 05:00 बजे तक (02 घंटे) |

**आवेदन पत्र भरने की प्रकिया एवं महत्वपूर्ण निर्देश :-**

1. परीक्षा के नियम, विभागवार रिक्त पदों की आरक्षण तालिकाएं एवं परीक्षा संचालन नियम से संबंधित विस्तृत नियमपुस्तिका मण्डल की वेबसाइट **www.esb.mp.gov.in** पर उपलब्ध रहेगी, जिसमें उल्लेखित समस्त नियमों/जानकारी का अध्ययन करके ही आवेदन पत्र भरा जावे।
2. वेबसाइट **www.esb.mponline.gov.in** के माध्यम से आवेदन पत्र भरा जा सकता है।
3. **संभावित परीक्षा शहर : भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, उज्जैन, सतना, सागर, रीवा एवं रतलाम**
4. **प्रवेश परीक्षा शुल्क***

| | |
|---|---|
| अनारक्षित अभ्यर्थियों के लिए | रुपये 400/- |
| केवल मध्यप्रदेश के मूल निवासी अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/ई.डब्ल्यू.एस. एवं दिव्यांगजन अभ्यर्थियों के लिए | रुपये 200/- |
| ऑनलाइन आवेदन- कियोस्क के माध्यम से ऑनलाइन भरने वाले अभ्यर्थियों हेतु एम.पी. ऑनलाइन का पोर्टल शुल्क | रुपये 60/- |
| अतिरिक्त रजिस्टर्ड सिटीजन यूजर के माध्यम से लॉगिन कर फार्म भरने पर पोर्टल शुल्क | रुपये 20/- |

**विशेष निर्देश :-**

1. अभ्यर्थी का आधार पंजीयन अनिवार्य है।
2. मण्डल द्वारा आयोजित परीक्षाओं में मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र लाना अनिवार्य होगा। मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र के रूप में अभ्यर्थी मतदाता पहचान पत्र, पैन कार्ड, ड्राईविंग लाईसेंस, आधार कार्ड, पासपोर्ट में से कोई एक को चयनित कर सकता है। यू.आई.डी.ए.आई. (UIDAI) के द्वारा सत्यपित (Veerify) होने पर ही ई-आधार मान्य होगा। मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र के अभाव में परीक्षार्थी को परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित किया जाएगा।
3. अभ्यर्थी को नियम पुस्तिका में विनिश्चित मूल परिचय पत्र के अतिरिक्त अपना आधार कार्ड/ई-आधार कार्ड की छायाप्रति/आधार नंबर/आधार VID की जानकारी लाना अनिवार्य है।
4. परीक्षा में प्रवेश के समय एवं परीक्षा के दौरान बहुस्तरीय बायोमेट्रिक सत्यापन अनिवार्य है। अत: जिन अभ्यर्थियों का आधार नंबर लॉक हैं वह परीक्षा दिनांक को परीक्षा केंद्र पर उपस्थिति के पूर्व आधार अनलॉक करवाना सुनिश्चित करें।
5. परीक्षार्थियों को परीक्षा में रिपोर्टिंग समय तक परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति होगी। इसके पश्चात विलम्ब से आने पर अभ्यर्थियों की प्रवेश की पात्रता नहीं होगी।
6. परीक्षा कक्ष में इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस यथा मोबाइल फोन, कैलकुलेटर, लॉग टेबल्स, डिजीटल घड़ी, नकल पर्चा एवं Sun Glasses (धूप का चश्मा) आदि का उपयोग पूर्णत: वर्जित है।
7. ऑनलाइन आवेदन-पत्र क्रमांक के द्वारा ही ऑनलाइन परीक्षा हेतु अभ्यर्थी अपना प्रवेश-पत्र प्राप्त कर सकते हैं। अत: आवेदन-पत्र क्रमांक आवश्यक रूप से संभाल कर रखें, जिसकी समस्त जिम्मेदारी आवेदक की ही होगी।
8. परीक्षा केंद्र पर आवेदक को परीक्षा हॉल में प्रवेश हेतु मण्डल वेबसाइट से डाउनलोड किये गये प्रवेश-पत्र साथ लाना अनिवार्य है।
9. किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा प्रारंभ होने के पश्चात् परीक्षा समाप्ति तक परीक्षा कक्ष छोड़ने की अनुमति नहीं होगी।
10. आवेदन-पत्र भरते समय उम्मीदवारों के किसी भी प्रमाण पत्र का परीक्षण मण्डल द्वारा नहीं किया जाकर नियुक्ति प्रकिया के दौरान सम्बंधित विभाग द्वारा किया जाता है। अत: कंम्प्यूटर आधारित (Online) परीक्षा में उम्मीदवारों की पात्रता (Eligibility) पूर्णत: प्रावधिक (Provisional) होगी।

**विशेष नोट : मण्डल अपनी सुविधानुसार परीक्षा तिथि/परीक्षा पाली/शहरों/केन्द्रों एवं अन्य बिन्दुओं में परिवर्तन कर सकता है।**

संचालक
**मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मण्डल**
'चयन भवन' मेन रोड नं.-1, चिनार पार्क (ईस्ट) भोपाल - 462011
Fax : +91-0755-2550498, Websit : www.esb.mp.gov.in

विज्ञापन क्र. 56/2025 म.प्र. माध्यम/120099/2025

# उत्कृष्ट विद्यालय प्रांगण अमरपुर में संपन्न हुआ मुख्यमंत्री कन्या विवाह के तहत सामूहिक विवाह समारोह

**कार्यक्रम में 256 वर वधु परिणय सूत्र से बंधे**

**आज बेटियां किसी से कम नहीं, प्रभारी मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी**



जागरण डिंडोरी

कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या के मार्गदर्शन में उत्कृष्ट विद्यालय प्रांगण अमरपुर में आज बुधवार को मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना के तहत सामूहिक विवाह समारोह संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में राज्यमंत्री नगरीय विकास एवं आवास विभाग एवं जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी, सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते, शहपुरा विधायक श्री ओमप्रकाश धुर्वे, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री रुद्रेश परस्ते, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री चमरू सिंह नेताम, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती अंजू ब्यौहार, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती ज्योति प्रकाश धुर्वे, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती शबनम बानो, सांसद प्रतिनिधि श्री नरेन्द्र राजपूत, जनपद अध्यक्ष श्री हन्नू सिंह पट्टा, जनपद सदस्य श्रीमती मालती तिवारी, श्री आकाश नामदेव, मंडल अध्यक्ष श्री कृष्ण कुमार मिश्रा, श्री अनिल साहू, सुदामा बर्मन, श्री राजेश कछवाहा, श्रीरामकुमार बनवासी, श्री अनिल मिश्रा, श्री तीरथ मूलचंदानी सहित कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या, पुलिस अधीक्षक श्रीमती वाहनी सिंह, सीईओ जिला पंचायत श्री अनिल कुमार राठौर, एसडीएम डिंडौरी सुश्री भारती मेरावी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अमित वर्मा, उप संचालक सामाजिक न्याय श्री श्याम सिंगौर, सीईओ जनपद पंचायत अमरपुर श्री लोकेश नरनोरे सहित अधिकारी कर्मचारी एवं अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। कार्यक्रम जनपद पंचायत अमरपुर, बजाग, मेंहदवानी एवं डिंडौरी के 256 वर-वधु परिणय सूत्र से बंधे। प्रशासन ने सभी युगलों को टोकन प्रदान करने की व्यवस्था की।

कार्यक्रम में नृत्य, गुदुम बाजा की रोचक प्रस्तुति दी गयी, विवाह पूरी हिन्दु रीति रिवाज से सम्पन्न हुए। बारात सामुदायिक भवन काली मंदिर बाजार चौक अमरपुर से निकलकर उत्कृष्ट विद्यालय/सीएम राइज विद्यालय प्रांगण मुख्य शादी समारोह में मुख्यमंत्री कन्या विवाह कार्यक्रम में शामिल हुए। प्रभारी मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने अपने उद्बोधन में मां नर्मदा के जयकारे के साथ वर वधु को आर्शीवाद सहित शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि हर परिवार के उन बेटियों को ध्यान में रखते हुए शासन ने योजनाओं को बनाया है। जिसमें बेटियों को जन्म से लेकर शिक्षा, विवाह के साथ-साथ हर क्षेत्र में आगे बढने की सुअवसर दी जा रहीं है। शासन की इन योजनाओं से हर गरीब आम आदमी को आगे लाने का प्रयास किया जा रहा है। और मंत्री ने कहा कि मैं संदेश देना चाहती हू, कि हर बेटियों को कभी किसी से कमजोर नहीं समझना चाहिए, बेटियां हर असंभव कार्य को संभव बना सकतीं हैं, चाहे युद्ध, अंतरिक्ष, वैज्ञानिक एवं हर क्षेत्र में आसमान छू रहीं है। साथ ही साथ मैं बेटियों से आग्रह करती हूँ, कि जब वर-वधु बंधन में बंध जाते हैं तो अर्धांग्नी बनकर एक एक दूसरे का जीवन साथी होते हैं। मैं वर वधु से पुनः अनुरोध करती हूँ, कि आप सभी अपने मां-बाप, सास-ससुर की आज्ञा का पालन करते हुए उनके हर उम्र में मदद और साथ निभाने का संकल्प लें। हम सब मिलकर आगे बढेंगे, और देश के विकास में भागीदारी बनेंगे।

सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत आयोजित इस भव्य सामूहिक विवाह समारोह में शामिल होकर मुझे अत्यंत हर्ष हो रहा है। यह योजना न केवल आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को सहायता प्रदान करती है, बल्कि सामाजिक समरसता और एकता का भी प्रतीक है। आज जिन नवदम्पत्तियों का विवाह हुआ है, उन्हें मैं शुभकामनाएं देता हूँ और उनके सुखद व समृद्ध दांपत्य जीवन की कामना करता हूँ। प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही यह योजना वास्तव में गरीब और वंचित वर्ग के लिए एक वरदान साबित हो रही है। हम सभी को मिलकर ऐसे आयोजनों को सफल बनाना चाहिए। कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत आयोजित इस सामूहिक विवाह समारोह में उपस्थित सभी नवविवाहित जोड़ों को हार्दिक बधाई देता हूँ। यह योजना समाज के उन वर्गों के लिए बहुत सहायक है, जो संसाधनों की कमी के कारण विवाह जैसे संस्कार को पूरे रीति-रिवाज़ों से नहीं कर पाते। राज्य सरकार की यह पहल सामाजिक न्याय और समानता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। ऐसे आयोजनों से समाज में एक सकारात्मक संदेश जाता है। मैं आयोजन समिति को धन्यवाद देता हूँ और नवदम्पत्तियों के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूँ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी, सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते, शहपुरा विधायक श्री ओमप्रकाश धुर्वे , कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में जोड़ों को प्रतीकात्मक के रूप में ग्राम पंचायत गाडासरई के वर-वधु ज्योति धुर्वे-राजकुमार श्याम एवं ग्राम सरहरी के सुरेन्द्र कुमार-लक्ष्मी देवी को 49,000/- का चैक प्रदान किया गया, एवं 256 वर-वधुओ को ऑनलाइन उनके बैंक खाते में राशि प्रदान की गई। मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना के तहत सामूहिक विवाह समारोह में दोनों पक्ष के लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में परिवारजनों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई थी। सभी के भोजन के पश्चात् कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हुआ। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के सामूहिक विवाह समारोह में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कि वर-बधुओं को शुभकामनाएं दी।

# 56.64 लीटर अवैध देशी-विदेशी मदिरा जप्त




**जागरण मंडला।** कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा के निर्देशन में मदिरा के अवैध संग्रहण, परिवहन एवं विक्रय के विरुद्ध सतत कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में वृत मण्डला के ग्राम नांदिया से बहेंगा रोड पर गश्त के दौरान सुनहरे रंग की मारुति 800 को संदेहास्पद स्थिति में रोककर तलाशी ली गई। इस दौरान अंशुल मोंगरे निवासी राधाकृष्ण वार्ड मण्डला एवं सौरभ उर्फ शंशाक पटेल सरदार पटेल वार्ड मण्डला के वाहन के पीछे सीट पर एवं डिक्की में देशी, विदेशी मदिरा 56.64 बल्क लीटर रखा होना पाया गया। मदिरा एवं गाड़ी को जप्त कर उक्त दोनों आरोपियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(क) एवं 34(2)अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। जप्त मदिरा एवं गाड़ी की अनुमानित कीमत 240000 रुपए है। उक्त दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया।

# जमीन विवाद में छोटे भाई ने बड़े भाई के परिवार पर किया हमला, गंभीर रूप से घायल

**घटना थाना देवलोंद अंतर्गत ग्राम झिरिया व गोपालपुर की, जमीन के बंटवारे को लेकर फैला तनाव**

**देवलोंद।** ग्राम झिरिया निवासी ददन प्रसाद बैस (पिता बाबूलाल बैस, उम्र 53 वर्ष), उनका पुत्र रोहित बैस (उम्र 25 वर्ष), पत्नी मुन्नी बैस (उम्र 50 वर्ष) एवं माता बुद्धी बैस (उम्र 75 वर्ष) ने देवलोंद थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि समीप ग्राम गोपालपुर निवासी राजमणि बैस (पिता बाबूलाल बैस, उम्र 50 वर्ष), उनका पुत्र दीपक बैस (उम्र 47 वर्ष) एवं सावित्री बैस ने मिलकर उन पर जानलेवा हमला किया।

ददन प्रसाद बैस ने बताया कि उनकी मां बुद्धी बैस उनके साथ ग्राम झिरिया में रहती हैं। छोटा भाई राजमणि बैस पहले ही गोपालपुर में अपने हिस्से की भूमि लेकर अलग हो चुका है, लेकिन वह मां को मिली जमीन पर भी जबरन कब्जा करना चाहता है। जब राजमणि बैस खेत में नुकसान कर रहा था, तब ददन प्रसाद, रोहित और मुन्नी बैस ने विरोध किया। विरोध करने पर राजमणि, दीपक एवं सावित्री बैस ने टांगा, नाखून और दांत से हमला कर दिया। हमले में ददन प्रसाद बैस के हाथ में चोट आई, रोहित बैस के हाथ को मुंह से काटा गया, और मुन्नी बैस के गले व हाथ पर नाखून से गहरी खरोंचें आईं। आरोप है कि उन्होंने गला दबाकर जान से मारने की कोशिश भी की। थाना देवलोंद में घटना की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और घायलों की मेडिकल जांच (एम.एल.सी.) कराई गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# चड्डा ऑटोनॉमस कॉलेज के एलएलबी प्रथम सेमेस्टर का शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम

**कटनी।** कटनी आर्ट्स एण्ड कामर्स चड्डा ऑटोनॉमस कॉलेज के प्राचार्य डॉ जय चड्डा ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर द्वारा एलएलबी प्रथम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें उक्त महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विश्वविद्यालयीन मेरिट लिस्ट में स्थान बनाते हुए तथा कटनी शहर का नाम रोशन करते हुए परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जिसमें एलएलबी प्रथम सेमेस्टर में प्रथम स्थान पूर्वी गांगरा, द्वितीय स्थान सोनाली रावलानी एवं तृतीय स्थान एकता गुप्ता ने प्राप्त किया। चड्डा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के डायरेक्टर देवाशीष चड्डा एवं महाविद्यालय प्राचार्य डॉ जय चड्डा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं, उनके अभिभावकों को ढेर सारी शुभकामनाऐं दी तथा छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की, साथ ही साथ विधि विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. गोपाल उपाध्याय, विधि सहायक प्राध्यापिका डॉ.ऋतिका साहनी आहूजा, विधि सहायक प्राध्यापिका माला उपाध्याय, विधि सहायक प्राध्यापिका हेमलता पटेल, विधि सहायक प्राध्यापक जीतेन्द्र उपाध्याय की कड़ी मेहनत से छात्र छात्राओं को यह सफलता प्राप्त हुई है। श्रेष्ठ शिक्षण पद्धति कोर्ट, पुस्तकालय, न्यायालय के शैक्षणिक भ्रमण, सेमिनार, कार्यशाला का आयोजनए श्रेष्ठ शैक्षणिक वातावरण के कारण ही महाविद्यालय का श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम आया है।

# प्रभारी मंत्री प्रतिमा बागरी की अध्यक्षता में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न



**जागरण डिंडोरी।** नगरीय विकास एवं आवास विभाग की राज्यमंत्री तथा डिंडौरी जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय निर्माण एवं विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में शहपुरा विधायक श्री ओमप्रकाश धुर्वे, कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या, पुलिस अधीक्षक श्रीमती वाहनी सिंह, डीएफओ श्री हरिओम, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री रूद्रेश परस्ते, नगर परिषद डिंडौरी अध्यक्ष श्रीमती सुनीता सारस, नगर परिषद डिंडौरी अध्यक्ष श्रीमती शालिनी अग्रवाल, जनपद पंचायत शहपुरा अध्यक्ष श्रीमती प्रियंका आर्मो, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री चमरू नेताम, सांसद प्रतिनिधि श्री नरेन्द्र राजपूत, नगर परिषद डिंडौरी उपाध्यक्ष श्रीमती सारिका नायक, पार्षद श्रीमती रूपाली जैन, श्री भागीरथ उरैती, श्रीमती वर्षा वर्मन, श्री ज्योतिरादित्य भलावी, डिप्टी कलेक्टर श्री वैधनाथ वासनिक सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी.कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में नगर निकाय डिंडौरी क्षेत्रान्तर्गत नर्मदा नदी में मिल रहे 07 गंदे पानी के नालों को रोकने के लिए एम.पी.यू.डी.सी. द्वारा 10 करोड़ रुपये की लागत का प्रस्ताव शासन को प्रेषित करने की जानकारी दी गई। वहीं नगर परिषद के नवीन कार्यालय भवन हेतु भूमि आवंटन की प्रक्रिया लंबित होने की जानकारी दी गई। साथ ही नगर विकास के लिए रखे गए मुख्य प्रस्तावों में 01 फायर ब्रिगेड, 01 स्काई लिफ्ट वाहन, 01 जेसीबी, 02 ट्रैक्टर एवं 05 कचरा वाहन की आवश्यकता, नर्मदा पुल के समीप हरिद्वार की हर की पौड़ी के तर्ज पर चैनल गेट/डैम निर्माण का 5 करोड़ रुपये, पेयजल व्यवस्था हेतु 2.5 एमएलडी वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, 2 एमएलडी जीएसआर, इंटेक वेल, रॉ वॉटर डीआई लाइन आदि, रोड एक्सटेंशन, फूटपाथ, चौराहों के सौंदर्यीकरण, एमआरएफ सेंटर के विकास व ऑफिस निर्माण शामिल हैं। बैठक में नर्मदा नदी के संरक्षण और घाटों के सौंदर्यीकरण पर विस्तृत चर्चा की गई। घाटों के दोनों ओर बैगा संस्कृति पर आधारित सजावट, चेंजिंग रूम, सार्वजनिक शौचालय निर्माण, और सघन वृक्षारोपण के प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए। इसके साथ ही नर्मदा मंदिर के पीछे स्थित नीलम धर्मशाला को नगर परिषद को सौंपने, मंदिर के ऊपर से हाई टेंशन लाइन हटाने और परिक्रमा वासियों के लिए धर्मशाला निर्माण का प्रस्ताव भी शामिल रहा।

**स्वच्छता और प्लास्टिक प्रतिबंध पर निर्देश**

प्रभारी मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने जिले में पॉलीथिन/प्लास्टिक के उपयोग पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी दुकानदार अपनी दुकानों में डस्टबिन रखना सुनिश्चित करें ताकि स्वच्छता बनी रहे। उन्होंने चल रहे सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट कार्य की समीक्षा करते हुए गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर जोर दिया तथा कार्य पूर्ण होने के बाद ही भुगतान किए जाने के निर्देश दिए। सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट कार्य में लापरवाही पर उपयंत्री को नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए।

**विभागीय कार्यों की समीक्षा**

बैठक में जल संसाधन विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, कृषि विभाग, नगर परिषद, जिला पंचायत, खनिज विभाग और नर्मदा विकास संभाग के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई और प्रस्तुत पालन प्रतिवेदन का अवलोकन किया गया।

# डिण्डौरी की अदिति कौशल बनीं सीबीएसई हाईस्कूल परीक्षा की टॉपर

**94.02 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में किया टॉप**



**जागरण डिंडौरी।** कहते हैं कि पूत के पांव पालने में ही दिख जाते हैं, और इस कहावत को सच कर दिखाया है एमटीएसएस स्कूल डिण्डौरी की होनहार छात्रा अदिति कौशल ने। सीबीएसई हाईस्कूल परीक्षा में अदिति ने 94.02 प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल और जिले में पहला स्थान प्राप्त किया है। उनकी इस उत्कृष्ट सफलता पर जिलेभर में खुशी की लहर है। अदिति की इस उपलब्धि पर स्कूल के प्रिंसिपल और शिक्षकों ने उन्हें बधाई दी। वहीं, अदिति के माता-पिता ङ्क माता अनीता कौशल और पिता शिवकुमार कौशल (जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, डिण्डौरी) ने मिठाई खिलाकर अपनी पुत्री की मेहनत और लगन को सराहा और गर्व जताया।

कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने भी अदिति को इस शानदार उपलब्धि पर शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि अदिति की यह सफलता जिले के लिए गौरव का विषय है और अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत भी। अदिति ने बताया कि उसने कक्षा 10वीं में प्रवेश करते ही बोर्ड परीक्षा की गंभीरता को समझते हुए नियमित पढ़ाई शुरू कर दी थी। वह परीक्षा के दिनों में टाइम टेबल बनाकर प्रतिदिन 4 से 5 घंटे तक पढ़ाई करती थीं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों और माता-पिता को दिया, जिनका उन्हें निरंतर मार्गदर्शन और सहयोग मिला। जब अदिति से पूछा गया कि क्या उन्हें इतने अच्छे अंकों की उम्मीद थी, तो उन्होंने कहा कि अच्छे अंकों की उम्मीद तो थी, लेकिन जिले की टॉपर बन जाएंगी, ऐसा उन्होंने नहीं सोचा था। अदिति का सपना है कि वह डॉक्टर बनकर देश की सेवा करें और लोगों की मदद करें। डिण्डौरी जिले की इस मेधावी छात्रा ने न केवल अपने माता-पिता, स्कूल और जिले का नाम रोशन किया है, बल्कि जिले की अन्य छात्राओं के लिए भी प्रेरणा का कार्य किया है।

# जल जीवन मिशन बना दिखावा, हैण्ड पम्प से निकलता है रिस रिस कर पानी

**जागरण, डिंडोरी।** डिण्डौरी जिले के विकासखंड के अन्तर्गत आने वाले ग्राम पंचायत अझवार के ग्रामीण इन दिनों भीषण जल संकट का सामना कर रहे हैं। सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन की वास्तविकता यहाँ धरातल पर कुछ और ही कहानी बयां कर रही है।

ग्रामवासी बताते हैं कि मई माह में प्राकृतिक जल स्त्रोत पूरी तरह सूख चुके हैं और हैंडपंपों से भी केवल रिस-रिस कर पानी निकल रहा है, जो जरूरत के मुकाबले बेहद कम है। जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्राम में पानी की टंकी तो बन गई है, पाइपलाइन भी कुछ हिस्सों में बिछा दी गई है, लेकिन अब तक ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल की आपूर्ति शुरू नहीं हो पाई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि पहले टेस्टिंग के नाम पर कुछ समय के लिए जलापूर्ति की गई थी, लेकिन पिछले डेढ़-दो महीनों से वह भी पूरी तरह बंद है। पहले गर्मियों में टैंकरों के माध्यम से जल आपूर्ति की जाती थी, लेकिन अब वह व्यवस्था भी इस अधूरी योजना की भेंट चढ़ गई है।


जल संकट के कारण ग्रामीण नदी किनारे झिरिया खोदकर किसी तरह पानी जुटा रहे हैं। तेज गर्मी के चलते जलस्तर लगातार गिरता जा रहा है और लोगों की चिंता बढ़ती जा रही है कि आगे क्या होगा। ग्रामीणों का कहना है कि जल जीवन मिशन के तहत पिछले ढाई साल से कार्य चल रहा है, लेकिन लाखों रुपये खर्च करने के बावजूद भी उन्हें मूलभूत सुविधा ङ्क शुद्ध पेयजल नहीं मिल पा रही है। लोग शासन-प्रशासन से जल्द से जल्द इस गंभीर समस्या का समाधान करने की मांग कर रहे हैं।



# अनुविभाग का सिविल डिफेंस प्लान बनाएं सभी एसडीएम : कलेक्टर

**जागरण मंडला।** जिला योजना भवन में आयोजित बैठक के दौरान कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने सभी अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले में आपदा की स्थिति के लिए सिविल डिफेंस प्लान तैयार किया गया है। इसी तर्ज पर एसडीएम अपने अनुविभाग का सिविल डिफेंस प्लान तैयार करें। सिविल डिफेंस प्लान में सभी 12 आवश्यक सेवाओं को शामिल करते हुए एसओपी तैयार करें। उन्होंने निर्देशित किया कि मौजूदा स्थिति में यह अत्यंत आवश्यक है कि हम किसी भी तरह के आपदा से निपटने के लिए पूर्व तैयारी रखें। इसके लिए पुल, सड़क, संचार सेवा, केजुअल्टी की स्थिति में घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाने तथा हॉस्पिटल में आवश्यक सेवाओं के लिए तैयारियां करें। आवश्यकतानुसार इसकी मॉकड्रिल भी कराएं। क्षेत्र में इसके लिए वॉलेंटियर्स के रजिस्ट्रेशन भी कराए जा रहे हैं। सभी ग्राम पंचायत स्तर तथा निकाय के प्रत्येक वार्ड में वॉलेंटियर्स का रजिस्ट्रेशन आवश्यक रूप से कराएं। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर श्री अरविंद सिंह, अपर कलेक्टर श्री जेपी यादव, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ सहित समस्त एसडीएम उपस्थित रहे।

## 42 वर्षीय महिला रहस्यमय ढंग से लापता, पति ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट



**देवलोंद।** थाना देवलोंद क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुम्हिया निवासी 42 वर्षीय गुड़िया कुशवाहा 11 और 12 मई 2025 की दरम्यानी रात को अपने घर से अचानक लापता हो गईं। परिजनों द्वारा काफी खोजबीन के बाद भी उनका कोई सुराग नहीं मिला, जिसके बाद 13 मई को उनके पति राम प्रताप कुशवाहा, पुत्री प्रीति कुशवाहा (उम्र 20 वर्ष) और माता सुशीला कुशवाहा द्वारा थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। गुमशुदा महिला के दो पुत्र एवं एक पुत्री हैं। उनके बारे में बताया गया कि उनका रंग सावला, कद लगभग पांच फीट, शरीर सामान्य है, और वे घटना के समय नीले रंग की साड़ी पहने हुए थीं। वे क्षेत्रीय भाषा बोलती हैं। परिजनों ने मोहल्ले व आसपास के नाते-रिश्तेदारों के घरों में जाकर तथा फोन के माध्यम से भी पता लगाने का प्रयास किया।

# सीएम हेल्पलाईन की शिकायतों के संतुष्टिपूर्वक निराकरण पर फोकस करें : कलेक्टर



**जागरण मंडला।** कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने जिला योजना भवन में समय-सीमा एवं विभागीय समन्वय समिति की बैठक में कहा कि सीएम हेल्पलाईन में जिले की रैंकिंग जारी होने में मात्र 6 दिवस का समय शेष है। सभी विभाग प्रमुख सीएम हेल्पलाईन की शिकायतों के संतुष्टिपूर्वक निराकरण पर फोकस करें, जिससे वेटेज स्कोर बढ़े और जिले की रैंकिंग को बेहतर किया जा सके। उन्होंने विभाग प्रमुखों को निर्देशित करते हुए कहा कि लम्बित शिकायतों के संख्या के अनुपात में दैनिक आधार पर लक्ष्य तय करते हुए फॉलोअप करें। वर्तमान में 1253 शिकायतें लम्बित हैं। आगामी 5 दिवस में इन शिकायतों की संख्या निराकरण कराते हुए कम कराएं। जिन विभागों में 20 से कम शिकायतें बची हैं वह 2 दिवस में सभी शिकायतों को निराकृत कराएं। राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि राजस्व में बड़ी संख्या में शिकायतें लम्बित हैं। सभी एसडीएम दैनिक आधार पर समीक्षा करते हुए शिकायतों का निराकरण कराएं।

कलेक्टर ने निर्देशित किया कि समाधान ऑनलाईन के एट्रीब्यूट्स को ध्यान से पढ़ें एवं इससे संबंधित शिकायतें बंद कराएं। उन्होंने अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सीमांकन की शिकायतें बड़ी संख्या में लंबित हैं यह समाधान का बिन्दु भी होता है इसलिए सीमांकन की शिकायतों पर ध्यान देते हुए इन्हें समय पर बंद कराएं। श्रम विभाग की शिकायतों का निकायवार क्लासीफाई करते हुए निकायवार फॉलोअप करें। उपार्जन के संबंध में समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देशित किया कि गेहूँ खरीदी का कार्य पूर्ण होकर एक सप्ताह से ज्यादा का समय हो चुका है इसके बाद भी अभी तक परिवहन पूरा नहीं किया गया है, आगामी 4 दिवस में परिवहन का कार्य शतप्रतिशत कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने उपसंचालक कृषि को निर्देशित किया कि खराब मौसम के कारण उपार्जन केन्द्रों में गीले हुए अनाज की रिपोर्ट प्रस्तुत करें। परिवहन किए हुए अनाज की गोदामों से स्वीकृति कराते हुए भुगतान का प्रतिशत बढ़ाएं। कृषकों का भुगतान किसी भी कारण से लंबित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि परिवहनकर्ता समय पर परिवहन नहीं कराता तो नियमानुसार जुर्माने की कार्यवाही करें। कलेक्टर ने कहा कि उच्च न्यायालय के अवमानना के प्रत्येक प्रकरण में कम्पलाईंस कराएं। यदि कम्पलाईंस शासन स्तर से कराया जाना है तो अर्धशासकीय पत्र लिखवाएं। इसी प्रकार रिट पिटिशन के प्रकरणों में भी समुचित जवाब लगाएं। संबंधित जवाब की एक प्रति जिला शाखा में भी प्रस्तुत करें। बैठक में समग्र ई-केवाईसी, खाद्यान्न ई-केवाईसी, सीएम डैशबोर्ड, प्रभारी मंत्री को भेजी जाने वाली जानकारी, धरती आबा, जनमन, वनाधिकार, सिकिल सेल, जल गंगा संवर्धन आदि विषयों पर समीक्षा करते हुए विस्तृत निर्देश दिए गए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर श्री अरविंद सिंह, अपर कलेक्टर श्री जेपी यादव, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ सहित समस्त एसडीएम उपस्थित रहे।

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

# भारत-पाक संघर्ष विराम पर राजनीति उचित नहीं

युद्धविराम पर भी सियासत शुरू हो गई है। आप युद्धविराम कहें या संघर्षविराम मान लें। सैन्य संचालन महानिदेशक (डीजीएमओ) लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने पाकिस्तान के साथ टकराव की स्थितियों और घटनाओं को युद्ध से कम नहीं आंका है। प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने युद्धविराम को 'अप्रत्याशित' करार दिया है और कई सवाल भी उछाले हैं। कांग्रेस मुख्यालय के बाहर एक पोस्टर चिपका दिया गया है-'इंदिरा गांधी बनना आसान नहीं है।' इस वाक्य में निहित राजनीति को आसानी से पढ़ा-समझा जा सकता है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी को चिट्ठी लिख कर मांग की है कि संसद का विशेष सत्र बुलाया जाए। उसमें पहलगाम आतंकी हमले, नरसंहार, 'ऑपरेशन सिंदूर' और अप्रत्याशित युद्धविराम पर चर्चा करना जन-प्रतिनिधियों का अधिकार है। देश भी घटनाक्रम की गहराई तक जाना चाहता है। एमआईएम सांसद ओवैसी को युद्धविराम पर आपत्ति नहीं है। मानना है कि भारत के संदर्भ में अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप कौन होते हैं? वह भारत-पाकिस्तान के बीच टांग क्यों फंसा रहे हैं? भारत अमरीका का मित्र देश है, मोहताज नहीं है। ट्रंप इस गलतफहमी में न रहें कि प्रधानमंत्री मोदी उनकी हर बात आंख मूंद कर मान लेंगे। भारत का अपना राष्ट्रीय विवेक है। बहरहाल संसद सत्र बुलाने की मांग गलत या अतिशयोक्ति नहीं है। संकट अभी टला नहीं है, सिर्फ युद्धविराम हुआ है, पाकिस्तान का रुख अभी लगातार देखा जाना है, लिहाजा सरकार और विपक्ष जिस तरह एकजुट रहे हैं, अब भी वही रवैया अपेक्षित है। युद्धविराम की

> **लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी को चिट्ठी लिख कर मांग की है कि संसद का विशेष सत्र बुलाया जाए। देश भी घटनाक्रम की गहराई तक जाना चाहता है।**

घोषणा डीजीएमओ ही करते रहे हैं। वह उनका संवैधानिक जनादेश है। डीजीएमओ को भी, अंततः, प्रधानमंत्री से ही निर्देश मिलते हैं। डीजीएमओ ने पाकिस्तान के समकक्ष के अनुरोध पर, अंततः, युद्धविराम की सहमति दी। राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत-पाक के बीच युद्धविराम का फैसला नहीं लिया। ट्रंप का भारत और पाकिस्तान को एक ही तराजू में, बराबर-बराबर, तोलना ही गलत और भ्रामक है। एक तरफ दुनिया का सबसे विराट लोकतंत्र और दूसरी तरफ नाकाम लोकतंत्र, फौज का परोक्ष शासन, क्या दोनों में तुलना हो सकती है? भारत हर संदर्भ में पाकिस्तान से दसियों गुना आगे और विकसित है।

दरअसल ट्रंप 'सौदेबाज राष्ट्रपति' हैं। वह यमन पर बमबारी भी करा सकते हैं और हूतियों के साथ बातचीत को भी तैयार हैं। वह हमास के साथ भी संवाद कर सकते हैं, लेकिन गाजा पट्टी पर कब्जा करना चाहते हैं। अमरीका अतीत में भी भारत का मूल्यांकन इसी आधार पर करता रहा है। वह भारत को 'शक्तिशाली देश' के तौर पर नहीं देखना चाहता। इन स्थितियों में न तो युद्धविराम पर राजनीति उचित है और न ही प्रधानमंत्री के तौर पर इंदिरा गांधी और नरेंद्र मोदी की तुलना की जानी चाहिए। बहरहाल संसद का सत्र फिर भी बुला लिया जाए, तो हम उसे उचित कदम कह सकते हैं।

प्रसंगवश

# 'मिट्टी-मलबा' हो गया, तब घुटनों पर आया पाकिस्तान

भारत और पाकिस्तान के बीच युद्धविराम को पूर्णतः लागू करने का सच अभी सामने आना है। दरअसल कहा जा रहा है कि भारतीय सेनाओं के घातक प्रहारों से जब पाकिस्तान के 6 महत्वपूर्ण एयरबेस और एयर डिफेंस, रडार सिस्टम और करीब 25 फीसदी वायुसेना का बुनियादी ढांचा तबाह हो गया, 'मिट्टी-मलबा' हो गया, तब पाकिस्तान को घुटनों पर आना पड़ा। दूसरी ओर अमरीका को खुफिया सूत्रों से लीड्स मिल रही थीं कि यह टकराव, अंततः, लंबे युद्ध में तबदील हो सकता है। अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप की पोस्ट सार्वजनिक होने से पहले ही शनिवार सुबह 9 बजे पाकिस्तान के डीजीएमओ मेजर जनरल कशीफ अब्दुल्ला ने भारत के समकक्ष लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई को फोन कर युद्धविराम की गुहार लगाई थी। अपराह्न 3.35 बजे दोनों अधिकारियों ने 'हॉटलाइन' पर एक बार फिर बातचीत की और युद्धविराम की शुरुआती सहमति बनी। बेशक अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप इस युद्धविराम में मध्यस्थता का श्रेय लेते रहें, लेकिन न तो भारत सरकार यह मध्यस्थता मानती है और न ही देश का आम नागरिक यकीन करता है। भारत-पाक में सीधे ही बात हुई। पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने पहले युद्धविराम की घोषणा की। उसके बाद हमारे विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसकी घोषणा पर सहमति जताई। शनिवार 5 बजे युद्धविराम लागू होने का भी ऐलान किया गया, लेकिन यह अर्द्धसत्य ही साबित हुआ। जैसे ही शनिवार की रात उतरने लगी, तैसे ही पाकिस्तान की फितरत बेनकाब होने लगी। पाकिस्तान ने लगातार ड्रोन हमले किए। इस बार निशाने पर श्रीनगर के सेना मुख्यालय और एयरपोर्ट थे। ऐतिहासिक 'लाल चौक' के आसमान में भी ड्रोन देखे गए। धमाके गूंजने लगे। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला को टिप्पणी करनी पड़ी-'यह कैसा सीजफायर है! विस्फोट की आवाजें सुनाई दे रही हैं। एयर डिफेंस सिस्टम एक्टिव हो गया है। यह युद्धविराम नहीं है।' जम्मू-कश्मीर के कुछ इलाकों से लेकर पंजाब और राजस्थान के कई शहरों और गुजरात के कच्छ तक पाकिस्तान ने ड्रोन हमले कर सेना के ठिकानों और आम नागरिक जिंदगी को निशाना बनाने की कोशिश की। अंततः नाकाम रहा और उसके हमलों को हवा में ही नष्ट कर दिया गया। क्या युद्धविराम का सच यही है? गंभीर सवाल यह है कि क्या भारत ने आतंकवाद के खिलाफ अपना तय लक्ष्य हासिल कर लिया है? भविष्य में देश में आतंकी हमला होगा, तो क्या उसे वाकई 'युद्ध' करार देते हुए भारत पलटवार करेगा? बेशक भारतीय सेनाओं ने जिस तरह आतंकियों के अड्डे 'मिट्टी-मलबा' किए हैं और 100 से अधिक आतंकियों को मौत के घाट उतारा है, वह निश्चित ही विराट सफलता है, लेकिन आतंकियों का आका पाकिस्तान बच गया है। बहुत कुछ मिट्टी में मिलाया नहीं जा सका। पाकिस्तान की वायुसेना का बर्बाद ढांचा फिर से खड़ा किया जा सकता है। चीन और तुर्किये की मदद से एयर डिफेंस, रडार सिस्टम और अन्य सुरक्षा बंदोबस्त दोबारा हासिल किए जा सकते हैं। आईएमएफ ने पाकिस्तान का एक अरब डॉलर का कर्ज मंजूर कर दिया है। हालांकि यह राशि हथियारों के लिए नहीं है। चीन और तुर्किये उधार पर भी मदद कर सकते हैं। फिलहाल भारत के पास सटीक मौका था। लड़ाई का ऐसा मोर्चा निकट भविष्य में बनना असंभव है। इस बार पाकिस्तान की सेना को छिन्न-भिन्न किया जा सकता था। बल्कि उसे सेनाविहीन की स्थिति में लाया जा सकता था।पाकिस्तान जैसे आतंकी और गैर-जिम्मेदाराना देश से 'परमाणु शक्ति' छीनने के प्रयास भी किए जा सकते थे। 'इस्लामी परमाणु बम' की अवधारणा के खिलाफ भारत विश्व-मत तैयार कर सकता था। एक सिरफिरा और आत्मा से 'रक्तबीज' जैसा देश कभी भी परमाणु हथियारों का दुरुपयोग कर सकता है।

> **भारतीय सेनाओं के घातक प्रहारों से जब पाकिस्तान की करीब 25 फीसदी वायुसेना का बुनियादी ढांचा तबाह हो गया, 'मिट्टी-मलबा' हो गया, तब पाकिस्तान को घुटनों पर आना पड़ा।**

## आतंक की छाती पर तिरंगा गाड़ते ही सीजफायर

# मोदी की लाजवाब रणनीति

**भारतीय** लोकतंत्र में पक्ष और विपक्ष एक ही गाड़ी के दो पहिये होते हैं। और चाहे वह देश हो अथवा घर हो या समाज, उसे सुचारु रूप से चलाये रखने के लिये जरूरी है कि उसकी गाड़ी के दोनों पहिये एक साथ सही दिशा में चलें।

देश की आंतरिक राजनीति में तो राजनैतिक मतभेद सत्ताधारी और विरोधी दल में होना सहज स्वाभाविक हैं, क्यों कि यहां संघर्ष वोटों का होता है और वोट भारतीय जनमानस के मत से मिलते हैं। लेकिन इसका कतई यह अर्थ नहीं होता कि कोई भी भारतीय राजनैतिक विपक्षी दल जब देश अंतर्राष्ट्रीय संघर्षों अथवा युद्ध से जूझ रहा हो, तब देश के विरोधी दल सत्ता की लालसा पाले हुये, भारतीय जनमानस को भ्रमित करने का प्रयास करें। या कि वह राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे सबसे बड़े मुद्दे पर भारत की जनता को भ्रमित करें, उसे बरगलायें और राष्ट्र की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करें।

मुझे यह लिखते हुये गर्व महसूस होता है कि आज भारत के पास नरेन्द्र मोदी जैसा सशक्त और दूरदृष्टि वाला गंभीर नेतृत्व है। जिसकी शक्ति को दुनिया ने, विश्व बन्धुत्व और शांति के साथ ही साथ आतंकवाद और अलगाववाद पर कड़े प्रहार की नीति के साथ संसार भर के देशों ने पूरे सम्मान और आदर के साथ स्वीकार किया है।

मोदी सरकार की *'भारत सर्वोपरि''* नीति को सारी दुनिया सम्मान देती है, उसका महत्व समझती है। यह भी जगजाहिर सच्चाई है कि सभी अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर नरेन्द्र मोदी की सरकार कूटनीति के रूप से पाकिस्तान पर हावी रही है। काश्मीर-काश्मीर चिल्लाने वाले पाकिस्तान और उसकी आतंकवादी समर्थक सरकार के पास अब दो-तीन गिने-चुने समर्थक देश बचे हैं।


राजनैतिक रूप से यह सभी भारतीयों और भारत के राजनैतिक दलों के लिए गौरव की बात होनी चाहिये कि, भारत ने अपने शत्रु देश पाकिस्तान की कमर तोड़ रखी है। आर्थिक, सामाजिक, सैन्य और राजनैतिक चारों ही क्षेत्रों में मोदी सरकार ने पाकिस्तान को घेर रखा है। अंतर्राष्ट्रीय बिरादरी में पाकिस्तान तकरीबन-तकरीबन अकेला पड़ चुका है और उसकी पहचान दुनिया में आतंकवादी देश के रूप में बन चुकी है, जो मोदी सरकार की बहुत बड़ी सफलता है।

लेकिन जिस तरह से पाकिस्तान अपनी ज़ाहिल, कायराना, आतंकी हरकतों से बाज नहीं आता उसी तरह से अपने देश के विरोधी दल और खासतौर से कांग्रेस पार्टी भी अपनी बचकाना और अदूरदर्शिता पूर्ण हरकतों से बाज नहीं आती। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और संसद में विपक्षी दल के नेता राहुल गांधी बार-बार अमेरिका और यूरोप में जाकर भारत की आंतरिक नीतियों की जितनी आलोचना करते हैं। उससे न तो मोदी सरकार को फर्क पड़ता है और न ही देश की आंतरिक नीतियों में कोई बदलाव आता है। बल्कि ऐसा करके हर बार राहुल गांधी खुद को ऐसा कमजोर और गैर जिम्मेदाराना विपक्षी नेता साबित करते हैं, जिसमें गंभीरता और अंतर्राष्ट्रीय चिंतन और सोच का अभाव है।

22 अप्रैल 2025 को जब भारत के नागरिकों पर पाकिस्तान ने आतंकवादी प्रहार किया। काश्मीर के पहलगाम में धर्म पूछ-पूछ कर 26 हिन्दू भारतीय नागरिकों की नृशंस हत्या उनके परिवारों के सामने कर दी, तब कुछ क्षणों के लिए ऐसा लगा कि, कम से कम देश की इन दुख भरी घड़ियों में तो सम्पूर्ण विपक्ष दल सत्ताधारी दल के साथ खड़े हैं। तब राहुल गांधी समेत दूसरे विरोधी नेता सरकार के समर्थन में एकजुटता का बयान देते हुये भी नजर आये। और साथ ही देश ने उन्हें यह कहते हुये भी सुना कि, पाकिस्तान के खिलाफ हर मोर्चे पर, हर जवाबी कार्रवाई पर, कांग्रेस सहित दूसरे विरोधी दल मोदी सरकार के साथ खड़े हैं।

सउदी अरब की यात्रा को बीच में छोड़कर इस आतंकी हमले से निपटने के लिए नरेन्द्र मोदी का तुरंत वापस स्वदेश आना और दिल्ली के हवाई अड्डे पर उतरते ही तुरंत पाकिस्तान जैसे आतंकवादी देश के खिलाफ वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों/ राजनायिकों की बैठक लेना, आतंक के खिलाफ उनके मजबूत इरादों और संकल्प को देश के सामने प्रस्तुत करता है।

सेना और सेनापति हमेशा अपने नायक के पीछे चलते हैं और उसके दिशा-निर्देश में ही कार्य करते हैं। भारतीय लोकतंत्र प्रणाली में महामहिम राष्ट्रपति तीनों सेनाओं के सुप्रीम कमांडर होते हैं। और राष्ट्रपति हमारी लोकतांत्रिक प्रणाली में प्रधानमंत्री की सलाह के अनुसार कार्य करने अथवा युद्ध करने के लिए प्रस्तुत होता है। जिसके लिए प्रधानमंत्री को उसके मंत्रिमंडल की कैबिनेट की स्वीकृति से राष्ट्रपति को अवगत करवाना होता है।



पाकिस्तान के द्वारा कायराना आतंकवादी हमले के बाद, नरेन्द्र मोदी की कार्यवाही पर देश की ही नहीं दुनिया की नजर थी। सब यह मान रहे थे *''मोदी है तो यह मुमकिन ही नहीं कि भारत पर उसकी नागरिकता और हिन्दुस्तान के हिन्दुत्व पर, कोई इतना बड़ा आतंकी हमला कर दे और मोदी खामोश, बेबस देखते रह जायें''।* *हमारा देश राम में जीता है, भगवान राम भारत देश की आत्मा हैं, और प्रभु श्रीराम एक ही बात तो भारत को अच्छे से सिखला गये हैं-'भय बिन होय न प्रीति'* मोदी का बदला 7 मई 2025 की अर्द्धरात्रि के बाद आया, जब पाकिस्तान की सीमा में घुसे बिना भारतीय सेना ने पाकिस्तान को दहला दिया। भय और भगदड़ से पाकिस्तान थर्रा गया। उसके आतंकवादियों की कब्र भारतीय सेना ने खोद डाली। भारतीय एयर फोर्स ने SCALP मिसाइलों और HAMMER बमों से इतना जबरदस्त हमला भारतीय सीमाओं (एलओसी) के अंदर से किया कि, लश्करे तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद और हिजबुल मुजाहिद्दीन के 9 आतंकी ठिकाने हमेशा के लिए ज़मींदोज कर दिये। उन्हें खाक में मिला दिया। पाकिस्तान का परमाणु संयत्र सरगोधा एयर बेस को भीषण रूप से क्षतिग्रस्त कर दिया।

> **राजनैतिक रूप से यह सभी भारतीयों और भारत के राजनैतिक दलों के लिए गौरव की बात होनी चाहिये कि, भारत ने अपने शत्रु देश पाकिस्तान की कमर तोड़ रखी है। आर्थिक, सामाजिक, सैन्य और राजनैतिक चारों ही क्षेत्रों में मोदी सरकार ने पाकिस्तान को घेर रखा है। अंतर्राष्ट्रीय बिरादरी में पाकिस्तान तकरीबन-तकरीबन अकेला पड़ चुका है और उसकी पहचान दुनिया में आतंकवादी देश के रूप में बन चुकी है, जो मोदी सरकार की बहुत बड़ी सफलता है।**



**विशेष आलेख**
**मदनमोहन गुप्त**

जवाब में घबराये और बौखलाये पाकिस्तान ने भारत के उधमपुर, पठानकोट और आदमपुर वायुसेना के सहित 26 जगहों पर मिसाइलें दागीं। यहां तक कि कायर पाकिस्तान ने देश की राजधानी दिल्ली को भी निशाने पर लिया। लेकिन मोदी की सरकार और भारत की सेना, दोनों ही किसी शेर की तरह अपने शिकार को दबोचने के लिए चौकन्नी थी। भारत के पास मोदी सरकार के द्वारा, रूस से खरीदा हुआ S-400 एयर डिफेंस सिस्टम था। उसने पाकिस्तान के द्वारा दागी गई मिसाइलों को हवा में ही नष्ट कर दिया। भारत किसी भी प्रकार की हानि से बच गया और पाकिस्तान आग के गोलों और बमों की मार से दहल उठा।

*यह मोदी सरकार और भारत की सेना की वह शौर्य गाथा है जिससे हर भारतीय का मस्तक गर्व से ऊंचा हो जाता है।* लेकिन यह कितना खेदजनक है कि जैसे ही मोदी सरकार ने कूटनीति के शतरंज पर पाकिस्तानी वजीर को पटक-पटक कर पीटा और अंतर्राष्ट्रीय बिरादरी के मार्फत सीजफायर की घोषणा अपने पक्ष में, अपना सैन्य लक्ष्य हासिल करने के तुरंत बाद करवाकर देश की अर्थ नीति, सैन्य नीति और राजनीति का परचम पूरी दुनिया में गर्व से ऊंचा फहराया। पाकिस्तान के आतंकवाद को भारत ने अपने पैरों तले रौंद डाला, बिना किसी बड़ी जनहानि के या कि बिना किसी बड़े आर्थिक नुकसान के।

तब ऐसे में कांग्रेस और विपक्षी दल के नेता राहुल गांधी की यह मांग करना कि इस विषय पर चर्चा करने के लिये संसद का विशेष सत्र तुरंत बुलाया जाय, क्या यह गैर जरूरी बयान नहीं लगता? क्या युद्ध और समझौते पूछ कर किये जाते हैं? क्या युद्ध के बाद समझौता करना हजारों साल से चली आ रही युद्ध नीति का अभिन्न अंग नहीं हैं? क्या मुझे यह याद दिलाने की आवश्यकता है कि युद्ध के पूर्व उसे रोकने और युद्ध के बाद समझौते की परम्परा हमारे देश में जन्में भगवान श्रीकृष्ण ने स्थापित की थी!

क्या अपने देश को इस देश की विरोधी राजनैतिक पार्टियां, महज विरोध के रास्ते से सत्ता प्राप्ति का माध्यम मानती हैं? या कि उन्हें युद्ध की भीषण मार और उसके द्वारा हुई जानोमाल और आर्थिक हानि की भी कुछ चिंता है? मोदी सरकार ने कितनी बड़ी जनहानि और धनहानि से देश को बचा लिया और वह भी पाकिस्तानी आतंकवाद की कमर तोड़ने के बाद। यह नरेन्द्र मोदी और भारतीय सेना का पराक्रम ही है, जिसने पाकिस्तान को इस कदर खून के आंसू बहाने और बिलबिलाने पर मजबूर किया है। आज देश की विरोधी पार्टियों को इस बात पर चर्चा करनी चाहिए थी, भारत ने *'सीजफायर'* क्यों स्वीकार किया इसे मुद्दा नहीं बनाना चाहिए था। भारत और पाकिस्तान दोनों ही परमाणु शक्ति वाले देश हैं, भले ही उनकी परमाणु शक्तियों का पैमाना कितना ही बड़ा या छोटा क्यों न हो? लेकिन दो परमाणु देश आपस में युद्धरत हों, और विश्व की शक्तियां समझौते के लिए बीच में न आयें, यह तो असंभव है। विरोधी दलों को भी भली-भांति इस बात का एहसास होगा। लेकिन कहावत है न, ***''खिसियानी बिल्ली, खम्भा नोचे''*** हमारे देश के राजनैतिक दलों को, अब सिर्फ राजनैतिक चश्मे से सबकुछ दिखलाई देता है। इस सच्चाई को भी कांग्रेस पार्टी ने संसद का विशेष सत्र बुलाकर साबित कर दिया है।

मेरी दृष्टि में तो कांग्रेस को यह चिंतन करना चाहिए कि जिस काश्मीर राज्य के कांग्रेस सरकार के समय टुकड़े हो गए थे उस काश्मीर को मोदी सरकार ने कितनी बुद्धिमता से आतंकवाद के क्रूर हमले का मुंहतोड़ जवाब देते हुए दो दिनों के इस हवाई युद्ध में बिना नुकसान के बचा लिया। यदि यह लड़ाई लंबी खिंची होती और धोखे से भी हमारे जन्नत से भी ज्यादा खूबसूरत काश्मीर में पाकिस्तान आठ-दस शक्तिशाली बम या मिसाइल की मार कर बैठता तो हमारा जन्नत से भी खूबसूरत काश्मीर जहन्नुम से भी बदसूरत हो जाता। वहां की आवाम, वहां का पर्यटन वहां का व्यापार तो समय रहते हुए इस संधि विराम को सराह रहा होगा और कांग्रेस को उसकी गलत नीतियों और स्वार्थ परायणता के लिए कोस रहा होगा।

कोई भी बुद्धिमान व्यक्ति नरेन्द्र मोदी और उनकी सरकार की प्रशंसा और रणनीति की सराहना किये बिना रह नहीं सकेगा कि उसने *'एक ढेले से दो चिड़ियों का शिकार'* कर दिया। पाकिस्तान का पानी भी बंद कर दिया और आतंकवाद के अड्डे भी तोड़ डाले। वह भी बिना भारतीय सैनिकों की जान गवांये और देश के ऊपर बिना किसी आर्थिक दवाब को डाले हुये।

मैं देश के सामने और उसके प्रबुद्ध नागरिकों के सामने अब तक के भारत-पाकिस्तान, भारत-चीन और दुनिया के कुछ बड़े युद्धों के आर्थिक और जनहानि के आंकड़े प्रस्तुत कर रहा हूं।

**भारत-पाकिस्तान युद्ध**

1- **वर्ष 1947-48, 17** दिनों तक चले इस युद्ध में भारत का अनुमानित 400 करोड़ रूपये सैन्य खर्च आया। जो कि आज वर्ष 2025 की लागत मूल्यों के अनुसार लगभग **253 लाख करोड़ रुपये** बनता है। 1947-48 के इस युद्ध में हजारों लोगों की जान गई थी।

2- **1965** में भारत-पाकिस्तान ने फिर युद्ध लड़ा जो **22 दिनों** तक चला। **450** लाख करोड़ रुपये जो कि आज के मूल्य से **10,450,000 करोड़ रुपये** बनता है। इस युद्ध में **2 हजार भारतीयों** की प्राण आहुति हुई।

3- **1971** में **13 दिनों** चले इस युद्ध में लगभग **3 हजार भारतीय सैनिकों** का बलिदान हुआ। और आज के मूल्य से लगभग **66,93,57,000 करोड़ रुपयों** की लागत आई।

4- **कारगिल युद्ध 1999 में मई 1999** से लेकर **26 जुलाई 1999** तक लगभग 84 दिनों तक यह युद्ध चला। इसमें 527 भारतीय वीर सैनिकों ने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। और लगभग **1,22,640 करोड़ रुपये** अनुमानित **5,51,300 करोड़ रुपये** व्यय आया, जो आज की राशि से इतना होता है।

भारतीय राजनैतिक दलों को इस बात पर जरूर चिंतन करना चाहिए कि युद्ध शुरू करना उतना कठिन नहीं होता जितना कि युद्ध से बाहर आना होता है। 1962 में हुये भारत-चीन की लड़ाई भला कौन भूल सकता है। लगभग 1 महीने चले इस युद्ध में भारत ने 38 हजार वर्ग किलोमीटर जमीन 'हिन्दी-चीनी भाई-भाई' का नारा लगाने वाले चीनियों के हाथ खोई और 1383 भारतीय सैनिक तिरंगा झंडा ओढ़े हुये शहीद हुये। रूस और यूक्रेन के बीच लगभग 523 दिनों से युद्ध चल रहा है, तकरीबन **10 लाख लोग हताहत** हो चुके हैं। अब तक मोटे अनुमान के अनुसार **152 बिलियन डॉलर** जो कि भारतीय मुद्रा में **12.97 लाख करोड़** होते हैं, खर्च हो चुके हैं। यूनाइटेड नेशन्स का संगठन कहता है यूक्रेन को पुर्ननिर्माण में **486 बिलियन डॉलर** का खर्च आयेगा।

अमेरिका और अफगानिस्तान का युद्ध वर्ष 2001 से लेकर 2021 तक चला। लगभग 20 साल चले इस युद्ध में 241 लाख लोगों की मौत हुई और अमेरिका ने 2 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर **1.7058 लाख करोड़ रुपये** फूंक डाले और थक-हारकर अफगानिस्तान की धरती तालिबानियों को छोड़कर वापस हटा।

इजरायल और फिलिस्तीन का युद्ध 2008-09 से लेकर 2025 तक चलता ही जा रहा है। कभी सन्धि होती है कभी सीजफायर होता है और फिर कभी बमों के धमाके शुरू हो जाते हैं। गाजा पट्टी में इजरायल फिलिस्तीन के बीच का 15वां युद्ध है। जिसमें 50 हजार से अधिक लोग मौत के गाल में समा चुके हैं। लगभग 400 बिलियन डॉलर **3.412 खरब रुपये** इजरायल गाजापट्टी के इस युद्ध में फूंक चुका है।

मैं भारत के विरोधी दलों का ध्यान इन आंकड़ों के माध्यम से इस ओर ले जाना चाहता हूं कि युद्ध कोई शान नहीं है, युद्ध कोई फैशन नहीं है बल्कि युद्ध एक मजबूरी है, अपनी सीमाओं, अपनी संस्कृति, अपनी सभ्यता और संस्कारों को बचाये रखने की। और जहां युद्ध का उद्देश्य पूरा हो जाय उसे वहीं पर रोककर, अपने देश के विकास, उसकी शांति, उसकी प्रगति, उसके संस्कारों और सभ्यता को निरंतर गति देना ही श्रेयस्कर है। आज सारे कूटनीतिज्ञ एक स्वर से कह रहे हैं कि सिंध का पानी रोक कर भारत ने इतनी बड़ी कूटनीतिज्ञ चाल चल ली है जिससे पाकिस्तान का हलक सूख जायेगा। उसकी जमीन बंजर हो जायेगी। वह दाने-दाने को मोहताज हो जायेगा। लेकिन ठीक उसी समय पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार और उसके मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पंजाब से हरियाणा को दिये जाने वाले पानी पर रोक लगाकर पाकिस्तान सहित दुनिया के दूसरे देशों को क्या संदेश दे दिया? क्या वह यह नहीं बताना चाहते कि देश अपने ही अंदर उनके इस फैसले से कमजोर हो रहा है।

भारतीय लोकतंत्र की जड़ें बहुत गहरी हैं और हमें उम्मीद करनी चाहिये कि हमारे अपने ही राजनैतिक दल दुश्मनों के सामने लोकतंत्र की इन जड़ों को कमजोर नहीं करेंगे।

# जंग तो रोज होती है, जिंदगी बरसों तलक रोती है....

सामयिक

**क्षमा शर्मा**

टीवी या मोबाइल स्क्रीन पर युद्ध कितना रोमांचक लगता है। ये मारा और वो मारा कहते हुए हम कितने खुश होते हैं। हमारे लिए जैसे युद्ध भी कोई वीडियो या मोबाइल गेम है। चैनल्स को लें तो वह टीआरपी बढ़ाने वाला और पैसा कमाने का साधन है। सुना गया था कि इस दौरान चैनल्स ने अपने यहां चलाए जाने वाले विज्ञापनों के दाम में भारी बढ़ोतरी की थी। वर्ष 1965, 1971, 1999 और अब 2025 के युद्धों में आखिर हमें क्या मिला। सिवाय कोरे आश्वासनों के। इंदिरा जी को लोग इन दिनों बहुत याद कर रहे हैं। लेकिन 1971 में उन्हें भी तिरानवे हजार सैनिकों को वापस करना पड़ा था। आखिर इन सैनिकों को अंतर्राष्ट्रीय मानदंडों के अनुसार ही सुविधाएं देनी पड़ती हैं। इन युद्धों में जो लोग मारे गए थे, जिनके बारे में कहा गया था कि जब तक सूरज-चांद रहेगा, तब तक तेरा नाम रहेगा। ऐसी बातें हमें कितने दिन याद रहीं। क्या चार-छह सैनिकों के नाम भी हमें याद हैं।



> **लड़ाई में कोई हारे-जीते, इसका सबसे बड़ा प्रभाव उन लोगों पर पड़ता है, जिनके परिवार के सदस्य इसमें प्रभावित होते हैं। जिन माता-पिताओं के जवान बच्चे युद्ध में मारे जाते हैं, वे माता-पिता, पत्नी, बच्चे परिजन जीवन भर इस दुःख को भोगने के लिए अभिशप्त रहते हैं।**

दरअसल तो लड़ाई में कोई हारे-जीते, इसका सबसे बड़ा प्रभाव उन लोगों पर पड़ता है, जिनके परिवार के सदस्य इसमें मारे जाते हैं। जिन माता-पिताओं के जवान बच्चे युद्ध में मारे जाते हैं, वे माता-पिता, पत्नी, बच्चे परिजन जीवन भर इस दुःख को भोगने के लिए अभिशप्त रहते हैं। वह सैनिक हेमराज तो याद ही होगा जिसका सिर पाकिस्तान द्वारा काट लिया गया था। उस समय लोगों ने उसकी पत्नी के प्रति बहुत सहानुभूति प्रकट की थी। लेकिन बाद में पता चला था कि वह महिला वर्षों तक मुआवजे के लिए दर-दर भटकती रही थी। ऐसा ही न जाने कितने परिवारों के साथ होता होगा। न जाने कितने लोग मरते हैं और न जाने कितने बुरी तरह से घायल होते हैं।


औरतें और बच्चे आज से ही नहीं, हमेशा से युद्धों का सबसे बुरा शिकार होते रहे हैं। आक्रांता जब आते थे, तो या तो महिलाओं को साथ उठा ले जाते थे, या उनके साथ बलात्कार करके उन्हें मार दिया जाता था। बच्चों की हत्या कर दी जाती थी, क्योंकि जिन पर आक्रमण करने आए हैं उनका समूल नाश करना होता था। औरतें शायद ही किसी पर युद्ध थोपती हैं, मगर उन पर हमेशा युद्ध थोप दिया जाता है। चार दिन की इस लड़ाई में कहा जा रहा है कि इसमें दो सौ के करीब लोग मारे गए हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### वार्षिक बजट का अनुमोदन

**विसं भोपाल।** उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रालय स्थित सभाकक्ष में, उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान भोपाल की सामान्य परिषद की बैठक हुई। मंत्री परमार ने संस्थान के समग्र विकास एवं उत्तरोत्तर उत्थान के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में संस्थान के वर्ष 2025-26 के वार्षिक बजट का अनुमोदन किया गया, 11 करोड़ 51 लाख 86 हजार रुपए स्वीकृत किए गए। इसके साथ ही संस्थान के विद्यार्थियों, शिक्षकों तथा कर्मचारियों के हितों से जुड़े विभिन्न बिंदुवार विषयों पर स्वीकृति प्रदान की गई। संस्थान में आगामी सत्र से तमिल, संस्कृत, मराठी, जर्मन, फ्रेंच तथा जापानी भाषा के प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रम प्रारंभ किए जाने का निर्णय लिया गया।

### शाह के बंगले की नेमप्लेट पर मनोज ने पोती कालिक



**विसं भोपाल।** मध्यप्रदेश सरकार में मंत्री विजय शाह ने भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी पर आपत्तिजनक बयान दिया है। जिसके विरोध में कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला के नेतृत्व में उनके सरकारी आवास की नेम प्लेट पर कालिख पोत दी गई। इस बयान के बाद मंगलवार की शाम तो कांग्रेसी कार्यकर्ता मनोज शुक्ला के नेतृत्व में बंगले पहुंचे और वहां जमकर नारेबाजी करते हुए उनकी नेम प्लेट पर कालिख पोत दी। बताया गया है कि इस प्रदर्शन के दौरान मंत्री विजय शाह बंगले पर मौजूद थे।

### हमलावरों की जल्द हो गिरफ्तारी

**विसं भोपाल।** मध्य प्रदेश वन कर्मचारी मंच ने खंडवा में वन कर्मचारियों के ऊपर प्राण घातक हमला करने वाले आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध रासुका की कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में मंच ने सीएम को पत्र लिखा है,जिसमें वन कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए नीति बनाए जाने का आग्रह किया है। मंच के प्रदेशाध्यक्ष अशोक पांडेय ने बताया है कि खंडवा वन मंडल के गुढ़ी वन परिक्षेत्र क्षेत्र आमा खुजरी में अतिक्रमण कारी वन माफिया ने वन कर्मचारियों के ऊपर कार्यवाही के विरोध में प्राण घातक हमला किया है जिसमें कई बन कर्मचारी घायल हुए है आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज है पर गिरफ्तार नहीं किया गया है जिस वन कर्मचारी दहशत में हैं।

# अब तक 55 के बयान दर्ज, 50 ने नहीं दिया नोटिस का जवाब

## सौरभ शर्मा केस : लोकायुक्त पुलिस को बैंकों से मिले दस्तावेज, जल्द चालान पेश करने की तैयारी

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** परिवहन विभाग के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा के ठिकानों पर सबसे पहले छापेमारी कर करोड़ों की बेहिसाब संपत्ति उजागर करने वाली लोकायुक्त पुलिस अब जल्द ही कोर्ट में चालान (आरोप-पत्र) पेश करने की तैयारी में है। इसके लिए कोई निश्चित समय सीमा तय नहीं की गई है, लेकिन आलोचनाओं का सामना कर रही जांच एजेंसी अब आरोप पत्र को पुख्ता बनाने के लिए हर एक दस्तावेज की गहराई से पड़ताल कर रही है। लोकायुक्त पुलिस को सौरभ शर्मा केस से जुड़े अधिकांश दस्तावेज पंजीयन विभाग और बैंकों से हासिल हो गए हैं। जांच एजेंसी के जिम्मेदारों का दावा है कि इन दस्तावेजों और केस से जुड़े लोगों के बयानों के बाद कोर्ट में यह साबित हो जाएगा कि सौरभ शर्मा ने भ्रष्टाचार के जरिए करोड़ों की काली कमाई परिवहन विभाग में पदस्थ रहते हुए ही की थी।




### नोटिसों के बाद भी 50 ने नहीं दिए बयान

सौरभ के ठिकानों पर हुई छापेमारी और इसके बाद अन्य विभागों से मिले दस्तावेजों के आधार पर लगभग 100 से अधिक लोगों को बयान देने के लिए लोकायुक्त दफ्तर तलब किया गया था। इनमें से लगभग 55 लोग ही फिलहाल अपने बयान देने पहुंचे हैं। लगभग 50 लोग ऐसे हैं जिन्होंने कई बार नोटिस जारी होने के बाद भी न तो उसका कोई जवाब दिया और न ही बयान दर्ज कराने आए। ऐसे में अब इन सभी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। लोकायुक्त पुलिस ने इस मामले में प्रारंभिक एफआईआर में सौरभ के साथ चेतन सिंह गौर और शरद जायसवाल को ही आरोपी बनाया था। आरोप पत्र जारी करने से पहले एफआईआर में इस केस में शामिल लोगों की संख्या बढ़ा दी जाएगी, जिनमें सौरभ की मां, पत्नी, जीजा, बहनोई समेत लगभग आधा दर्जन नए नाम जोड़े जा सकते हैं।

### रजिस्ट्रार ने प्रॉपर्टी और बैंकों ने ट्रांजेक्शन की डिटेल भेजी

सौरभ शर्मा और उसकी बेनामी संपत्ति को लेकर अन्य विभागों ने भी अब तमाम दस्तावेज लोकायुक्त पुलिस को सौंप दिए हैं। ये दस्तावेज प्रॉपर्टी और बैंक ट्रांजेक्शन के हैं। लोकायुक्त के विश्वस्त सूत्रों के अनुसार, छानबीन में यह साबित हुआ है कि सौरभ ने अधिकांश लेन-देन अपने सहयोगी चेतन सिंह गौर और शरद जायसवाल के नाम पर किया था। इसके अलावा, उसने अपनी मां उमा शर्मा, पत्नी दिव्या तिवारी, साले रोहित तिवारी और बहनोई विनय हासवानी समेत आधा दर्जन अन्य लोगों के नाम पर भी ट्रांजेक्शन किया है। मामले की छानबीन कर रही एक अन्य जांच एजेंसी ईडी ने भी अपने चालान में यही बात दोहराई थी। लोकायुक्त पुलिस के सामने सबसे कठिन चुनौती सौरभ की मनी ट्रेल को कोर्ट में साबित करना है।

### जमानत निरस्त कराने के बजाय सजा दिलाने पर फोकस

लोकायुक्त पुलिस के अफसरों का दावा है कि आय से अधिक संपत्ति के मामलों में आम तौर पर गिरफ्तारी नहीं होती है, लेकिन सौरभ शर्मा का मामला हाईप्रोफाइल होने के कारण उसे और उसके साथियों को गिरफ्तार कर रिमांड पर भी लिया गया था। ऐसे केसों में लोकायुक्त पुलिस का मकसद आरोपियों को अदालत से सजा दिलाना होता है। जांच एजेंसी के अधिकारियों के अनुसार, सौरभ शर्मा को मिली जमानत के खिलाफ अदालत जाने के बजाय उनका फोकस फिलहाल जांच में मिले दस्तावेजों की बारीकी से पड़ताल कर भ्रष्टाचार को कोर्ट में साबित करने पर है। गौरतलब है कि सौरभ शर्मा और उसके दोनों साथियों चेतन और शरद को 90 दिन की तय समय सीमा में चालान पेश न करने के कारण स्पेशल लोकायुक्त कोर्ट जमानत दे चुकी है। सौरभ, शरद और चेतन फिलहाल स्पेशल ईडी कोर्ट से जमानत न मिलने के कारण भोपाल के केंद्रीय जेल में बंद हैं। हालांकि, सौरभ ने इस केस में भी जमानत के लिए हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है।

# विश्व ने भारत के बदलते नेतृत्व की क्षमता को देखा: सीएम

**अनौपचारिक बैठक में सीएम ने मंत्रियों से किया संवाद**

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर के जरिए विश्व भर ने भारत के बदलते नेतृत्व की क्षमता को देखा है। यह हमारी सेना के बेहतरीन उपयोग और तीव्र गति से की गई योजना का परिणाम है। अब भारत निर्णायक और प्रभावी कार्रवाइयों के लिए पहचाना जाता है,जो हमारे लिए सौभाग्य और गर्व की बात है। सीएम यादव मंगलवार को मंत्रालय में कैबिनेट की बैठक से पहले मंत्रिपरिषद के सदस्यों से चर्चा कर रहे थे। सीएम ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को लेकर मंत्री परिषद की ओर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता हमारे लिए गौरव की बात है। सीएम ने मंत्रियों को राज्य में चल रही जल गंगा संवर्धन अभियान महाराष्ट्र के साथ नदी जोड़ो अभियान के लिए हुए एमओयू, महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश द्वारा परस्पर समन्वय से आगामी दिनों में की जाने वाली सांस्कृतिक-धार्मिक व इतिहास केंद्रित गतिविधियों के अलावा दूसरी बड़ी परियोजनाओं,योजनाओं और गतिविधियों की प्रगति के बारे में जानकारी दी। सीएम ने बताया कि 5 मई तक प्रदेश में 9 लाख किसानों से 77.74 लाख मैट्रिक टन गेहूं की खरीदी की गई है।



### ज्योतिलिंग का होगा सर्किट विकसित

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र का साझा ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संदर्भ रहा है। दोनों राज्यों द्वारा बाजीराव पेशवा, तात्या टोपे, रानी लक्ष्मीबाई, अप्पाजी भोंसले इत्यादि के गौरवशाली अतीत की घटनाओं के इतिहास लेखन, दस्तावेज संकलन, डिजिटाइलिजेशन, मोड़ी लिपि के संरक्षण, लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर के धार्मिक-प्रशासनिक अवदानों के संरक्षण के लिए कार्य करने पर सहमति हुई है। मध्यप्रदेश में उज्जैन और ओंकारश्वर के ज्योतिर्लिंग तथा महाराष्ट्र के 3 ज्योतिर्लिंग का सर्किट विकसित करने पर भी सहमति हुई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि शेगांव के गजानन ट्रस्ट द्वारा इच्छुक व्यक्तियों को सेवा का प्रशिक्षण देकर स्वयं सेवकों को सेवा और प्रबंधन के कार्य में लगाया जाता है। उनकी इस प्रणाली का लाभ महाकाल मंदिर प्रबंधन के लिए लेने पर भी विचार-विमर्श हुआ।

### इंदौर में रीजनल ग्रोथ कॉन्क्लेव

मुख्यमंत्री ने बताया कि शुक्रवार 16 मई को इंदौर में रीजनल ग्रोथ कॉन्क्लेव मैन मेड टेक्निकल टेक्सटाइल एक्सपो का आयोजन होने जा रहा है। इससे पहले 14 मई को बैंगलोर में निवेश संवर्धन के संबंध में संवाद होगा।

### 20 मई को इंदौर में कैबिनेट बैठक

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बताया कि अगली कैबिनेट बैठक 20 मई को इंदौर के राजबाड़ा में आहुत की जाएगी। जिसमें सभी मंत्रियों के साथ विजन 2047 को लेकर चर्चा होगी। सभी मंत्री अपने विभागों से संबंधित प्रजेंटेंशन देंगे।

### घुमन्तू जातियों के सभी लोगों को अपराधी ना माने

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अपने निवास स्थित समत्व भवन में पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण तथा विमुक्त, घुमन्तु और अर्द्ध घुमन्तु विभाग के कार्यों की समीक्षा की। जिसमें उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वो विमुक्त, घुमन्तु और अर्द्ध घुमन्तु समुदायों की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करें। समुदाय के अनेक विद्यार्थियों ने लोक सेवा आयोग जैसी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त की है। प्रदेश के विभिन्न जिलों में इनका निवास है। इनकी पुरानी पृष्ठभूमि अथवा पूर्व धारणा के आधार पर इन जातियों के सभी लोगों को अपराधी ना माना जाए। पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई में भी जातिगत संबोधन से संबोधित ना किया जाए। अपराधियों की जानकारी में जातियों का उल्लेख नहीं किया जाएं। इस तरह की असम्मानजनक शब्दावली से बचा जाना चाहिए। सीएम ने कहा कि जिला स्तर पर पुलिस प्रशासन द्वारा इन जातियों के ऐसे लोगों को अपराधों से विमुख करने के लिए प्रयास किया जाए जो विभिन्न कारणों से अपराधों से जुड़ जाते हैं। विभागीय मंत्री कृष्णा गौर ने कहा कि आगामी शिक्षण सत्र में विभिन्न जिलों में पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के छात्रवृत्ति वितरण के कार्य तय समय में किया जाएगा। इस बारे में विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।



# हादसा : गिट्टी से भरे ट्रक का ड्राइवर जिंदा जला

**जागरण, ग्वालियर।** मंगलवार तड़के ग्वालियर-मुरैना बॉर्डर पर दर्दनाक सड़क हादसे में एक ट्रक ड्राइवर जिंदा जल गया। दरअसल ट्रक ग्वालियर के बिलौआ से गिट्टी भरकर आगरा की ओर जा रहा था, तभी मुरैना जिले के रिठौरा थाना क्षेत्र में सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक से टक्कर हो गई। टक्कर के तुरंत बाद गिट्टी से भरे ट्रक में आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि चालक को सीट से हिलने तक का मौका नहीं मिला और वह ट्रक के अंदर ही जिंदा जल गया। घटना मंगलवार सुबह 4 बजे लक्ष्मणगढ़ पुल के पास हुई। सूचना मिलते ही ग्वालियर के महाराजपुरा थाना प्रभारी धर्मेंद्र सिंह यादव व मुरैना के रिठौरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और राहत-बचाव कार्य शुरू किया। आसपास से गुजर रहे वाहन चालकों की मदद से आग बुझाने की कोशिश की गई, लेकिन तब तक ट्रक पूरा जल चुका था। थाना प्रभारी यादव ने बताया कि टक्कर इतनी तेज थी कि गिट्टी से भरे ट्रक में आग लग गई। मृतक ट्रक चालक की पहचान राजस्थान के धौलपुर जिले के सैफऊ निवासी राघवेंद्र शर्मा के रूप में हुई है। बताया जा रहा ट्रक धौलपुर के ट्रांसपोर्टर रविंद्र चौधरी का है। सोमवार और मंगलवार की दरमियानी रात राघवेंद्र ट्रक से बिलौआ खदान से गिट्टी भरकर आगरा के लिए निकला था। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दे दी है और एफआईआर दर्ज कर ली है।

# विकास कार्यों का निरीक्षण करेंगे 44 अधिकारी

## विभागीय मंत्री प्रहलाद पटेल ने ली बैठक अधिकारियों को दिए निर्देश

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास द्वारा द्वारा कराए जा रहे विकास और निर्माण कार्यो का विभाग के 44 अधिकारियों को निरीक्षण करने की जिम्मेदारी दी गई है। विभागीय मंत्री प्रहलाद पटेल ने कहा कि अधिकारी ऑफिस में नहीं मैदानी पर भी जाकर देंखे कि विकास के काम किस तरह से किए जा रहे है।

अधिकारी अपनी अनुश्रवण रिपोर्ट मनरेगा आयुक्त को देंगे। मंत्री पटेल मंगलवार को अपने विभाग से जुड़ी योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 3 माह के जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत प्रदेश के सभी जिलों में मनरेगा योजना के तहत 81 हजार खेत-तालाब, 1 हजार अमृत सरोवर, 1 लाख कूप रिचार्ज और पूर्व से प्रगतिरत जल संग्रहण और भूजल संवर्धन के 70 हजार कार्यों को पूर्ण करने का लक्ष्य तय किया है। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत हो रहे कार्यों का निरीक्षण करने अधिकारी जिलों में जाएंगे। उनके निर्देश पर पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने 44 अधिकारियों का ड्यूटी आदेश जारी किया है। इसमें अतिरिक्त संचालक, सयुंक्त संचालक, उप संचालक, उपायुक्त, मुख्य अभियंता, अधीक्षण यंत्री और कार्यपालन यंत्री स्तर के अधिकारी शामिल है। सभी अधिकारी मई एवं जून माह में क्रमषः2-2 बार आवंटित जिलों का भ्रमण करेंगे। मंत्री पटेल ने एक अन्य बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण योजना के प्रगतिरत कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि स्वीकृत आवासों का निर्माण कार्य समय- सीमा में पूर्ण करें। उन्होंने आवास प्लस सर्वे के संबंध में जानकारी ली और निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि प्रधानमन्त्री ग्रामीण सड़क योजना में बनने वाली अंतर्राज्यीय और अन्तर्जिला सड़कों को बनाने में विशेष परिस्थितियों का आंकलन कर कार्य-योजना तैयार करें। सड़कें बनाने का कार्य गुणवत्तापूर्ण हो।

# लोहा चोर निकला भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा महामंत्री

## पुलिस कर रही फरार आरोपियों की तलाश




**जागरण, जबलपुर।** शहर में चोरी के मामले में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा पदाधिकारी शामिल मिला है। दरअसल भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा का महामंत्री मुजम्मिल खान लोहा चोर निकला है। उसने साथी शाहरुख खान के साथ मिलकर अंजुमन इस्लामिया स्कूल के नए भवन के लिए रखे स्टॉक में से लोहा चोरी किया है। लार्डगंज थाना पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर भाजपा नेता मुजम्मिल और शाहरुख खान के खिलाफ चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हालांकि, दोनों आरोपी फरार हो गए। जानकारी अनुसार मालवीय चौक स्थित अंजुमन इस्लामिया स्कूल में नई बिल्डिंग का निर्माण चल रहा है, जिसके लिए चार क्विंटल लोहा सहित निर्माण सामग्री स्कूल कैंपस में रखी है। लोहे के सरिया में से कुछ कम हो रहे थे। सोमवार को स्कूल के कर्मचारी नौशाद ने समिति के अध्यक्ष मोहम्मद अनवर को इसकी जानकारी दी। पहले तो उन्हें भरोसा नहीं हुआ, बाद में जब स्कूल में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले, तो पता चला कि एक ऑटो के साथ स्कूल के अंदर कुछ लोग नजर आ रहे हैं। दोनों ने पहले तो ऑटो में लोहे की रॉड को लोड किया और फिर उसे लेकर चले गए। स्कूल समिति के अध्यक्ष मोहम्मद अनवर ने सीसीटीवी फुटेज के साथ लार्डगंज थाने को स्कूल में चोरी होने की सूचना दी। फुटेज को गौर से देखा गया तो छोटी ओमती निवासी मुजम्मिल खान अपने साथी के साथ लोहा चोरी करते नजर आए। मोहम्मद अनवर की शिकायत पर पुलिस ने दो युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

# मेनका गांधी के खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग



**झूठा शपथ पत्र देकर अपील करने का आरोप**

**जबलपुर।** हाईकोर्ट में पूर्व से विचाराधीन जमीन विवाद संबंधी प्रकरण में दूसरे पक्ष ने एक आवेदन प्रस्तुत कर वरिष्ठ भाजपा नेत्री मेनका गांधी के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज करने की मांग की है। मुख्य न्यायाधीश सुरेश कुमार कैत व न्यायमूर्ति विवेक जैन की युगलपीठ के समक्ष यह मामला बुधवार को सुनवाई के लिए नियत है। मामला मेनका गांधी और उनके ममेरे भाई वीएम सिंह के बीच कानूनी लड़ाई से संबंधित है।

विगत सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने मेनका और उनकी बहन अंबिका शुक्ला की अपील पर अनावेदक भोपाल निवासी वीएम सिंह, कलेक्टर भोपाल व अन्य को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिए थे। कोर्ट ने सभी पक्षों को अपनी-अपनी लिखित दलीलें पेश करने कहा था। वीएम सिंह की ओर से पक्ष रख रहे अधिवक्ता उमेश त्रिपाठी ने अवगत कराया कि मेनका गांधी ने हाई कोर्ट में झूठा शपथ पत्र प्रस्तुत कर अपील दायर की है। मेनका पर आरोप हैं कि उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के 2005 के अंतिम फैसले की प्रति संलग्न करने की बजाए केवल एक आवेदन का आदेश पेश किया है। मेनका ने तथ्य छिपाकर हाई कोर्ट को गुमराह करने की कोशिश की है।

# निर्देश: अब प्रदेश में एमआरपी से अधिक दाम पर नहीं बिकेगी शराब

## सभी दुकानों पर लगाई जाएगी ब्रांड की लिस्ट

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** आबकारी विभाग ने प्रदेश के सभी जिलों को निर्देश जारी करते हुए न्यूनतम विक्रय मूल्य (एमएसपी) से कम और अधिकतम विक्रय मूल्य (एमआरपी) से अधिक पर शराब बेचने पर रोक लगाने के निर्देश जारी किए हैं। आबकारी आयुक्त अभिजीत अग्रवाल द्वारा मंगलवार को जारी निर्देश के अनुसार, उन्होंने सभी जिलों में पदस्थ अफसरों को निर्देश दिए हैं कि प्रदेश की किसी भी दुकान से शराब एमआरपी से अधिक पर न बिके। इसके साथ ही उन्होंने एमआरपी से अधिक दाम पर शराब बेचने वाले लाइसेंसधारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश भी दिए हैं। प्रदेश की सभी शराब दुकानों को अब प्रचलित एवं लोकप्रिय शराब के ब्रांड की लिस्ट भी लगानी होगी। इसके लिए आबकारी विभाग 10 दिन का विशेष अभियान भी चलाएगा, जिसमें सभी वाइन शॉप्स की जांच की जाएगी।

### पालन नहीं किया तो अफसरों पर गिरेगी गाज

भोपाल में शराब दुकान पर एमआरपी से अधिक दाम वसूलने और कई ब्रांड की शराब मार्केट से गायब होने की खबर **दैनिक जागरण** ने विगत दिनों प्रकाशित की थी। इस समाचार के जरिए बताया गया था कि भोपाल में शराब दुकानों पर न तो ग्राहकों के हिसाब से मांगे जा रहे ब्रांड मौजूद हैं और शराब दुकानों के संचालक मनमाने दाम वसूल रहे हैं। आबकारी आयुक्त अभिजीत अग्रवाल द्वारा प्रदेश के सभी आबकारी उपायुक्तों, सहायक आबकारी आयुक्तों और जिला आबकारी अधिकारियों को दिए निर्देश में यह भी कहा गया है कि अगर किसी आकस्मिक निरीक्षण के दौरान तय दाम से अधिक में शराब बिकते हुए पाई जाएगी तो संबंधित क्षेत्र के अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### मंत्री के पीए पर हमला करने वाले पर जेल में हमले की कोशिश

जागरण, इंदौर। मध्य प्रदेश के इंदौर में कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के पीए पर हमला करने वाले आरोपी पर जेल में एक कैदी ने हमला किया है। सुरक्षाकर्मियों ने उसकी जान बचाई। दरअसल, बीते दिनों कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के पीए रवि विजयवर्गीय पर कैब चालक ने जानलेवा हमला किया था, जिस पर पलासिया पुलिस ने कार्रवाई कर शैलेश नामक युवक को पकड़ा। आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। लेकिन हाल ही में जेल के अंदर ही एक विचाराधीन बंदी हेमंत ने किसी नुकीली वस्तु से आरोपी पर हमला करने का प्रयास किया।

## पृष्ठ एक के शेष

### मंत्री शाह का बयान...

शाह ने उन पर जो टिप्पणी की, वह सेना का अपमान है। सेना को सांप्रदायिक नजरिए से नहीं देखा जा सकता। इधर, बुधवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी की अगुवाई में कांग्रेसी भोपाल के श्यामला हिल्स थाना पहुंचे, जहां मंत्री शाह के खिलाफ देशद्रोह का मामला दर्ज करने की मांग की। पुलिस ने कांग्रेस के आवेदन को रोजनामचा में दर्ज कर इस पूरे मामले को जांच में लिया है। उधर, भाजपा भी शाह पर सख्त है। केंद्रीय नेतृत्व ने रिपोर्ट तलब की है। सूत्रों का कहना है कि शाह से मंत्री पद से इस्तीफा देने को कहा जाएगा।

### पाकिस्तान ने बीएसएफ...

तभी पाकिस्तानी रेंजर्स ने उन्हें घेरकर पकड़ लिया और उनके हथियार भी छीन लिए। जैसे ही बीएसएफ के बड़े अफसरों को जवान के पकड़े जाने की खबर मिली, वे तुरंत मौके पर पहुंचे और पाकिस्तान रेंजर्स से बातचीत शुरू की। उन्हें बताया गया है कि यह जवान कुछ दिन पहले ट्रांसफर होकर आया था। उसे जीरो लाइन का पता नहीं था। वह गलती से जीरो लाइन क्रॉस कर गया था। उसे रिहा करने के लिए कहा गया, मगर पाकिस्तानी रेंजर्स ने इंकार कर दिया।

### प्रदेश में बनेंगे रेल...

चेयरमैन और एमडी शांतनु रॉय को सौंपा। मध्यप्रदेश शासन ने इस इकाई के लिए कुल 60.063 हेक्टेयर भूमि आवंटन को मंजूरी दी है। इस मौके पर सीएम ने कहा कि इससे देश-प्रदेश का औद्योगिक इको सिस्टम सशक्त बनेगा। युवाओं, एमएसएमई और स्थानीय समुदायों के लिए रोजगार और अवसरों के नए द्वार खुलेंगे। रायसेन में मेट्रो और रेल कोच निर्माण इकाई की स्थापना प्रदेश के समावेशी एवं सतत् विकास की दिशा में एक सशक्त कदम है। इस मौके पर सीएम ने बीईएमएल लिमिटेड के अत्याधुनिक रेल कोच विनिर्माण संयंत्र से 2100वें मेट्रो कोच को हरी झंडी दिखाकर राष्ट्र को समर्पित किया।

### चंद्रमा पर 2036 तक बनाया...

परमाणु संयंत्र वैज्ञानिक और रणनीतिक दोनों दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है। यह न केवल चंद्रमा पर दीर्घकालिक मानव उपस्थिति को संभव बनाएगा, बल्कि मंगल मिशन के लिए भी आधार तैयार करेगा। यह परियोजना हिंद महासागर और दक्षिण चीन सागर में भी चीन और रूस की ताकत को बढ़ाएंगे। इतना ही नहीं, यह परियोजना चीन और रूस को अंतरिक्ष में वैश्विक नेतृत्व प्रदान कर सकती है।

### अग्निवीर लाने वाले अजय ...

कंपनी में की। वे पलक्कड़ जिले के कलेक्टर भी रहे। वो केरल सरकार के आईटी पार्टमेंट में प्रमुख सचिव रहे। रिटायरमेंट के बाद वो कई स्टार्टअप्स से मेंटोर के तौर पर भी जुड़े। एमजीएफ-कवच के फाउंडर हैं और इसके लिए 250 करोड़ रुपए का फंड भी अरेज कर चुके हैं। इसके अलावा आईआईटी कानपुर में वो विजिटिंग प्रोफेसर भी हैं। उन्हें कई अवार्ड भी मिल चुके हैं। नोटिफिकेशन के अनुसार अजय कुमार का अपॉइंटमेंट राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अप्रूव किया है।

**सरहद पर संघर्ष विराम के बाद प्रदेश राजनीति में सरगर्मी, 15 मई से भाजपा की तिरंगा यात्रा**

# तिरंगा यात्रा के जवाब में इंदिरा तेरी याद आई कैम्पेन

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** सीजफायर के बाद सरहद में भले ही शांति का वातावरण निर्मित हो गया हो,लेकिन मध्यप्रदेश की राजनीति में वोट बैंक कमाने की होड़ देखने को मिल रही है। भारतीय जनता पार्टी 15 मई से प्रदेश भर में तिरंगा यात्रा निकालने की तैयारी में है,तो कांग्रेस इंदिरा तेरी याद आई कैम्पन चलाएगी।




### आतंकियों को कल्पना से बड़ी दी सजा: सबनानी

जानकारी के अनुसार ऑपरेशन सिंदूर की सफलता की कहानी गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए भाजपा 15 से 25 मई तक प्रदेश भर में होगा तिरंगा यात्राओं का आयोजन करेगी। इसे लेकर मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में भाजपा की जिला इकाई की बैठक हुई। जिसमें पार्टी के प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहलगाम हमले में शामिल रहे आतंकवादियों को उनकी कल्पना से बड़ी सजा देने और उनके ठिकानों को तबाह करने का जनता से किया वादा पूरा किया है। ऑपरेशन सिंदूर की उपलब्धियों को बताने के लिए देश भर में विभिन्न समाज वर्ग के लिए तिरंगा यात्रा निकाल रहे हैं। भाजपा के कार्यकर्ता 15 मई से 25 मई तक 10 दिवसीय तिरंगा यात्रा में शामिल होंगे। जिसके अंतर्गत पार्टी हर नागरिक तक पहुंचकर उन्हें ऑपरेशन सिंदूर की उपलब्धियों के बारे में बताएगी। भोपाल जिला अध्यक्ष रविन्द्र यति ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए नागरिक 15 मई को रोशनपुरा चौराहे से एमवीएम कॉलेज तक ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा में शामिल होंगे। लडाई आतंकवाद के खिलाफ थी, मगर धारणा यह बन गई कि भारत-पाकिस्तान के साथ युद्ध लड़ रहा है।

### कांग्रेस नया जन अभियान चलाएगी: जीतू

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच सीज़फायर लागू हुआ है। इस घटनाक्र म पर अब कांग्रेस पार्टी ने एक नया जन अभियान शुरू करने का ऐलान किया है। जिसका नाम इंदिरा तेरी फिर याद आई रखेगी। पटवारी ने कहा कि देश को आज फिर इंदिरा गांधी जैसे मजबूत और निर्णायक नेतृत्व की याद आ रही है। उन्होंने कहा इंदिरा गांधी ने बांग्लादेश को अलग कर पाकिस्तान को करारा जवाब दिया था। उन्होंने दुनिया को दिखाया था कि भारत क्या है और इसका नेतृत्व कैसा होता है।


पटवारी ने प्रधानमंत्री मोदी के हालिया भाषण पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री 10 सालों से कहते आ रहे हैं कि पाकिस्तान को लव लेटर लिखना बंद करना चाहिए, लेकिन आज जब 26 नागरिक मारे गए, तब सिर्फ भाषण हो रहा है।उन्होंनेसवाल किया कि क्या युद्ध भारत के नागरिकों की सुरक्षा और आत्मसम्मान के लिए लड़ा गया या अमेरिका के व्यापारिक हितों को ध्यान में रखते हुए रोका गया। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयान का जिक्र किया जिसमें उन्होंने कहा था कि उन्होंने भारत-पाक के बीच तनाव को कम किया। अगर ट्रंप की बात पहले आ जाती है और प्रधानमंत्री का बयान बाद में आता है, तो देश को जानना चाहिए कि क्या फैसले आत्मनिर्भर भारत के थे या बाहरी दबाव में लिए गए?



## संक्षिप्त समाचार

### वेश्यावृत्ति में गिरफ्तार ओलंपिक स्वर्ण विजेता

**वॉशिंगटन, जेएनएन।** ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता और अमेरिका के मशहूर पहलवान काइल स्नाइडर को एक वेश्यावृत्ति से जुड़े स्टिंग ऑपरेशन में गिरफ्तार किया गया है। वह 16 अन्य लोगों के साथ इस मामले में आरोपी बनाए गए हैं। यह कार्रवाई कोलंबस पुलिस विभाग द्वारा कोलंबस के नॉर्थ साइड इलाके में की गई।



पुलिस के अनुसार, उन्होंने ऑनलाइन एस्कॉर्ट सेवा के फर्जी विज्ञापन पोस्ट किए थे ताकि वे ऐसे लोगों को पकड़ सकें जो वेश्यावृत्ति जैसी गैरकानूनी सेवाओं की तलाश कर रहे थे। स्नाइडर ने इन विज्ञापनों पर कॉल और टेक्स्ट मैसेज भेजे। उन्हें लगा कि वे किसी असली एस्कॉर्ट सर्विस से संपर्क कर रहे हैं। इसके बाद वह पास के एक होटल पहुंचे, जहां उन्होंने एक पुलिस की महिला अधिकारी को नकद पैसे दिए और मौखिक यौन सेवा की मांग की। तभी पुलिस ने उन्हें रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया।

### पंजाब में जहरीली शराब पीने से 17 की मौत

**अमृतसर, जेएनएन।** पंजाब के अमृतसर जिले के मजीठा क्षेत्र की पांच ग्राम पंचायतों में कथित तौर पर जहरीली शराब पीने से अब तक 17 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 10 अन्य की हालत गंभीर बनी हुई है। सभी गंभीर मरीजों को अमृतसर सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस का कहना है कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। पुलिस ने मामले में शराब सप्लाई नेटवर्क के सरगना साहिब सिंह और मुख्य आपूर्तिकर्ता प्रभजीत सिंह सहित कुल छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अब उन कंपनियों की तलाश में राज्य के बाहर भी छापेमारी कर रही है, जो इस अवैध शराब में इस्तेमाल होने वाला रसायन ऑनलाइन भेजती थीं। अमृतसर (रूरल) के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मनिंदर सिंह ने बताया कि ज़हरीली शराब को स्थानीय स्तर पर पैक करके मज़दूरों को बेचा जा रहा था। दो एफआईआर भारतीय दंड संहिता और आबकारी अधिनियम के तहत दर्ज की गई हैं।

### बांग्लादेश में शेख हसीना की पार्टी पर लगा बैन

**नई दिल्ली, जेएनएन।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार मुहम्मद यूनुस की ओर से संशोधित आतंकवाद विरोधी कानून के तहत अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी, आवामी लीग पर आधिकारिक तौर से बयान लगा दिया गया है। दो दिन पहले यूनुस की सरकार ने पार्टी की 'सभी गतिविधियों' पर रोक लगा दी थी। गृह सलाहकार लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) जहांगीर आलम ने मीडिया को बताया कि इस संबंध में सरकारी अधिसूचना जारी कर दी गई है। अब आवामी लीग पार्टी चुनाव नहीं लड़ सकेगी। बांग्लादेश के चुनाव आयोग ने पार्टी के रेजिस्ट्रेशन को रद्द कर दिया है। गृह मंत्रालय के एक अधिकारी के अनुसार, संशोधित आतंकवाद विरोधी अधिनियम 2025 की धारा 18 सरकार को ताकत देती है कि वह वह किसी संगठन या किसी व्यक्ति पर आतंकवाद से जुड़े मामलों को लेकर बैन लगा सकता है। चुनाव आयोग ने कहा कि गृह मंत्रालय की ओर से पार्टी की गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाया है। इसके बाद चुनाव आयोग ने भी रजिस्ट्रेशन रद्द कर दिया है।



---

**कान्स 2025:** भारतीय सिनेमा की धाक, होमबाउंड, तन्वी द ग्रेट और सत्यजीत रे की क्लासिक 'अरण्येर दिन रात्रि' की होगी गूंज

# आलिया नहीं जाएंगी कान्स में, जान्हवी-शर्मिला का जाना तय

**पेरिस, जेएनएन।** मंगलवार से शुरू हो रहे कान्स फिल्म फेस्टिवल में इस बार बॉलीवुड की कई जानी-मानी हस्तियां शिरकत कर रही हैं। आलिया भट्ट को इस साल कान्स में डेब्यू करना था, लेकिन भारत-पाक तनाव के कारण उन्होंने इसे टाल दिया है। वहीं करण जौहर, जान्हवी कपूर, शर्मिला टैगोर और सिमी ग्रेवाल सहित कई सितारे यहां नजर आएंगे।

पहले दिन बॉलीवुड की ओर से गई उवर्सी रौतेला ने कान्स में सुर्खियां बटोरीं। कान्स फिल्म फेस्टिवल का 78वां एडिशन 13 मई से 24 मई 2025 तक चलेगा। फैंस उनके कान डेब्यू का इंतजार कर रहे हैं। पिछले दो दशकों से कान्स में ऐश्वर्या राय बच्चन पूरी दुनिया को अपना दीवाना बना रही हैं। उनके साथ उनकी बेटी आराध्या बच्चन भी नजर आती हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, जैकलीन फर्नांडिस दूसरी बार कान्स में नजर आने वाली हैं। पिछले साल नजर आईं उर्वशी रौतेला इस बार भी होंगी।



- **ईशान और जान्हवी :** ईशान खट्टर, जान्हवी कपूर और विशाल जेठवा अपनी फिल्म 'होमबाउंड' को कान 2025 में पेश करने के लिए तैयार हैं, जहां इसका प्रीमियर अन सर्टेन रिगार्ड सेक्शन के तहत होगा।
- **नीरज और करण जौहर:** कान 2025 में 'होमबाउंड' की कास्ट में डायरेक्टर नीरज घायवान और निर्माता करण जौहर भी शामिल होंगे। दोनों के लीड एक्टर्स के साथ रेड कार्पेट पर नजर आ सकते हैं।
- **कान जूरी में पायल कपाड़िया:** 2024 में 'ऑल वी इमेजिन ऐज लाइट' के लिए ग्रैंड प्रिक्स जीतने के बाद फिल्म निर्माता पायल कपाड़िया इस साल कान की मुख्य जूरी में शामिल हैं।
- **अनुपम खेर आएंगे नजर:** एक्टर और फिल्म निर्माता अनुपम खेर की निर्देशित फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' का प्रीमियर मार्चे डु फिल्म कैटेगरी में होने वाला है। एक्टर के इस साल के कान समारोह में शामिल होने की उम्मीद है।
- **शर्मिला और सिमी:** शर्मिला टैगोर और सिमी ग्रेवाल सत्यजीत रे की 1970 की क्लासिक 'अरण्येर दिन रात्रि' के रिस्टोर वर्जन की स्पेशल स्क्रीनिंग में शामिल होंगी। इसे कान्स क्लासिक्स सेक्शन में दिखाया जाएगा। शर्मिला टैगोर अभिनीत इस फिल्म का प्रीमियर वेस एंडरसन और सिमी ग्रेवाल की मौजूदगी में होगा।



कान्स 2025 रेड कार्पेट से बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला की तस्वीरें सामने आई हैं जो काफी वायरल हो रही हैं।

---


**ऑपरेशन सिंदूर:** प्रधानमंत्री ने आदमपुर एयरबेस से पाकिस्तान को दिया सख्त संदेश

# अब आतंकियों को नहीं मिलेगा चैन

**आदमपुर (पंजाब), जेएनएन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को पंजाब के आदमपुर एयर फोर्स स्टेशन पर भारतीय वायुसेना और सशस्त्र बलों को ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए सराहते हुए पाकिस्तान को कड़ा संदेश दिया। पाकिस्तान सीमा से मात्र 100 किलोमीटर दूर स्थित इस एयरबेस पर पीएम मोदी ने सैनिकों को संबोधित किया और उनके पराक्रम को 'इतिहास रचने वाला' बताया। पीएम मोदी ने सैनिकों के बीच जाकर उनका हौसला बढ़ाया और जवानों ने जोर से नारे लगाए- 'भारत माता की जय'।

प्रधानमंत्री ने कहा, 'मैं गर्व से कह सकता हूं कि आप सभी ने अपने लक्ष्य को पूर्णता से साधा। पाकिस्तान में केवल आतंकवादी शिविर और वायुसेना ठिकाने ही नहीं ढहाए गए, उनके नापाक इरादे और दुस्साहस भी कुचल दिए गए।' पीएम मोदी का यह संबोधन एस-400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम की पृष्ठभूमि में हुआ, जिसे पाकिस्तान ने निशाना बनाए जाने का दावा किया था। यह दृश्य और भाषण दोनों ही पाकिस्तान को स्पष्ट संदेश देने के रूप में देखा जा रहा है कि भारत की सैन्य क्षमता अडिग और सशक्त है। प्रधानमंत्री ने कहा, 'जब हमारे ड्रोन दुश्मन की दीवारें तोड़ते हैं, मिसाइलें सीटी बजाती हुई लक्ष्य भेदती हैं, जब हम रात में भी सूरज उगा देते हैं, जब परमाणु धमकी की धूल उड़ा देते हैं, तो गगन से एक ही आवाज आती है- 'भारत माता की जय'।'





उधमपुर बेस पर संबोधित करते मोदी (ऊपर) और जवानों के साथ (बाएं)

**परमाणु युद्ध की संभावनाएं खारिज:** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की ओर से परमाणु युद्ध की अटकलों पर विदेश मंत्रालय ने कहा कि सैन्य कार्रवाई पूरी तरह से पारंपरिक क्षेत्र में थी। पाक के विदेश मंत्री ने परमाणु पहलू से इनकार किया है। भारत परमाणु ब्लैकमेल के आगे नहीं झुकेगा।

**19 मई को विदेश सचिव देंगे संसदीय समिति को ब्रीफिंग:** भारत और पाकिस्तान के बीच हालिया सैन्य तनाव की पृष्ठभूमि में विदेश सचिव विक्रम मिसरी 19 मई को संसद की स्थायी समिति (विदेश मामलों) को पाकिस्तान की मौजूदा स्थिति पर ब्रीफिंग देंगे। समिति के अध्यक्षता सांसद शशि थरूर हैं।

**एयर इंडिया और इंडिगो की 7 शहरों के लिए उड़ानें रद्द:** एयर इंडिया और इंडिगो ने उत्तर और पश्चिम भारत के कई शहरों के लिए उड़ान सेवाएं रद्द करने की घोषणा की है। एहतियाती उपायों के चलते जम्मू, लेह, जोधपुर, अमृतसर, भुज, जामनगर, चंडीगढ़ और राजकोट में उड़ाने रद्द की हैं।

### कश्मीर पर कोई मध्यस्थता स्वीकार नहीं पीओके खाली करे पाक: विदेश मंत्रालय

**नई दिल्ली, जेएनएन।** विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि पाकिस्तान पीओके को खाली करे। कश्मीर को लेकर किसी तीसरे पक्ष का दखल स्वीकार नहीं किया जाएगा और पाकिस्तान की गोली का जवाब गोली से दिया जाएगा। भारत और पाकिस्तान के बीच हालिया संघर्ष विराम के बाद अब भारत सरकार की ओर से विदेश मंत्रालय ने औपचारिक बयान जारी किया है। मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि दोनों देशों के बीच सभी मुद्दों का समाधान केवल द्विपक्षीय वार्ता से ही किया जाएगा और जम्मू-कश्मीर को लेकर भारत किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता स्वीकार नहीं करेगा। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत ने सख्त रुख अपनाते हुए पाकिस्तान को यह स्पष्ट संदेश दिया है कि उसे पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) को खाली करना होगा।

### कारगिल की तरह स्वतंत्र आकलन कराएं : कांग्रेस

**नई दिल्ली, जेएनएन।** कांग्रेस ने कारगिल युद्ध के बाद बनी एक समीक्षा समिति का हवाला देते हुए मंगलवार को कहा कि क्या नरेन्द्र मोदी सरकार इसी तरह पहलगाम आतंकी हमले को लेकर भी स्वतंत्र और व्यापक विश्लेषण एवं आकलन कराएगी? 1999 में युद्ध के तत्काल बाद कारगिल समीक्षा समिति का गठन हुआ था। इस समिति की रिपोर्ट आने के बाद सुरक्षा क्षेत्र में महत्ववपूर्ण सुधार तथा संस्थागत परिवर्तन किए गए थे। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'करगिल युद्ध समाप्त होने के ठीक तीन दिन बाद तब की वाजपेयी सरकार ने 29 जुलाई 1999 को करगिल समीक्षा समिति गठित की थी। इसकी रिपोर्ट 23 फरवरी, 2000 को संसद में प्रस्तुत की गई थी। हालांकि इसके कुछ हिस्सों को अब भी गोपनीय रखा गया है और ऐसा होना भी चाहिए।'

उधर, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने केंद्र सरकार से पहलगाम आतंकवादी हमले, ऑपरेशन सिंदूर और हाल में घोषित 'संघर्ष विराम' सहित सीमापार से गोलीबारी के नवीनतम घटनाक्रम पर चर्चा के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने की अपनी मांग सोमवार को दोहराई। खड़गे ने कहा, राहुल गांधी और मैंने, प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग की है।

### कश्मीर के गैर-संवेदनशील जिलों में दोबारा खुले स्कूल-कॉलेज

**श्रीनगर, जेएनएन।** मंगलवार को जम्मू-कश्मीर के गैर-संवेदनशील जिलों में सभी स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय दोबारा खुल गए हैं। पिछले सप्ताह सीमा पर बढ़ते तनाव के कारण केंद्र शासित प्रदेश में सभी शैक्षणिक संस्थान एहतियातन बंद कर दिए गए थे। अधिकारियों के अनुसार, कुपवाड़ा, बारामुला और बांदीपोरा जिले के गुरेज सेक्टर जैसे सीमावर्ती क्षेत्रों में स्थित शिक्षण संस्थान अभी बंद रहेंगे। वहीं, कश्मीर विश्वविद्यालय बुधवार से नियमित कक्षाएं फिर से शुरू करेगा। राज्य सरकार ने सोमवार को आदेश जारी कर गैर-सीमावर्ती जिलों में शिक्षण संस्थानों को खोलने की अनुमति दी थी। स्कूल खुलते ही छात्र-छात्राओं में खुशी देखने को मिली और कई दिनों के विराम के बाद उन्होंने कक्षाओं में भाग लेना शुरू किया।



### मुंबई जाने वाली इंडिगो उड़ान को बम की सूचना पर रोका गया

**कोलकाता, जेएनएन।** कोलकाता एयरपोर्ट पर मंगलवार दोपहर इंडिगो की मुंबई जाने वाली उड़ान को एक यात्री द्वारा बम होने की बात कहने पर रोक दिया गया। 26 वर्षीय यात्री, जो इंफाल से कोलकाता होकर मुंबई जा रहा था, ने बोर्डिंग से पहले सुरक्षा जांच के दौरान कहा कि उसके पास बम है। इसके बाद विमान को आइसोलेशन बे में ले जाकर विस्तृत जांच की गई। यात्री को हिरासत में ले लिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत सभी आवश्यक कदम उठाए गए और उड़ान को देर से रवाना किया गया।

---

# यूएई को 1.3 अरब डॉलर के हथियार देगा अमेरिका

### ट्रंप के मिडिल ईस्ट दौरे से पहले विदेश मंत्रालय का एलान

**वॉशिंगटन, जेएनएन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप मिडिल ईस्ट की यात्रा शुरू करने वाले हैं। इससे पहले अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने संयुक्त अरब अमीरात को 1.4 बिलियन डॉलर के हथियार बेचने की मंजूरी दे दी है। मंजूरी के अनुसार, यूएई 1.32 बिलियन डॉलर की लागत से 6सीएच-47एफ चिनूक हेलीकॉप्टर खरीदेगा। साथ ही यूएई एफ-16 फाइटर जेट्स के पार्ट्स और अन्य रखरखाव सेवाओं के लिए लगभग 130 मिलियन डॉलर खर्च करेगा। विदेश मंत्रालय के अनुसार, ये बिक्री अमेरिका की विदेश नीति और राष्ट्रीय सुरक्षा उद्देश्यों को बढ़ावा देने में मदद करेगी। साथ ही यूएई की रक्षा क्षमताएं भी इससे बढ़ेगी। इस समझौते से दोनों देशों के बीच सैन्य सहयोग विश्वास और मजबूत होने की उम्मीद है। ये हथियार पैकेज दोनों देशों के बीच कनेक्शन को और मजबूत करने का हिस्सा है। यूएई पहले से ही अमेरिकी हथियारों का एक प्रमुख खरीदार है, इस समझौते के जरिए से अपनी सैन्य क्षमताओं को और बढ़ाएगा।



**सऊदी अरब जाएंगे ट्रंप**

अमेरिकी राष्ट्रपति खाड़ी दौरे के पहले चरण में आज 13 मई को सऊदी अरब पहुंचेंगे। इसके बाद वो कतर और यूएई जाएंगे। ट्रंप की नजर इन खाड़ी देशों के साथ बिजनेस डील करने पर होगी, अपने तीन देशों के यात्रा के दौरान वह आर्थिक और कूटनीतिक मुद्दों को लेकर चर्चा कर सकते हैं। ट्रंप की तीन देशों की यात्रा उनके साथ अपने रिश्ते मजबूत करने का अवसर है।

### हमास की कैद से 584 दिन बाद इजराइल लौटे एडन

**तेल अवीव, जेएनएन।** 584 दिनों तक हमास की कैद में रहने के बाद, इजराइली-अमेरिकी बंधक एडन अलेक्जेंडर अब इजराइल लौट आए हैं। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इसे एक भावनात्मक क्षण बताया। उन्होंने अलेक्जेंडर का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि इजराइली सैन्य दबाव और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कूटनीतिक प्रयासों के चलते अलेक्जेंडर की वापसी संभव हो सकी है। नेतन्याहू ने इसे एक विजयी संयोजन बताया। अलेक्जेंडर का स्वागत करते हुए पीएम नेतन्याहू ने कहा कि यह एक बहुत ही भावनात्मक क्षण है। एडन घर लौट आए हैं। हम उन्हें और उनके परिवार को गले लगाते हैं। यह हमारे सैन्य दबाव और राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा लगाए गए कूटनीतिक दबाव की बदौलत हासिल हुआ है। यह एक विजयी संयोजन है। नेतन्याहू ने आगे कहा कि उन्होंने राष्ट्रपति ट्रंप से बात की है। ट्रंप ने इजराइल के साथ काम करने का भरोसा दिलाया है। नेतन्याहू ने कहा, 'मैंने आज राष्ट्रपति ट्रंप से बात की। उन्होंने कहा कि मैं इजराइल के साथ काम करना जारी रखूंगा, ताकि हमारे सभी युद्ध उद्देश्यों को प्राप्त किया जा सके, जिसमें सभी बंधकों की रिहाई और हमास को हराना शामिल हैं।'



---

आनंद डंडीर और राजेंद्र सिंह चौहान सस्पेंड, तस्करों से सांठगांठ का आरोप

# हाईकोर्ट की फटकार के बाद दो आबकारी अधिकारी निलंबित

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश के आबकारी आयुक्त अभिजीत अग्रवाल ने विभाग के दो अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। जानकारी के अनुसार, हाईकोर्ट की इंदौर पीठ ने विभाग द्वारा जब्त की गई शराब को ले जा रहे वाहनों के खराब होने और उसके तत्काल बाद शराब को अन्य वाहनों में ले जाने से संबंधित कार्यवाही पर गंभीर सवाल उठाए थे। सुनवाई के दौरान जमकर फटकार लगाते हुए दोषी अफसरों पर कार्रवाई के आदेश भी दिए थे। इसके साथ ही अदालत ने डीजीपी को एसआईटी गठित कर इस मामले की गहराई से जांच के आदेश दिए थे। कोर्ट की कड़ी फटकार के बाद आबकारी विभाग ने इंदौर में पदस्थ आबकारी उपायुक्त से इस संबंध में लिखित प्रतिवेदन मांगा था। लिखित प्रतिवेदन के बाद धार जिले में पदस्थ सहायक जिला आबकारी अधिकारी आनंद डंडीर और उप निरीक्षक राजेंद्र सिंह चौहान को मंगलवार को सस्पेंड कर दिया गया।




### तस्करों से सांठगांठ के लगे थे आरोप

अलीराजपुर के जोबट थाना क्षेत्र में 24 अक्टूबर 2024 को पुलिस ने दो गाड़ियों को पकड़ा। इनमें 14760 लीटर अंग्रेजी शराब मिली। जो अलग-अलग बैच नंबर और तारीख की थी। तस्करी के आरोप में पकड़े गए दोनों ड्राइवरों शांतिलाल और गजेंद्र को परमिट न होने पर गिरफ्तार कर दोनों वाहन जब्त किये थे। दोनों ट्रकों से बरामद शराब को जिन वाहनों के जरिए जब्ती के लिए ले जाया जा रहा था, तभी ट्रकों के खराब होने की जानकारी आबकारी अफसरों को लगी। इसके बाद आनन-फानन में नए वाहनों का इंतजाम कर जब्त शराब को छोड़कर उसे रवाना कर दिया गया। दोनों मामलों में एक जैसी कहानी बताई गई। मामले का खुलासा तब हुआ जब 4 फरवरी 2025 को इंदौर बेंच में जस्टिस संजीव एस कलगांवकर की कोर्ट में दोनों ड्राइवरों की जमानत याचिकाओं पर सुनवाई हुई। इसमें पता चला कि दोनों में घटना के दो महीने बाद 21 फरवरी 2025 को अस्थायी परमिट जारी किए।

---

**डिजिटल स्ट्राइक** | भारत-पाक संघर्ष विराम के बाद इंटरनेट पर हो रही मीम्स के जरिये जंग

# फैक्ट चैकर, मीमर्स बने भारत के डिजिटल योद्धा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** पाकिस्तान की ओर से आतंकवाद और दुष्प्रचार के हालिया प्रयासों के जवाब में भारत ने संयम, तर्क और सटीकता के साथ प्रतिक्रिया दी। आधिकारिक प्रतिक्रिया संतुलित और संयमित रही, वहीं भारत की अनाधिकारिक प्रतिक्रिया उग्र और हास्य के तीरों से लैस थी। इंटरनेट पर भारत की जनता ने एक सुर में पाकिस्तान समर्थित दुष्प्रचार का मुंहतोड़ जवाब दिया। वीएस नायपॉल की 'ए मिलियन म्यूटिनीज नाऊ' जैसा इंटरनेट, जो रोजाना विभिन्न अंतर्कलहों से भरा रहता है, वह भी एकजुट हो गया। जैसे एवेंजर्स एंडगेम में पोर्टल खुलते हैं, वैसे ही इंटरनेट पर हर वर्ग के भारतीय सामने आ गए।




जो काम रणनीतिक क्षेत्र में ब्रह्मोस, तेजस, और आईएनएस विक्रांत करते हैं, वही काम इंटरनेट पर भारतीयों ने किया। बिना किसी देरी, बिना किसी माफी के सटीक, विनाशकारी और गर्व से भरा हुआ जवाब। 'तेजस' जैसे ट्रोल टाइमलाइन में घुसकर निशाना लगाया, 'अर्जुन टैंक' जैसे फर्जी नैरेटिव कुचले गए, और 'आईएनएस विक्रांत' की तरह डिजिटल जल से मीम स्ट्राइक्स की बौछार हुई। यह थी 'अग्नि' जैसी प्रतिक्रिया -'आकाश' जैसी सटीकता के साथ। लेकिन भारतीयों की इस एकता में कोई नई बात नहीं है। नोबेल पुरस्कार विजेता अमर्त्य सेन ने अपनी किताब 'आईडेंटिटी एंड वॉयलेंस' में लिखा था- 'हम कई पहचानें एक साथ लेकर चलते हैं - मैं एक साथ एशियाई, भारतीय नागरिक, बांग्लादेशी वंश का बंगाली, अर्थशास्त्री, नास्तिक, नारीवादी, हिंदू पृष्ठभूमि वाला, संस्कृतज्ञ और लोकतंत्र का पक्षधर हो सकता हूं, और यह तो सिर्फ एक छोटा सा नमूना है।' अब सोचिए, जब ऐसा हर एक भारतीय हो और जब इनकी संख्या 1.46 अरब हो, तो उस देश की ताकत क्या होगी? यह दुनिया का सबसे अनूठा लोकतांत्रिक प्रयोग है। इंटरनेट पर हुई बहसों से यह तो साफ हो गया कि भारत में मतभेद जरूर हैं, लेकिन जब बात देश की गरिमा और सच्चाई की हो, तो पूरा देश एक साथ खड़ा हो जाता है।

**इंटरनेट पर भी अपराजेय**

### इन्होंने संभाला ई-मोर्चा

- फैक्ट चेकरों ने दिन-रात पाकिस्तान के झूठे वीडियो ढूंढ-ढूंढकर खारिज किए।
- ओसिन्ट विशेषज्ञों ने लाइव जांच कर पाकिस्तान के फेक नैरेटिव को पलट दिया।
- फुटबॉल प्रेमियों ने व्यंग्य में पूछा: क्या पाकिस्तान 'वर्ल्ड का आर्सेनल' है?
- यात्रा व्लॉगरों ने लोगों को तुर्की और अजरबैजान जैसे पाकिस्तान समर्थक देशों से बचने की सलाह दी।
- हैकर्स ने कराची पोर्ट जैसे कई पाकिस्तानी ट्विटर हैंडल हैक कर दिए।
- इंस्टाग्राम पर खान चाचा की व्यंग्यात्मक वीडियो ने पाकिस्तानी हथियारों का 'संस्कार' कर दिया।
- सबसे हैरान करने वाली प्रतिक्रिया रही के-पॉप फैंस की। फैनकैम और मेलॉन चार्ट में व्यस्त ये युवा एकजुट हो गए।
- रणवीर इलाहाबादिया उर्फ बीयर बाइसेप्स के 'पीयर्स मॉर्गन शो' में पाकिस्तान के प्रवक्ता को जबरदस्त जवाब मिला। लोग सोच रहे थे कि वो हल्के साबित होंगे, पर उन्होंने बहुतज संयम और तथ्य के साथ जवाब दिया।

---

सुप्रीम कोर्ट का केंद्र सरकार को निर्देश

# सड़क दुर्घटना के पीड़ितों के लिए कैशलेस योजना सही अर्थों में लागू कर अगस्त तक दाखिल करें हलफनामा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को मंगलवार को निर्देश दिया कि वह सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए कैशलेस (नकदी रहित) उपचार योजना को सही अर्थों में लागू करे। इस योजना के तहत प्रत्येक दुर्घटना में घायल हर व्यक्ति अधिकतम 1.5 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज पाने का हकदार होगा। जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने केंद्र को अगस्त 2025 के अंत तक हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया, जिसमें योजना के क्रियान्वयन के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई हो। क्रियान्वयन रिपोर्ट में इस योजना के तहत कैशलेस उपचार प्राप्त करने वाले लाभार्थियों की संख्या शामिल होगी। सुनवाई में केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट को योजना तैयार किए जाने की जानकारी दी और कहा कि यह पांच मई से लागू हो चुकी है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की गजट अधिसूचना के अनुसार, किसी भी सड़क पर मोटर वाहन दुर्घटना का शिकार होने वाला कोई भी व्यक्ति इस योजना के प्रावधानों के अनुसार कैशलेस उपचार का हकदार होगा। बता दें कि कोर्ट ने मोटर दुर्घटना पीड़ितों के इलाज के लिए कैशलेस योजना तैयार करने में देरी को लेकर 28 अप्रैल को केंद्र की खिंचाई की थी और कहा था कि उसके आठ जनवरी के आदेश के बावजूद केंद्र ने न तो निर्देश का पालन किया और न ही समय बढ़ाने की मांग की। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हालांकि मोटर वाहन अधिनियम की धारा 164ए को एक अप्रैल, 2022 को तीन साल की अवधि के लिए लागू किया गया था, लेकिन केंद्र ने दावेदारों को अंतरिम राहत के लिए योजना बनाकर इसे लागू नहीं किया। कोर्ट ने केंद्र से यह भी कहा था कि आप हमारी अवहेलना कर रहे हैं। कोर्ट ने कहा कि 'क्या सरकार सच में आम आदमी के भले के लिए काम कर रही है? जब यह कानून पहले से ही अस्तित्व में है, तो योजना को लागू क्यों नहीं किया जा रहा?' अदालत ने यह भी कहा कि यह एक कल्याणकारी प्रावधान है और इसका पालन न करना सरकार की ओर से न केवल कानून के उल्लंघन जैसा है, बल्कि यह सार्वजनिक कल्याण के खिलाफ भी है।



### अधिकारियों को लगाई फटकार

सुप्रीम कोर्ट ने अधिकारियों को उनके लापरवाह रवैये के लिए फटकार लगाई और एक तरफ राजमार्गों के निर्माण और दूसरी तरफ गोल्डन ऑवर उपचार जैसी सुविधाओं की कमी के कारण होने वाली मौतों पर चिंता जताई। अदालत ने कहा- मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 2(12-ए) के तहत गोल्डन ऑवर दुर्घटना के बाद के एक घंटे की अवधि को संदर्भित करता है, जिसके तहत समय पर चिकित्सा उपलब्ध कराने से मृत्यु को रोका जा सकता है लेकिन आप कुछ ठोस करते नहीं दिख रहे जबकि दुर्घटना से होने वाली मौतों के मामले में भारत का दुनिया में पहला स्थान है।

# कलेक्टर ने आपातकालीन व्यवस्थाओं के लिए अधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी

**जागरण, पन्ना ।** वर्तमान परिस्थितियों में नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर सुरेश कुमार ने राहत और बचाव कार्य के लिए अधिकारी तैनात किए हैं। आपदा प्रबंधन के लिए जिला स्तरीय प्लान बनाकर अलग.अलग अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। गृह विभाग के गत 9 मई को आपदा प्रबंधन के दृष्टिगत जारी पत्र के परिपालन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारीए जिला शिक्षा अधिकारीए जिला परियोजना समन्वयक एवं जिला संयोजक को सभी अस्पताल में अनिवार्य जीवनरक्षक दवाईयों एवं उपकरणए चिकित्सक एवं मेडिकल टीम की उपस्थितिए ब्लड बैंक में सभी ग्रुप के रक्त की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने सहित विभिन्न अस्पताल व स्कूल एवं छात्रावासों में अस्थाई आश्रय एवं जनरेटर व्यवस्था की जिम्मेदारी दी गई है। इसी तरह पुलिस अधीक्षक एवं जनसंपर्क अधिकारी को सोशल मीडिया पर निगरानी कर देश के विरूद्ध भड़काउ पोस्ट या सामग्री पर तुरंत कानूनी कार्यवाही करने तथा प्रदेश में माहौल खराब न होने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा समय.समय पर जारी निर्देशों का पालन सुनिश्चित कराने सहित दूरसंचार कंपनियों से समन्वय कर संचार सेवाओं को निरंतर दुरूस्त रखनेए जिला आपूर्ति अधिकारी को आपात स्थिति में जिलों में पर्याप्त खाद्य सामग्री व पेट्रोल.डीजलए घरेलू गैस इत्यादि की उपलब्धता तथा खाद्य सामग्री व अन्य आवश्यक वस्तुओं के अनावश्यक भण्डारण पर जरूरी कार्यवाही का दायित्व सौंपा है। ईई पीएचई को आपात स्थिति में पेयजल की पूर्ण व्यवस्थाए पुलिस अधीक्षकए सीएमएचओए कार्यपालन यंत्री विद्युत वितरण कंपनीए जिला आपूर्ति अधिकारी एवं प्रभारी अधिकारी धर्मस्व को जिले के अतिसंवेदनशील स्थलों की सूची और अस्पतालए पावर प्लांटए तेल व गैस डिपोए धार्मिक स्थल तथा भारत सरकार के संस्थान की जानकारी अद्यतन करनेए जिला पंचायत सीईओ को ग्राम व पंचायत स्तर पर नागरिकों में सुरक्षा व विश्वास की भावना बनाए रखने के उद्देश्य से नागरिक सुरक्षा संबंधी जानकारी देनेए पुलिस अधीक्षक एवं सभी नगरीय निकायों के सीएमओ को अग्निशमन सेवाओं को सक्रिय रखकर आवश्यक उपकरणों की जांच का दायित्व सौंपा गया है। इस क्रम में पब्लिक एड्रेस सिस्टम को पर्याप्त संख्या में चालू स्थिति में रखने के लिए पुलिस अधीक्षकए समस्त नगरीय निकायों के सीएमओ एवं जनपद पंचायत सीईओए आपदा प्रबंधन की मॉकड्रिल व चेतावनी के परिप्रेक्ष्य में शहरों में सायरन व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा स्थानीयए जिला व पुलिस प्रशासन से आवश्यक समन्वय कर जरूरी व्यवस्थाओं के लिए पुलिस अधीक्षकए जिला पंचायत सीईओए सभी अनुविभागीय दण्डाधिकारी एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। इसके अतिरिक्त आपदा की स्थिति में गैर सरकारी संगठनोंए राष्ट्रीय सेवा योजना तथा एनसीसी एवं सिविल स्वयंसेवकों के राहत व बचाव कार्य में प्रभावी सहयोग के लिए भागीदारी का दायित्व जिला सेनानी होमगार्डए सभी महाविद्यालय प्राचार्य और जिला शिक्षा अधिकारीए उद्योगों में सुचारू रूप से उत्पादन जारी रखकर इनकी सुरक्षा का दायित्व पुलिस अधीक्षक एवं महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्रए लोक निर्माण विभाग की सड़क व पुल की देखभाल एवं सुरक्षा का दायित्व कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभागए विद्युत प्रदाय की निरंतर आपूर्ति व्यवस्था सुनिश्चित करने का दायित्व कार्यपालन यंत्री विद्युत वितरण कंपनी को सौंपा गया है।



## जिला स्तरीय कंट्रोल रूम स्थापित

जिला कलेक्टर द्वारा पन्ना जिले में संभावित आपदा के संबंध में आवश्यक सूचनाओं के आदान.प्रदान तथा त्वरित कार्रवाई के लिए जिला स्तरीय आपदा नियंत्रण कंट्रोल रूम भी स्थापित कराया गया है। इसका दूरभाष क्रमांक 07732.252342 एवं 07732.250204 है। कलेक्ट्रेट स्थित जिला नियंत्रण कक्ष पन्ना में स्थापित जिला स्तरीय आपदा नियंत्रण कंट्रोल रूम का प्रभारी अधिकारी अधीक्षक भू.अभिलेख त्रिलोक सिंह पूसाम को बनाया गया है। साथ ही अधीनस्थ स्टॉफ की कंट्रोल रूम में ड्यूटी निर्धारित कर सजगतापूर्वक दायित्व निर्वहन तथा आपदा के दौरान आने वाली सूचनाओं की डेली रिपोर्ट तैयार कर प्रति दिवस कलेक्टर एवं अपर कलेक्टर को अवगत कराने के लिए निर्देशित करने के निर्देश भी दिए गए हैं। यह कंट्रोल रूम 24 घंटे एवं सप्ताह के प्रत्येक दिवस संचालित रहेगा। भोपाल स्थित वल्लभ भवन में भी गृह विभाग का कंट्रोल रूम बनाया गया है। इसका दूरभाष क्रमांक 0755.2708055 एवं मोबाइल नम्बर 7648862100 है।

## आपातकालीन स्थिति में नागरिकों की सुरक्षा के लिए स्वयंसेवकों का प्रशिक्षण हुआ संपन्न

**पन्ना।** देश की सीमा पर बीते दिनों बने तनाव और हालात को देखते हुए देश की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चाहे केंद्र सरकार लगातार सजग बनी हुई है। देश प्रदेश में उभरती सुरक्षा चिंताओं को देखते हुए एक मजबूत प्रतिक्रिया तंत्र विकसित करने की बहुत आवश्यकता है। इसी को लेकर प्रदेश सरकार के आदेश अनुसार पवई के शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में बुधवार को स्वयंसेवकों के प्रशिक्षण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें पन्ना एसडीआरएफके सत्यपाल जैन के द्वारा नगरीय एवं ग्रामीण स्तर पर स्वयंसेवकों की टीम बनाई गई एवं उनका किसी भी आपातकालीन स्थिति जैसे आपदा से बचाने और निकालने का अभियानएप्राथमिक चिकित्सा यातायात प्रबंधनए भीड़ नियंत्रणएसार्वजनिक सुरक्षा आपदा प्रतिक्रिया और पुनर्वास प्रयासों में सहायता करने जैसी चीजों का प्रशिक्षण दिया गया। इसमें नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र से आए हुए लगभग 217 स्वयंसेवकों को प्रशिक्षित किया गया । इसके साथ ही स्वयंसेवकों को समय.समय पर शासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों आपातकाल स्थिति में बजने वाले सायरन इत्यादि के बारे में भी बताया एवं समझाया गया । इस अवसर पर पवई एसडीएम समीक्षा जैनएएसडीओपी आर एम दुबेएतहसीलदार प्रीतिपंडीए सीईओ अखिलेश उपाध्यायए सीएमओ तबस्सुम खानए नायब तहसीलदार राकेश श्रीवास्तवए खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रशांत भदोरियाएथाना प्रभारी त्रिवेंद्र त्रिवेदीएसिमरिया थाना प्रभारी जगतपाल सिंहए मोहन्द्रा चौकी प्रभारी स्मिता बघेलए बीपीओ वेद नारायण अवस्थी सहित सैकड़ो स्वयंसेवक अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# पूर्व में हुई चोरी का नहीं हो सका खुलासा फिर हुई दिनदहाड़े लूट और मारपीट की वारदात

**जागरण, टीकमगढ़।** कोतवाली थाना क्षेत्र में चोरी लूट मारपीट की घटनाएं आम होती जा रही है। वही पूर्व में हुई चोरियों का खुलासा तो नहीं हुआ लेकिन खुलासे के बदले एक और घटना मंगलवार को सामने आई जब खुलेआम 6.7 लोगों के एक गिरोह ने एक महिला और उसके रिश्तेदार पर जानलेवा हमला कर मारपीट की फरियादी महिला के अनुसार करीब एक लाख बीस हजार रुपए नकद और कीमती सोने के आभूषण की लूट हुई। इस घटना ने इलाके में सनसनी फैलादी जीजा राममिलन राजपूत ने बताया कि वह उत्तर प्रदेश के डगराना गांव की रहने वाले है वह अपने रिश्तेदार महिला रोशनी जो धर्मपुरा की रहने वाली है उसके साथ टीकमगढ़ में किसी पारिवारिक कार्य से आए हुए थे। वारदात के दौरान हमलावरों ने राममिलन के साथ भी बर्बरता से मारपीट की और उनसे भी नकदी छीन ली। महिला का कहना है कि हमलावर उन्हें पहले से जानते थे और मौका पाते ही इस दुस्साहसिक वारदात को अंजाम दिया। घटना के बाद पीड़ित पक्ष ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की तफ्तीश में जुट गई है और आरोपियों की तलाश जारी है। देखना यह होगा कि कोतवाली पुलिस इस घटना का खुलासा कर पाएगी या नहीं क्योंकि बीते दिनों बदान मुहल्ले में हुई लाखों की चोरी का अब तक खुलासा नहीं हो सका है जबकि महिला ने चोरी करने वाले युवक की सीसीटीवी वीडियो के साथ साथ युवक की पहचान भी करली है इसके साथ साथ लोकेशन भी बताई जा चुकी है कही न कही पुलिस की लचर व्यवस्था के चलते जिले में बड़ी बड़ी घटनाएं आम हो गई है।



# जिले के विभिन्न स्थानों पर हुआ सिविल डिफेंस वालेंटियर्स का प्रशिक्षण

**जागरण, पन्ना।** शासन के निर्देशानुसार किसी आकस्मिक अथवा संभावित घटना की परिस्थिति में नागरिकों की जीवन रक्षा के लिए सिविल डिफेंस वालेंटियर्स को पुलिसए होमगार्ड एवं स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य विभागों की टीम द्वारा आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इस क्रम में आज अजयगढ़ में ग्रामीण व नगरीय क्षेत्र के वालेंटियर्स को एसडीएम आलोक मार्कोए अनुविभागीय अधिकारी पुलिसए जिला सेनानी होमगार्डए थाना प्रभारीए जनपद पंचायत सीईओ एवं विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी द्वारा प्रशिक्षित किया गया। इस दौरान प्रशिक्षकों द्वारा नागरिक सुरक्षा के संबंध में जारी नियमों व निर्देशों की जानकारी प्रदान कर व्यवहारिक रूप से विभिन्न सुरक्षा उपायों की बारीकियां समझाई गईं। साथ ही अलग.अलग जीवन रक्षा उपकरणों के बारे में भी महत्वपूर्ण जानकारी से अवगत कराया गया। पवई विकासखण्ड मुख्यालय में भी वालेंटियर्स को प्रशिक्षित किया गया। इसके अतिरिक्त जिला मुख्यालय पन्ना में भी एसडीईआरएफ की टीम द्वारा मॉकड्रिल का अभ्यास कराया गया और किसी आपदा पर राहत बचाव कार्य की महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करने के साथ वास्तविक परिदृश्य की भांति हवाई हमले की स्थिति में सायरन बजने और ब्लैकआउट की जानकारी दी गई। होमगार्ड एवं नगर पालिका की संयुक्त टीम द्वारा भी संभावित घटना के परिप्रेक्ष्य में नागरिकों को सुरक्षित स्थल पर आश्रय गृह में भेजने तथा वालंटियर्स टीम की भूमिका की जानकारी दी गई।



# पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ




**जागरण, पन्ना।** शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना के प्राचार्य अरविन्द कुमार त्रिपाठी ने बताया कि डिप्लोमा इन इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम अंतर्गत शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना एवं पवई में कक्षा 10वीं के आधार पर प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। पन्ना में सिविलए मैकेनिकलए कम्प्यूटर साइंस एवं मॉडर्न आफिस मैनेजमेंट तथा पवई में सिविलए मैकेनिकलए कम्प्यूटर साइंस एवं इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड टेली कम्यूनिकेशन ब्रांच में सत्र 2025.2026 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीयन के जरिए प्रवेश होंगे। च्वाइस फिलिंग के बाद प्रवेश की सूची जारी होगी और विद्यार्थी चयनित पॉलीटेक्निक में ब्रांच अनुसार प्रथम चरण में टीएफडबल्यू और सामान्य सीट के लिए संयुक्त रूप से प्रवेश ले सकते हैं। पंजीयन की प्रक्रिया आगामी एक जून की रात्रि 11:45 बजे तक चलेगी तथा सभी संचालित ब्रांच में प्रवेश हाईस्कूल के आधार पर होगा। इसके लिए दोनों संस्थाओं की टीम द्वारा नगर एवं आसपास के गांव में संपर्क कर विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को वांछित जानकारी प्रदान कर प्रवेश लेने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। संस्था प्रमुख ने बताया कि विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य के दृष्टिगत तकनीकी शिक्षा बहुत उपयोगी है। डिप्लोमा के अंतिम वर्ष में ही विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों में प्लेसमेंट की संभावना होती है। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज पन्ना एवं पवई में कार्यालयीन समय में संपर्क कर सकते हैं अथवा एमपी ऑनलाइन कियोस्क के माध्यम से भी प्रवेश प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

# हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी द्वितीय परीक्षा 2025 आवेदन की अंतिम तिथि 21 मई निर्धारित

**जागरण, पन्ना।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के विहित प्रावधानों के अनुक्रम में माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा शैक्षणिक सत्र 2024.25 से दो परीक्षाएं मुख्य एवं द्वितीय परीक्षा आयोजित की जा रही है। यह हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी के छात्रों के लिए मुख्य परीक्षा में शामिल छात्रों को दूसरा अवसर प्रदान करेगीए जिससे वे अपने अंकों में सुधार कर सकें या अनुत्तीर्ण विषयों में उत्तीर्ण हो सकें। इस संबंध में आवश्यक विधिक संशोधन करते हुए मध्यप्रदेश शासनए स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा माध्यमिक शिक्षा मंडल विनियम 1965 में संशोधन का प्रस्ताव तैयार कर मध्यप्रदेश राजपत्र में अंतिम प्रकाशन 1 मई 2025 को किया गया है। मंडल द्वारा जारी पत्र अनुसार द्वितीय परीक्षा में सम्मिलित होने के इच्छुक छात्र 21 मई को रात 12 बजे तक एमपी ऑनलाइन कियोस्क के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। छात्र को अपने मुख्य परीक्षा के परिणाम के आधार पर संबंधित विषयों का चयन कर ऑनलाइन आवेदन करना होगा।

## द्वितीय परीक्षा की मुख्य विशेषताएं

छात्र उन विषयों का चयन अनिवार्य रूप से करेंगेए जिनमें वे अनुत्तीर्ण हैंए जबकि उत्तीर्ण विषयों का चयन स्वैच्छिक रहेगा। मुख्य परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र भीए यदि चाहें तोए अंक सुधार के उद्देश्य से द्वितीय परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं। छात्र का अंतिम परिणाम मुख्य और द्वितीय परीक्षा में प्राप्त श्रेष्ठ अंकों के आधार पर तैयार किया जाएगा। द्वितीय परीक्षा की अंकसूची भी मान्य होगी और इसे मुख्य परीक्षा के समान ही महत्व दिया जाएगा। हाईस्कूल द्वितीय परीक्षा 17 जून से 26 जून तक तथा हायर सेकेण्डरी द्वितीय परीक्षा 17 जून से 5 जुलाई तक प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक निधारित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होगी। मंडल ने सभी जिला शिक्षा अधिकारियोंए स्कूल प्राचार्यों एवं शिक्षकों से अनुरोध किया है कि वे इस परीक्षा की जानकारी अपने जिले के समस्त शासकीय.अशासकीय विद्यालयों में छात्रों तक पहुंचाएंए ताकि कोई भी पात्र छात्र इस अवसर से वंचित न रहें।

## शिक्षकों की समस्या के निराकरण के लिए 19 मई से लगेंगे शिविर

**पन्ना।** स्कूल शिक्षा विभाग ने ग्रीष्मकालीन अवकाश की समाप्ति तक की अवधि में संभाग और जिला स्तर पर शिक्षकों की समस्याओं के निराकरण के लिए 19 मई से शिविर लगाने का फैसला किया है। शिविर में किए जाने वाले कार्यों के संबंध में लोक शिक्षण संचालनालय ने संभागीय संयुक्त संचालक और जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश जारी किए हैं। शिविर में क्रमोन्नति वेतनमानए समयमान वेतनमानए वेतनवृद्धिए सेवा अभिलेखों के अपडेशन पर विशेष कार्य किया जाएगा। इसके साथ ही आगामी 3 वर्षों में सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों के वेतन निर्धारण का कोष एवं लेखा द्वारा परीक्षण किया जाकर वसूली योग्य प्रकरणों में सेवा से पूर्व वसूली का निर्धारण किया जाएगा। शिविर में पेंशन और अन्य लंबित स्वत्वों का निराकरणए अन्य लंबित अभ्यावेदनों का निराकरण किया जाएगा।

# आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर



**जागरण, पन्ना।** आयुष विभाग द्वारा बुधवार को जिले के सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। इस क्रम में पहाड़ीखेरा अंतर्गत ग्राम अमरईया में भी सामान्य नेत्र रोग और ईएनटी समस्याओं के लिए देखभाल की थीम पर आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में उपस्थितजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिला आयुष अधिकारी डॉण् आरण्केण् वर्मा के मार्गदर्शन में संपन्न हुए शिविरों में बीपी एवं शुगर की जांच की गईए जबकि नेत्र रोगए कर्णशूलए मुखपाकए उदर रोगए बवासीरए चर्म रोगए मूत्र रोगए गठिया वातए लीवर और किडनी संबंधी विकारों एवं बीमारियों का परीक्षण कर औषधियों का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर लोगों को स्वस्थ्य रहने के लिए नियमित आहार विहार और योग एवं प्राणायाम अपनाने के लिए प्रेरित किया। पहाड़ीखेरा के शिविर में 76 व्यक्ति लाभांवित हुए।

# जल गंगा संवर्धन अभियान में उत्कृष्ट कार्य पर मिलेगा पुरस्कार

**जागरण, पन्ना।** जल गंगा संवर्धन अभियान में श्रेष्ठ कार्य करने वाले अधिकारियोंए कर्मचारियोंए कर्मियों को पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा राज्य स्तर पर पुरस्कृत किया जाएगा। पुरस्कार दो श्रेणी में प्रदान किये जाएंगे। एक पुरस्कार जल गंगा संवर्धन अभियान में समग्र रूप से उत्कृष्ट कार्य पर और दूसरा मनरेगा अंतर्गत खेत तालाब निर्माण में श्रेष्ठ कार्य करने पर दिया जाएगा। अभियान में समग्र रूप से श्रेष्ठ कार्य करने पर पुरस्कार प्रथमए द्वितीय व तृतीय श्रेणी में दिया जाएगा। विभाग द्वारा सभी कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ को निर्देश पत्र भी जारी कर दिए गए हैं। अभियान में समग्र रूप से श्रेष्ठ कार्य करने वाले जिला कलेक्टर को क्रमशरू एक लाख 50 हजार रुपएए एक लाख 25 हजार रुपए और एक लाख रुपए की पुरस्कार राशि से पुरस्कृत किया जाएगा। इसी प्रकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत को प्रथमए द्वितीय व तृतीय पुरस्कार क्रमशरू एक लाखए 75 हजार और 50 हजार रुपए पुरस्कार स्वरूप राशि प्रदान की जाएगीए जबकि जिले के अमले के लिए क्रमशरू 6 लाखए 4 लाख 50 हजार और 3 लाख रुपए की पुरस्कार स्वरूप राशि प्रदान की जाएगी।

जिले के अधिकारियों.कर्मचारियों को पुरस्कार देने के लिए जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जिला स्तरीय समिति द्वारा चयन किया जाएगा। इसके साथ ही यदि अभियान के अंतर्गत श्रेष्ठ कार्य करने वाले जिलाए जनपदए पंचायत में कार्यरत अधिकारियोंए कर्मचारियोंए कर्मियों का स्थानांतरण हो जाता हैए तो उन्हें पदस्थापना की कार्य अवधि के समानुपात में पुरस्कार की राशि प्रदान की जाएगी। जल गंगा संवर्धन अभियान की अवधि पूर्ण होने पर निर्धारित मापदंडों के अनुसार जिलाए जनपद और ग्राम पंचायतों की रैंक के आधार पर उपरोक्त श्रेणियों का चयन किया जाएगा। इसका सत्यापन राज्य स्तर पर किया जाएगा।

## खेत तालाब में उत्कृष्ट कार्य पर जिले व विकासखंड को भी मिलेगा पुरस्कार

जल गंगा संवर्धन अभियान में खेत तालाब के निर्माण में उत्कृष्ट कार्य वाले जिले व विकासखंड को पुरस्कृत किया जाएगा। यह पुरस्कार दो श्रेणियों में दिया जाएगा। जिला स्तरीय पुरस्कार के लिए ए व बी दो श्रेणी होगी। ए श्रेणी में 4 या उससे कम जनपदों को शामिल किया जाएगा। इसी तरह से बी श्रेणी में 5 या उससे अधिक जनपदों को शामिल किया जाएगा। विकासखंड स्तरीय पुरस्कार के लिए भी ए व बी श्रेणी निर्धारित की गई। ए श्रेणी में 70 या उससे कम ग्राम पंचायतों वाली जनपद पंचायतों को शामिल किया गया हैए जबकि बी श्रेणी के लिए 71 या उससे अधिक ग्राम पंचायत वाली जनपदों को शामिल किया गया है। पूरे प्रदेश में जिला स्तर व विकासखंड स्तर की दोनों श्रेणियों के लिए एक.एक पुरस्कार दिया जाएगा। जिला स्तरीय पुरस्कार ए व बी श्रेणी में आने वाले कलेक्टर को एक लाख रुपएए मुख्य कार्यपालन अधिकारी को 75 हजार रुपएए कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा को 50 हजार रुपए और जिले के अमले के लिए 2 लाख 75 हजार रुपए की राशि पुरस्कार के तौर पर दी जाएगी। विकासखंड स्तर पर भी ए व बी श्रेणी में आने वाले जनपद पंचायत सीईओ को 50 हजार रुपएए सहायक यंत्री जनपद पंचायत को 30 हजार रुपए और जनपद अमले को एक लाख 20 हजार रुपए की राशि पुरस्कार के रूप में प्रदान की जाएगी।

# 2 मोटर साइकिल की भिड़ंत, एक की हालत गंभीर, प्राथमिक उपचार के बाद पन्ना रेफर

**जागरण, अमानगंज।** आज फिर जेके सीमेंट के ट्रांसपोर्ट के अज्ञात तेज रफ्तार ट्राला द्वारा पगरा देवरा के बीच जेके पेट्रोल पंप के सामने गंभीर सड़क दुर्घटना सामने आई है। जिसमें गणेश आदिवासी पिता कृपाल आदिवासी उम्र 40 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गया है। जिसको सिर हाथ पैर में गंभीर चोटे आई है। ग्रामीणों ने आनन फानन घायल व्यक्ति को अमानगंज स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के पश्चात गंभीर अवस्था में पन्ना रेफर कर दिया। जेके के ट्रांसपोर्टरों के ट्रालाओं द्वारा अनियंत्रित गति से वाहन चलाए जा रहे हैं जिसमें कई बार सूचना देने पर भी संज्ञान लेने के नाम पर प्रशासन द्वारा केवल खानापूर्ति कर दी जाती है। जिससे ट्रालाओं के ड्राइवरों के हौसले बुलंद हैं। यदि प्रशासन का ऐसा ही रवैया रहा तो सड़क दुर्घटनाओं का सिलसिला आम हो जाएगा।अब देखना ये है कि इस गंभीर घटना के बाद प्रशासन क्या संज्ञान लेती है।

## तुअर उपार्जन के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि आज

**पन्ना।** रबी विपणन वर्ष 2025.26 में जिले के निर्धारित 46 केन्द्रों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य अंतर्गत तुअर फसल के उपार्जन के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि 15 मई निर्धारित हैए जबकि पंजीकृत कृषकों और रकबा सत्यापन का कार्य 17 मई तक किया जाएगा। किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के उप संचालक एण्पीण् सुमन ने समस्त पात्र कृषकों से तुअर फसल पंजीयन कराने का आग्रह किया है।

# श्रमदान कर प्राचीन बावड़ी के जीर्णोद्धार का लिया संकल्प

**जागरण, टीकमगढ़।** जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जिले में प्राचीन जल स्त्रोतों के जीर्णोद्धार व साफसफाई का कार्य जनप्रतिनिधि एवं आमजनों की सहभागिता से संचालित किया जा रहा है। इस क्रम में जनअभियान परिषद के वालेंटियर्स द्वारा आज शाहनगर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत बगरौड़ में लगभग 200 वर्ष पुरानी सूखी बावड़ी के पुनर्जीवन के संकल्प के साथ श्रमदान कर साफसफाई की गई। इस दौरान सरपंच प्रभा देवी प्रजापति ने भी स्थानीयजनों और सफाई मित्रों के साथ बावड़ी की सफाई में सहयोग कर अन्य लोगों से भी उत्साहपूर्वक एकजुट होकर जल धरोहर के जीर्णोद्धार के लिए आगे आने का आह्वान किया। जनअभियान के ब्लॉक समन्वयक राजेश अर्गल ने बताया कि एक छोटे प्रयास से आसपास के जल स्त्रोतों की स्वच्छता व कायाकल्प संभव है। ग्रामीणजनों को भी प्रदेशव्यापी अभियान में सार्थक प्रयास कर सहभागी बनने की समझाईश दी गई। आगामी दिनों में भी विकासखण्ड अंतर्गत विभिन्न जल स्त्रोतों के जीर्णोद्धार कार्य के लिए निरंतर सार्थक प्रयास किया जाएगा।



## बिहरा में गरजा बुल्डोजर अतिक्रमणकारियों की खैर नहीं

**सतना।** रामपुर बघेलान विकासखंड की ग्राम पंचायत बिहरा क्रमांक एक के सरपंच रवि प्रताप सिंह द्वारा ग्राम पंचायत को अतिक्रमण से पूरी तरह से मुक्ति दिलाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं इसके लिए उन्होंने बाकायदा पहले हि गांव वालों को जानकारी दे चुके हैं कि जिन्होंने आम निस्तार की रोड पर कब्जा किये हुए हैं सभी लोग रोड से अतिक्रमण हटा लें इसके बाद स्वत बुलडोजर की मदद से जो शासकीय आम रास्तों में बाधा बन रहे थे उन्हें हटाने का कार्य किया इसकी शुरूआत करते हुए सरपंच ने बताया कि मैं बिहरा ग्राम पंचायत को जिले भर में नाम देना चाहता हूं इसके लिए मेरे द्वारा शासन की जो भी योजनाएं चलती हैं ग्राम पंचायत स्तर में उन सभी योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के पूरा कर रहा हूं। अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही खम्हरिया टोला बिहरा से शुरूआत की है बताया जाता है कि शासकीय जमीन में अतिक्रमणकारी कुछ इस कदर अतिक्रमण करके रखे थे कि मोटरसाइकिल तक निकालने में भी काफी परेशानियों का जहां सामना करना पड़ता था वहीं आए दिन विवाद की स्थिति भी उत्पन्न हो रही थी ।

# नपा अध्यक्ष एक तो वह जानते नहीं और किसी की मानते नहीं: अभिषेक खरे

**जागरण, टीकमगढ़।** बीते दिनों दैनिक जागरण ने जल संकट को लेकर एक खबर प्रकाशित की थी। जिस पर से नेता प्रतिपक्ष ने कांग्रेस नपा अध्यक्ष को आड़े हाथों लिया है नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि जब परिषद का गठन हुआ था 33 करोड रुपए सरकार ने उसके पहले दे दिए थे नगर में पानी की अमृत योजना 2ण्0 है उसके पैसे आ चुके थे पाइप लाइन और डैम का निर्माण होना था जिससे पानी की पूर्ति हो जाती नपा अध्यक्ष ने बहुत भाषण दिए बड़ी.बड़ी बातें की मंचों पर बोले शहर को पानी की कमी नहीं होने देंगे टॉप बनाएंगे सुजारा से पानी लाएंगे 50 साल आगे की व्यवस्था करेंगे सरकार हर 10 साल में पैसा देती है साथ कम से कम आज तो पिला दो नगर की आम जनता को पानी जो प्यासी है नगर पालिका अध्यक्ष की गलती है। योजना का दो से ढाई साल में काम अभी तक पूरा हो जाता यदि वह काम करते करीब 3 साल से अध्यक्ष बने हो गया पानी की जो समस्या है वह केवल उनकी ना समझी है क्योंकि एक तो वह जानते नहीं और कोई समझाये तो वह मानते भी नहीं ।



## जल संकट के लिए नगर पालिका अध्यक्ष जिम्मेदार : आरोप

**सीएमओ की नेता प्रतिपक्ष ने की तारीफ:** नेता प्रतिपक्ष अभिषेक खरे रानू ने नगर पालिका के नवागत सीएमओ की जमकर तारीफ की उन्होंने कहा कि पूर्व में जो सीएमओ थे उनके द्वारा काम नहीं हो रहे थे लेकिन बर्तमान सीएमओ ओमपाल सिंह है उनके द्वारा लगातार जनता की समस्याओं को सुना जा रहा है। नगर में साफसफाई हो पानी की समस्या हो या अन्य कोई समस्या हो सीएमओ तत्काल शिकायत सुनकर निराकरण कर रहे है। सीएमओ के आने के बाद जनता को पानी की व्यवस्था भी की जा रही है चाहे वह नल से हो या फिर टैंकरों से या फिर हेडपंपों से सीएमओ लगातार जनता के हित में काम कर रहे हैं।

**अमृत योजना 2.0 का जिक्र सीएमओ ने भी किया :** नगर पालिका सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया ने भी अमृत योजना 2ण्0 के बारे बताया था की इस योजना के पूर्ण होने से पीने के पानी की समस्या हल हो सकती हैं और यही बात नेता प्रतिपक्ष भाजपा अभिषेक खरे रानू ने भी नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार पप्पू मलिक पर आरोप लगाते हुए कही की उन्ही वजह से इस योजना के क्रियान्वयन में देरी हो रही हैं जबकि तक़रीबन 3 वर्ष पूर्व राशि आ चूकि नपा अध्यक्ष की वजह नगर की जनता को पानी समस्या से परेशान होना पड़ रहा हैं जो कार्य अभी तक पूरा हो जाता बह अभी चल रहा है ।

# एनसीएल में धूमधाम से मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस 25

जागरण, सिंगरौली

सिंगरौली स्थित भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफ़ील्डस लिमिटेड एनसीएल ने धूमधाम से अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस 25 मनाया गया। इस दौरान अधिकारी क्लब सिंगरौली में केंद्रीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें एनसीएल के निदेशक मानव संसाधन मनीष कुमार बतौर मुख्य अतिथि तथा सीएमएस एनसीएल डॉ. विवेक खरे कृति महिला मण्डल उपाध्यक्षा श्रीमती नम्रता कुमार सीएमएस प्रभारी केंद्रीय चिकित्सालय सिंगरौली डा. मंजरी मेहता श्रमिक संघ प्रतिनिधि एवं अन्य उपस्थित रहे। इस दौरान अपने उद्बोधन में मनीष कुमार ने उपस्थित सभी को अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस की शुभकामनाएँ दीं एवं नर्सों को उनकी निस्वार्थ सेवा और समर्पण के लिए आभार व्यक्त किया। इसके अतिरिक्त उन्होनें उपस्थित सभी से अपनी व्यस्त दिनचर्या के बीच हुए अपनी शारीरिक और मानसिक सेहत का भी विशेष ध्यान रखने हेतु सुझाव दिया एवं सभी से कार्य के बीच थोड़ा समय निकालकर योग और मेडिटेशन जैसे गतिविधियों को अपनी दिनचर्या में शामिल करने हेतु आह्वान किया। इस अवसर पर आयोजित केंद्रीय कार्यक्रम में विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों गीत डांस प्ले/स्कीट



मेडिकल अवेयरनेस स्पीच कविता वाचन फ़ैशन वॉक सोलो डांस एवं गायन का आयोजन किया गया जिसमें हॉस्पिटल स्टाफ एवं बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया। एनसीएल की सभी परियोजना एवं इकाइयों में अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस मनाया गया।

## प्रहलाद पटेल कैबिनेट मंत्री पंचायत एवं ग्रामीण विकास का जिले में आगमन 16 को



**जागरण बैढ़न।** प्रहलाद पटेल कैबिनेट मंत्री मध्य प्रदेश शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास का सिंगरौली जिले में आगमन 16 को होगा। जारी कार्यक्रम के तहत मंत्री श्री पटेल जिले में विभिन्न कार्यक्रमों शिरकत करेंगे। मंत्री श्री पटेल सर्वप्रथम कंचन नदी उद्गम स्थल ग्राम पिड़ारवा ग्राम पंचायत तेंदुहा कंचन उद्गम स्थल का निरीक्षण कर पूजा अर्चन श्रमदान साफ सफाई के साथ साथ स्थानीय निवासियों से जल गंगा संवर्धन अभियान के संबंध में संवाद भी करेंगे।

## महुआ गांव बाजार नीलामी में धांधली, ग्रामीणों ने जताया रोष

**जागरण, निवास।** महुआ गांव की बाजार नीलामी एक बार फिर विवादों के घेरे में आ गई है। प्रारंभिक बोली 1.5 लाख रुपये से शुरू हुई जिसमें नागेंद्र साहू ने 3.16 लाख की बोली लगाई। इसके बाद रामप्रकाश साहू ने अचानक 9 लाख की ऊँची बोली लगाई जिससे अन्य इच्छुक प्रतिभागी हतोत्साहित हो गए। किंतु आश्चर्यजनक रूप से रामप्रकाश ने कुछ ही क्षणों में अपनी बोली वापस ले ली जिससे ठेका पुनः नागेंद्र साहू के नाम हो गया। ग्रामीणों का आरोप है कि यह पूरा प्रकरण सुनियोजित साठगांठ का परिणाम है जिसमें वर्षों से एक ही गिरोह आपसी सांठगांठ कर नीलामी को केवल औपचारिकता बना चुका है। बिना पंचायत की रसीद दिए बाजार का पैसा निजी रूप से वसूला जा रहा है। यह न केवल भ्रष्टाचार को बढ़ावा देता है बल्कि पंचायत की आय और गांव के विकास कार्यों में बाधा उत्पन्न करता है। इस तरह की अनियमितताओं से महुआ ग्राम पंचायत का विकास अन्य पंचायतों की तुलना में पिछड़ता जा रहा है। पारदर्शिता जवाबदेही और निष्पक्षता जैसे लोकतांत्रिक मूल्यों को ठेंगा दिखाया जा रहा है। ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर से मांग की है कि इस अवैध नीलामी को तत्काल निरस्त कर नये सिरे से पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से पुनः नीलामी कराई जाए। प्रशासन की निष्क्रियता यदि ऐसे ही बनी रही तो यह ग्राम स्तरीय लोकतंत्र के लिए गंभीर खतरा साबित होगा।

## यूथ कटनी का वार्षिक कार्यक्रम संपन्न

**कटनी।** यूथ कटनी नगर की अग्रणी समाजसेवी संस्था है समाजसेवा के साथ साथ महिलाओं के उत्थान के लिए निरंतर कार्यक्रम का आयोजन करती रहती है। संस्था की संचालक अनु शशांक श्रीवास्तव ने बताया स्थानीय टीजीएस होटल में संस्था का वार्षिक कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें महिला सदस्यों ने बॉलीवुड थीम में भाग लिया और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी। इन कार्यक्रमों में श्रीमती अनुपमा सिंह, श्रीमती अलका सरावगी, श्रीमती वाणी गट्टानी, श्रीमती अनामिका श्रीवास्तव, श्रीमती अर्चना परिवार, श्रीमती गीता पाठक, श्रीमती नीलिमा विश्वकर्मा, सुश्री पायल तरानी, श्रीमती रिचा गट्टानी, श्रीमती रोशनी गुप्ता, श्रीमती साधना जैन, श्रीमती जयश्री मित्तल एवं श्रीमती सीमा नाहर ने भाग लिया। कुमारी महिमा ओझा ने नृत्य निर्देशन सफलतापूर्वक किया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती सपना जैन ने किया।

## एनसीएल ने बीना परियोजना में अमृत फार्मेसी का किया शुभारंभ



**जागरण, सिंगरौली।** भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफ़ील्डस लिमिटेड एनसीएल ने बीना परियोजना में अमृत फार्मेसी का शुभारंभ किया। अमृत फार्मेसी का मुख्य उद्देश्य एनसीएल कर्मियों एवं स्थानीय लोगों को किफ़ायती दरों पर गुणवत्तापूर्ण दवाइयां उपलब्ध कराना है। शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय महाप्रबंधक बीना राजकुमार सिंह सीएमएस एनसीएल डॉ.विवेक खरे श्रमिक संघ प्रतिनिधि सीएमएस से अजय कुमार बीएमएस से अरुण दुबे एचएमएस से अशोक पांडेए सीएमओएआई से सर्वेश सिंहए अमृत फार्मेसी प्रतिनिधि अशोक सिंह एवं अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। एनसीएल द्वारा स्थापित अमृत फार्मेसी स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल है। अमृत फार्मेसी के माध्यम से स्थानीय क्षेत्र में लोगों को उच्च गुणवततापूर्ण दवाएं सस्ती दरों पर उपलब्ध होने से लाभ मिलेगा। गौरतलब है कि अमृत फार्मेसी केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की एक पहल है जिसके तहत इलाज के लिए सस्ती दवाइयां और विश्वसनीय इम्प्लांट मुहैया करवाए जाते हैं।

## ई-कोल इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने विद्यालय का किया नाम रोशन



**जागरण, बैढ़न।** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी ई कोल इंटरनेशनल स्कूल बैढ़न के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पहला दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त कर विद्यालय सहित अपने माता.पिता का नाम किया रोशन शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कक्षा दसवीं की सीबीएसई बोर्ड परीक्षा मे शत प्रतिशत सफलता हासिल की है बच्चों से जब परीक्षा परिणाम के बारे में पूछा गया तो उन्होंने अपने विद्यालय के टीचर्स और अपने अभिभावको माता पिता बहनों को इसका श्रेय दिया है। इस वर्ष उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए छात्रों में अक्शदा लक्ष्मण प्रजापति ने अपनी कड़ी मेहनत और कविलियत के बल पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है अवनीश कुमार शाह और दिव्यांश कुमार जायसवाल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया है साथ ही विनय कुमार मांझी ने तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती बिंदु श्रीवास्तव ने सभी छात्रों को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए बधाई दी और कहां की बच्चों के द्वारा अच्छा प्रदर्शन किया गया है आप सभी इसी तरह से नित्य आगे भी सफलताओं को हासिल करते रहें विद्यालय परिवार आपके साथ हैं।

## आस्था ने वाणिज्य संकाय में अर्जित किया 90 प्रतिशत अंक



**जागरण, सिंगरौली।** केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के घोषित परीक्षा परिणाम में सेपियंट इंटरनेशनल एकेडमी सिंगरौली की छात्रा आस्था पिता विमल कुमार श्रीवास्तव माता रंजना श्रीवास्तव ने वाणिज्य संकाय में 90 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। आस्था ने इंगलिश में 95 हिन्दी में 93 इकोनामिक्स 83 बिजिनेश में 91 एकाउंटेन्सी में 81 अंक अर्जित किया है। इस सफलता पर विद्यालय के प्राचार्य पत्रकारो ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## सरकारी कॉलेजों में प्रवेश बढ़ाने फिर शुरू होगा कॉलेज चलो अभियान

### उच्च शिक्षा विभाग ने अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित करने दिए निर्देश




**जागरण, रीवा।** जिले के सभी 16 सरकारी कॉलेजों की स्नातक कक्षाओं में प्रवेश की गति बढ़ाने कॉलेज चलो अभियान फिर शुरू होगा। इस बाबत उच्च शिक्षा विभाग ने विगत सप्ताह निर्देश जारी किए हैं। विभाग द्वारा जारी पत्र के मुताबिक कॉलेज प्राचार्यों को नजदीकी विद्यालय, ग्रांम पंचायतों में पहुंचकर विद्यार्थियों को सरकारी कॉलेज में प्रवेश लेने प्रोत्साहित करना होगा। सत्र 2025-26 में ऑनलाइन प्रवेश की प्रक्रिया इसी सप्ताह से प्रारम्भ हो सकती है, जिसके मद्देनजर अभियान संबंधी कार्यक्रमों का आयोजन कॉलेज प्रबंधनों को करना होगा। गौरतलब है कि सरकारी व गैर सरकारी कॉलेज की स्नातक व स्नातकोत्तर कक्षाओं में संबंधी नियम लगभग तय हो गए हैं। उच्च शिक्षा विभाग ने सत्र 2025-26 का प्रवेश संबंधी मार्गदर्शी सिद्धांत भी शीघ्र जारी हो सकता है। इससे पहले विभाग अभियान के जरिये छात्रों को महाविद्यालयों की व्यवस्थाओं और पाठ्यक्रमों से अवगत कराना चाहता है, जिसके लिए महाविद्यालयों को अभियान चलाने के लिए कहा गया है। बता दें कि इसके पहले जनवरी में भी अभियान संचालन संबंधी निर्देश जारी हुए थे परंतु तब महाविद्यालय ठंड की जकड़ में रहे, लिहाजा नए सिरे से अभियान हेतु विभाग ने पत्र जारी किया है।

**छात्रों को किया जायेगा प्रेरित :** अभियान के तहत प्रत्येक सरकारी महाविद्यालय अपने क्षेत्राधिकार अंतर्गत आने वाले विद्यालयों के छात्रों, शिक्षकों से सम्पर्क करेंगे। महाविद्यालयों द्वारा अपने नजदीक के विद्यालयों में जाकर 12वीं के छात्रों को जागरूक व प्रेरित किया जाता है। कक्षा 12वीं के छात्रों को उच्च शिक्षा अध्ययन के लाभ से अवगत कराया जाता है। साथ ही, छात्र किस संकाय में प्रवेश लेकर अपना हुनर निखार सकते हैं, इसके लिए उन्हें मार्गदर्शन भी दिया जाता है।

### अभिभावकों से करेंगे सम्पर्क

छात्रों के अभिभावकों से भी महाविद्यालयीन शिक्षक संवाद स्थापित करेंगे, ताकि महाविद्यालयों की सुविधाओं और यहां अध्ययन करने पर कैरियर आदि की जानकारी छात्रों, अभिभावकों को सीधे मिल सके। महाविद्यालयों को अभियान के तहत नई शिक्षा नीति के लाभ से अवगत कराने छात्रों के मध्य पम्पलेट का वितरण भी करना होगा। इसके अलावा विद्यालयों में पीपीटी, वीडियो आदि के प्रदर्शन महाविद्यालयीन प्राध्यापक करेंगे, जिसके माध्यम से छात्रों का ध्यान महाविद्यालयीन शिक्षा की तरफ खींचने का प्रयास होगा। अभियान के बेहतर संचालन हेतु महाविद्यालयों को किसी एक प्राध्यापक को नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी देनी होगी। इस अभियान के संचालन में होने वाले व्यय की आपूर्ति महाविद्यालयों द्वारा जनभागीदारी मद से की जायेगी।

## स्कूलों तक नहीं पहुंची निःशुल्क उत्तर पुस्तिकाएं

**रीवा।** स्कूल शिक्षा विभाग ने नया शैक्षणिक सत्र तो शुरू कर दिया लेकिन व्यवस्थाएं नहीं बना पाईं। स्कूल में प्रवेश लेने वाले नवप्रवेशी छात्रों को पुस्तकें ही अब तक नहीं मिल पाईं हैं। स्कूलों में अब छुट्टियां शुरू हो गई है। ऐसे में स्कूल शिक्षा विभाग बिना पुस्तकों के वितरण के ही ऑनलाइन वितरण की गलत जानकारी फीड करने में लगा हुआ है। ज्ञात हो कि स्कूल शिक्षा विभाग सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों को निःशुल्क पुस्तक और ड्रेस उपलब्ध कराती है। इस मर्तबा नया शैक्षणिक सत्र 1 अप्रैल से शुरू हो गया है। स्कूल शिक्षा विभाग ने नया सत्र शुरू तो कर दिया लेकिन व्यवस्थाएं जीरो ही थी। पहले से स्कूलों मे पुस्तकों की व्यवस्था नहीं की गई थी। इसका खामियाजा छात्रों को उठाना पड़ा। अब तक हालात यह है कि छात्रों को निःशुल्क पुस्तकें नहीं मिल पाई है। प्रायमरी और माध्यमिक स्कूलों के छात्रों का निःशुल्क पुस्तकें उपलब्ध कराई जाती हैं लेकिन अव्यवस्था इतनी हावी है कि सभी पुस्तकें पहुंच ही नहीं पाई है। हद तो यह है कि स्कूलों में अवकाश शुरू हो गया।




# प्लेऑफ की दौड़ में सात टीमें, गुजरात-आरसीबी एक जीत दूर

## आईपीएल 2025 : अब भी हो सकता है बड़ा खेल

**नई दिल्ली, जेएनएन।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) शनिवार को आठ दिन के अंतराल के बाद फिर से शुरू होने वाली है। भारत-पाकिस्तान युद्ध की वजह से आईपीएल 2025 सीजन को एक सप्ताह के लिए निलंबित कर दिया गया था। अब 17 मई से फिर शुरू होने वाले आईपीएल के शेष 17 मैच छह स्थानों पर खेले जाएंगे, जिसमें 3 जून को आईपीएल 2025 का फाइनल होगा। आईपीएल में अब तक 57 मैच हो चुके हैं। गुजरात टाइटंस 16 अंक के साथ शीर्ष पर है। वहीं इतने ही अंक के साथ रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) दूसरे नंबर पर काबिज है। प्लेऑफ में पहुंचने के लिए इन दोनों टीमों को सिर्फ एक-एक जीत की जरुरत है। प्लेऑफ की दौड़ में अभी सात टीमें बनीं हुई हैं। स्थिति पर एक नजर डालते हैं।

**अंक तालिका**

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 11 | 08 | 03 | 16 | 0.793 |
| बेंगलुरु | 11 | 08 | 03 | 16 | 0.482 |
| पंजाब | 11 | 07 | 03 | 15 | 0.376 |
| मुंबई | 12 | 07 | 05 | 14 | 1.156 |
| दिल्ली | 11 | 06 | 04 | 13 | 0.362 |
| कोलकाता | 12 | 05 | 06 | 11 | 0.193 |
| लखनऊ | 11 | 05 | 06 | 10 | -0.469 |
| हैदराबाद | 11 | 03 | 07 | 07 | -1.192 |
| राजस्थान | 12 | 03 | 06 | 06 | -0.718 |
| चेन्नई | 12 | 03 | 09 | 06 | -0.992 |

### कोलकाता नाइट राइडर्स

केकेआर लगभग बाहर होने की कगार पर है, क्योंकि वह अब अधिकतम 15 अंक तक ही पहुंच सकती है और तीन टीमें पहले से ही 15 या उससे अधिक अंक पर है। मान लीजिए कि ये तीनों टीमें क्वालिफाई करती हैं, तो केकेआर को उम्मीद करनी होगी कि मुंबई अपने दोनों बचे हुए मैच हार जाए और 14 अंकों पर ही रहे। मुंबई का एक मैच दिल्ली से है, जो फिलहाल 13 पर हैं, तो वह मैच जीतने पर दिल्ली 15 अंकों पर पहुंच जाएगा। ऐसे में चौथा स्थान दिल्ली और केकेआर के बीच नेट रन रेट से तय होगा। दूसरी ओर, अगर पंजाब अपने तीनों मैच हार जाती है, तो मुंबई 15 अंकों से आगे निकल जाएगी और दिल्ली, पंजाब और केकेआर तीनों 15 पर होंगे और चौथे स्थान के लिए संघर्ष करेंगे। **(शेष मैच : आरसीबी और हैदराबाद)**

### गुजरात टाइटंस

गुजरात प्लेऑफ में जगह बनाने से सिर्फ एक जीत दूर हैं। 18 अंक किसी भी टीम को टॉप चार में जगह पक्की करने के लिए पर्याप्त होंगे। हालांकि अगर वे अपने बचे हुए तीनों मुकाबले हार जाते हैं, तो वे बाहर भी हो सकते हैं, क्योंकि अब भी चार टीमें 17 या उससे अधिक अंकों तक पहुंच सकती हैं। गुजरात के लिए उनका शेड्यूल भी अनुकूल है। उनके आखिरी दो मैच अहमदाबाद में हैं, जहां इस सीजन उनका रिकॉर्ड अब तक 4-1 का रहा है। उनका नेट रन रेट फिलहाल मुंबई के बाद दूसरे नंबर पर है, जो क्वालिफिकेशन या टॉप-2 में जगह मनाने पर उनकी मदद कर सकता है। **(शेष मैच दिल्ली, लखनऊ, सीएसके)**



### रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु



आरसीबी भी प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की करने से सिर्फ एक जीत दूर है। अगर दूसरे मैचों के नतीजे उनके पक्ष में आएं तो आरसीबी 16 अंकों पर भी टॉप-4 में जा सकती है। हालांकि टॉप-2 में पहुंचने के लिए दो जीत भी पर्याप्त नहीं होगी, क्योंकि गुजरात और पंजाब दोनों 20 या उससे अधिक अंकों तक पहुंच सकते हैं। गुजरात का नेट रन रेट फिलहाल बेहतर है, जबकि पंजाब अगर अपने सभी तीन मैच जीत जाए तो 21 अंक तक पहुंच सकती है। **(शेष मैच : कोलकाता, हैदराबाद, लखनऊ)**

### दिल्ली कैपिटल्स

हैदराबाद के खिलाफ मैच रद्द होने से दिल्ली को एक कीमती अंक मिला है। 15 अंक उन्हें टॉप-4 में तब ले जाएगा, जब कई नतीजे उनके पक्ष में जाएं, जबकि 17 अंकों पर भी उनकी स्थिति दूसरों के नतीजों पर अधिक निर्भर हो सकती है। अब भी पांच टीमें 17 या उससे अधिक अंक तक पहुंच सकती हैं। अगर दिल्ली अपने बचे हुए तीनों मैच जीतती है, तो वे क्वालिफाई कर लेंगे, लेकिन हालिया फॉर्म देखते हुए (पिछले पांच में से केवल एक जीत) यह मुश्किल लग रहा है। **(शेष मैच : गुजरात, मुंबई, पंजाब)**

### पंजाब किंग्स



पंजाब को क्वालिफाई करने के लिए दो जीत जरूरी हैं। फिलहाल 17 अंक भी क्वालिफिकेशन के लिए काफी नहीं है, क्योंकि पांच टीमें 17 या उससे ज्यादा अंक तक पहुंच सकती हैं। जैसे अगर वे राजस्थान को हरा दें, लेकिन दिल्ली और मुंबई से हार जाएं, और दिल्ली, गुजरात को हरा दें, लेकिन मुंबई से हार जाएं, तो आरसीबी, गुजरात, मुंबई, दिल्ली और पंजाब सभी के पास 17 या उससे अधिक अंक हो सकते हैं। हालांकि अगर पंजाब, दिल्ली को हराता है और बाकी दो मैच हारते हैं, तो केवल मुंबई या दिल्ली में से एक ही 17 तक पहुंच पाएगा, ऐसे में पंजाब 17 अंकों पर क्वालिफाई कर सकता है। अगर पंजाब अपने तीनों मैच हार जाएं और 15 पर रह जाएं, तब भी वे क्वालिफाई कर सकते हैं, बशर्ते दिल्ली अपने बाकी दोनों मुकाबले हार जाए और लखनऊ तीन में से दो मैच से अधिक ना जीते। तब पंजाब और दिल्ली (और अगर केकेआर अपने दोनों मैच जीतता है तो वह भी) के बीच नेट रन रेट पर एक आखिरी स्थान का फैसला होगा। **(शेष मैच : राजस्थान, दिल्ली, मुंबई)**

### मुंबई इंडियंस

गुजरात के खिलाफ हार के बावजूद मुंबई अब भी अपने नतीजों से प्लेऑफ में जा सकती है। अगर वे अपने दोनों बाकी मैच जीतते हैं तो क्वालिफाई कर लेंगे। हालांकि अगर वे 16 अंकों पर रुकते हैं, तो उन्हें दूसरों नतीजों पर निर्भर रहने की जरूरत पड़ेगी। दोनों मैच हारने पर वे टूर्नामेंट से बाहर हो जाएंगे। उनका शानदार नेट रन रेट 1.156 है, जो काफी निर्णायक साबित हो सकता है। **(शेष मैच : दिल्ली और पंजाब)**

### लखनऊ सुपर जाएंट्स

लखनऊ का फार्म लगातार गिर रहा है। वे लगातार तीन मैच हार चुके हैं और पिछले पांच में से उनके नाम चार हारें हैं। अब उनका सबसे अच्छा मौका यह है कि वे बचे हुए तीनों मैच जीतें, 16 अंकों पर पहुंचे और उम्मीद करें कि कुछ इन-फॉर्म टीमें अचानक हारने लगें। लेकिन अगर वे एक और मैच हारते हैं, तो वे टूर्नामेंट से बाहर हो जाएंगे। उनका बेहद खराब नेट रन रेट -0.469 भी उनके लिए मुश्किलें खड़ी करता है। **(शेष मैच : हैदराबाद, गुजरात, आरसीबी)**

## नीरज चोपड़ा पोलैंड में 23 मई को प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत के स्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा बेंगलुरु में अगले हफ्ते प्रस्तावित एनसी क्लासिक के स्थगित होने के बाद 23 मई को पोलैंड के चोरजोव में 71वें ओरलेन जानुस्ज कुसोसिन्सकी मेमोरियल प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। नीरज को एनसी क्लासिक में विश्व भर और भारत के कुछ अन्य स्टार खिलाड़ियों के साथ हिस्सा लेना था और उन्हें 24 मई को इस प्रतियोगिता की मेजबानी भी करनी थी, लेकिन भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य टकराव के कारण इसे स्थगित कर दिया गया। चोरजोव में नीरज को दो बार के विश्व चैंपियन और पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स, जर्मनी के जूलियन वेबर और पोलैंड के राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक मार्सिन क्रुकोवस्की के अलावा साइप्रियन मर्जिग्लोड और डेविड वेगनर जैसे स्थानीय खिलाड़ियों की चुनौती का सामना करना होगा।

### खेल एक नजर

## 'टेस्ट क्रिकेट में वही सफल, जिनके पास कहने को कोई कहानी थी'

भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने सोमवार को अपने 14 साल के शानदार टेस्ट करियर से अलविदा कह दिया। कोहली के संन्यास लेने के बाद उनकी पत्नी अभिनेत्री अनुष्का शर्मा ने सोशल मीडिया पर इमोशनल पोस्ट शेयर किया है। अनुष्का ने इस पोस्ट के जरिए किंग कोहली के टेस्ट करियर की तारीफ की है। सोशल मीडिया पर अनुष्का का एक वीडियो भी वायरल हो रहा है, जिसमें वह इमोशनल होती नजर आ रही हैं। अनुष्का ने जो पोस्ट अपने इंस्टा स्टोरी पर शेयर किया है, उस पोस्ट में लिखा है, 'इसलिए टेस्ट क्रिकेट में वही सफल हुए जिनके पास कहने को कोई कहानी थी। लंबी कहानी जो गीली, सूखी, देशी, विदेशी हर पिच पर लिख के भी खत्म ना हो।' अनुष्का ने इस पोस्ट को शेयर करते हुए दिल वाला इमोजी बनाया है। टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद विराट और अनुष्का वृंदावन गए थे। वहां उन्होंने प्रेमानंद महाराज का आशीर्वाद लिया और मन में उठ रहे सवालों के जवाब मांगे। प्रेमानंद महाराज की बातें सुनते वक्त अनुष्का की आंखों में आंसू आ गए। **(जेएनएन)**



### 17 मई से फिर शुरू होगा टूर्नामेंट, शेड्यूल में बदलाव के बाद कुछ विदेशी खिलाड़ी अनुपलब्ध

# आईपीएल में विदेशी प्लेयर्स के नहीं खेलने पर अस्थाई वैकल्पिक खिलाड़ियों को मिली अनुमति

**जेएनएन, नई दिल्ली**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) ने बुधवार को टीमों को टूर्नामेंट के बाकी बचे मुकाबलों के लिए अपने साथ अस्थाई तौर पर वैकल्पिक खिलाड़ियों को जोड़ने की स्वीकृति दे दी, क्योंकि प्रतियोगिता के कार्यक्रम में बदलाव के बाद कुछ विदेशी खिलाड़ी अनुपलब्ध हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष के कारण पिछले सप्ताह आईपीएल को स्थगित करना पड़ा था, लेकिन संघर्ष विराम की घोषणा ने 17 मई को इसके फिर से शुरू होने का मार्ग प्रशस्त किया। मूल कार्यक्रम के अनुसार आईपीएल का फाइनल 25 मई को होना था, लेकिन अब यह तीन जून को होगा, जिससे राष्ट्रीय टीम से जुड़ने वाले खिलाड़ियों के लिए इसमें खेलना मुश्किल हो जाएगा। कुछ खिलाड़ी व्यक्तिगत कारणों से वापस नहीं आ रहे, जबकि मौजूदा सत्र में चेन्नई सुपरकिंग्स का प्रतिनिधित्व करने वाले जेमी ओवरटन जैसे खिलाड़ी वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू मैदान पर सीमित ओवरों की सीरीज के लिए ब्रिटेन में ही रहेंगे। आईपीएल ने कहा, हमें आईपीएल 2025 को अस्थायी रूप से निलंबित करना पड़ा, जिसके परिणामस्वरूप इसे 25 मई 2025 की पूर्व निर्धारित तिथि के बाद पूरा करना पड़ रहा है, इसलिए हमने वैकल्पिक खिलाड़ी से जुड़े प्रावधानों का पुनः मूल्यांकन किया है। उन्होंने कहा, राष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं या व्यक्तिगत कारणों या किसी चोट या बीमारी के कारण कुछ विदेशी खिलाड़ियों की अनुपलब्धता को देखते हुए इस टूर्नामेंट के समापन तक अस्थाई तौर पर वैकल्पिक खिलाड़ियों को चुनने की अनुमति दी जाएगी।



- पंजाब के मार्कस स्टॉयनिस, जॉश इंग्लिस और ऐरन हार्डी की भारत वापसी पर संशय बरकरार है। मार्को यानसन और स्टॉयनिस दोनों ही डब्ल्यूटीसी फाइनल के चयनित क्रमशः दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के दल का हिस्सा हैं, यानसन का भारत लौटना तय है, लेकिन वह प्लेऑफ के लिए उपलब्ध रह पाएंगे या नहीं इस पर पंजाब प्रबंधन और यानसन के बीच उनकी चर्चा चल रही है।
- हरफनमौला खिलाड़ी विल जैक्स वेस्टइंडीज के खिलाफ चयनित दल में इंग्लैंड का हिस्सा हैं। वहीं डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए चयनित दक्षिण अफ्रीका के दल में रायन रिकल्टन और कॉर्बिन बॉश शामिल हैं। ऐसे में यह तीनों खिलाड़ी मुंबई के लिए प्लेऑफ में उपलब्ध नहीं रह सकते हैं।
- दिल्ली को ट्रिस्टन स्टब्स की अनुपलब्धता का सामना करना पड़ सकता है। यह देखना होगा कि मिचेल स्टार्क आईपीएल के लिए भारत वापस आते हैं या नहीं।

### प्लेऑफ में खेलना मुश्किल

गुजरात टाइटंस के लिए जोस बटलर प्लेऑफ से पहले तक ही उपलब्ध रह सकते हैं, क्योंकि 29 मई से वेस्टइंडीज के खिलाफ शुरू होने वाली इंग्लैंड की वनडे सीरीज की टीम में उन्हें चयनित किया है। वहीं शरफेन रदरफोर्ड भी वेस्टइंडीज के दल में शामिल है। जबकि कगिसो रबाडा का नाम डब्ल्यूटीसी फाइनल के दक्षिण अफ्रीकी दल में होने के चलते वह भी 25 मई तक के लिए ही आईपीएल में उपलब्ध रह सकते हैं, क्योंकि बोर्ड द्वारा आईपीएल के लिए दी गई अनुमति 25 मई तक के लिए ही वैध है। डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए चयनित दल में लुंगी एनगिडी शामिल हैं, वहीं इंग्लैंड-वेस्टइंडीज द्विपक्षीय सीरीज के लिए जेकब बेथेल और रोमारियो शेफर्ड चयनित किए गए हैं। ऐसे में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए भी यह तीनों खिलाड़ी प्लेऑफ के लिए अनुपलब्ध रह सकते हैं। वहीं जोश हेजलवुड कंधे की चोट से जूझ रहे हैं।

## भारतीय महिला टीम वनडे रैंकिंग में तीसरे स्थान पर

### भारत को आठ अंक का फायदा, ऑस्ट्रेलिया शीर्ष पर

**दुबई, जेएनएन।** श्रीलंका में खेली गई त्रिकोणीय सीरीज में जीत की बदौलत भारत को बुधवार को जारी आईसीसी महिला वनडे रैंकिंग में आठ अंक का फायदा हुआ, जिससे उसने अपने और दूसरे स्थान पर मौजूद इंग्लैंड के बीच के अंकों के अंतर को कम किया। तीसरे स्थान पर मौजूद भारत के अब 121 रेटिंग अंक है और वह इंग्लैंड से सिर्फ छह अंक पीछे है। सात बार का वर्ल्ड चैंपियन ऑस्ट्रेलिया 167 अंक के साथ शीर्ष पर बना हुआ है, लेकिन अपडेट के बाद अब उसकी बढ़त 44 से घटकर 40 अंक की रह गई है। शीर्ष छह टीम की रैंकिंग में कोई बदलाव नहीं हुआ है, जिसमें न्यूजीलैंड (96), दक्षिण अफ्रीका (90) और श्रीलंका (82) भी शामिल हैं। दक्षिण अफ्रीका को नवीनतम रैंकिंग में नौ रेटिंग अंक का नुकसान हुआ है, लेकिन इसके बावजूद टीम पांचवें स्थान पर बनी हुई है। अपडेट के बाद मई 2022 से अप्रैल 2024 के बीच के मुकाबलों को 50 प्रतिशत 'वेटेज' मिलेगी, जबकि इसके बाद के मुकाबलों को शत प्रतिशत। अब 2022 में हुए 50 ओवर के विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचने के दक्षिण अफ्रीका के प्रदर्शन को रैंकिंग की गणना से बाहर कर दिया गया है। इसका असर 2022 के सेमीफाइनल में जगह बनाने वाले वेस्टइंडीज (72) पर भी पड़ा है, जिसे 10 रेटिंग अंक का नुकसान उठाना पड़ा है और वह सातवें से नौवें स्थान स्थान पर खिसक गया है।



## पाकिस्तान का एशिया कप हॉकी खेलना मुश्किल

**नई दिल्ली, जेएनएन।** हॉकी इंडिया सरकार के परामर्श का इंतजार कर रहा है, लेकिन पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच जारी तनाव के बीच इस साल हीरो एशिया कप हॉकी में पाकिस्तान का भाग लेना मुश्किल लग रहा है। एशिया कप बिहार के राजगीर में 27 अगस्त से सात सितंबर के बीच खेला जाएगा। मेजबान भारत, पाकिस्तान, जापान, कोरिया, चीन, मलेशिया, ओमान और चीनी ताइपै को इसमें भाग लेना है। यह अगले साल नीदरलैंड और बेल्जियम में होने वाले विश्व कप का क्वालिफाइंग टूर्नामेंट भी है। हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने कहा कि अभी कुछ कहना जल्दबाजी होगा, लेकिन हम सरकार के दिशा निर्देशों का पालन करेंगे, जैसा पहले भी होता आया है।

## सेन थाईलैंड ओपन से बाहर, आकर्षि मालविका और उन्नति अगले दौर में

**बैंकॉक, जेएनएन।** स्टार भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन थाईलैंड ओपन के पहले दौर से बाहर हो गए, जबकि मालविका बंसोड़, आकर्षि कश्यप और उन्नति हुड्डा इस 4,75,000 डॉलर इनामी सुपर 500 टूर्नामेंट में कड़े मुकाबले जीतकर महिला एकल के दूसरे दौर में पहुंच गईं। विश्व रैंकिंग में 10वें स्थान के साथ त्रीशा जॉली और गायत्री गोपीचंद भारत की शीर्ष खिलाड़ी हैं और इस महिला युगल जोड़ी ने अपने अभियान की शुरुआत जीत के साथ करते हुए ओंग शी और सी टिंग की मलेशिया की जोड़ी को 21-15, 21-13 से हराकर दूसरे दौर में जगह बनाई। भारत की तीसरी वरीय जोड़ी अगले दौर में जापान की रुइ हिरोकामी और सयाका होबारा से भिड़ेंगी। सेन को आयरलैंड के एन एंगुयेन ने एक घंटे 20 मिनट तक चले मैच में 18-21, 21-9, 17-21 से हराया। प्रियांशु राजावत भी इंडोनेशिया के अल्वी फरहान से हारकर पहले दौर में बाहर हो गए। महिला एकल में दुनिया की 23वें नंबर की खिलाड़ी मालविका ने तुर्की की नेस्लिहान आरिन को तीन गेम में 21-12, 13-21, 21-17 से हराया। वह अगले दौर में पूर्व विश्व चैंपियन और सातवीं वरीय रतचानोक इंतानोन से भिड़ेंगी। आकर्षि ने जापान की कोआरू सुगियामा को 21-16, 20-22, 22-20 से हराया। उन्नति ने थाईलैंड की थामोंवान एन को 21-14, 18-21, 23-21 से मात दी।



# इटैलियन ओपन : गॉफ तीसरी बार सेमीफाइनल में, पीटन स्टर्न्स और पाओलिनी भी अंतिम चार में

**रोम, जेएनएन।** अमेरिकी स्टार कोको गॉफ ने मीरा एंड्रीवा को सीधे सेट में हराकर बुधवार को इटैलियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। वहीं पीटन स्टर्न्स और जैस्मीन पाओलिनी भी अंतिम चार में पहुंच गई है। गॉफ ने एंड्रीवा को 6-4, 7-6 से हराकर तीसरी बार इस क्ले कोर्ट टूर्नामेंट के अंतिम चार में प्रवेश किया। गॉफ की 18 साल की एंड्रीवा के खिलाफ यह चार मैच में चौथी जीत है। उन्होंने इससे पहले 2023 में फ्रेंच ओपन और अमेरिकी ओपन तथा दो हफ्ते पहले मैड्रिड में भी एंड्रीवा को हराया था। गॉफ अगले दौर में नंबर एक खिलाड़ी एरिना सबालेंका और झेंग किनवेन के बीच होने वाले मैच की विजेता से भिड़ेंगी। स्टर्न्स ने 16वीं वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना को हराया। वह ओपन एरा में लगातार तीन डब्ल्यूटीए मुख्य ड्रॉ मैच तीसरे सेट के टाईब्रेक में जीतने वाली पहली खिलाड़ी बन गईं। गैर-वरीयता प्राप्त अमेरिकी स्टर्न्स ने 6-2, 4-2 से पिछड़ने के बाद तीसरे सेट में डबल-ब्रेक से वापसी करते हुए यूक्रेन की 16वीं वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना को दो घंटे और 38 मिनट में 6-2, 4-6, 7-6(4) से हराया। आखिरी दो राउंड में स्टर्न्स ने ग्रैंड स्लैम चैंपियन मैडिसन कीज और नाओमी ओसाका को तीसरे सेट के टाईब्रेक में हराया, जिससे उनका इतिहास रचने वाला सिलसिला शुरू हो गया। विश्व की 6वें नंबर की कीज को हराना उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ जीत थी, जो प्रतिद्वंद्वी रैंकिंग के हिसाब से थी। डब्ल्यूटीए की एक रिपोर्ट के मुताबिक, 2015 में डारिया सैविल के बाद रोम के मुख्य ड्रॉ में अपने पदार्पण पर सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली खिलाड़ी हैं। वहीं 1998 में वीनस विलियम्स के बाद ऐसा करने वाली पहली अमेरिकी महिला हैं। स्टर्न्स का गुरुवार को इतालवी पाओलिनी से मुकाबला होना है। पाओलिनी ओपन एरा में रोम में अंतिम चार में पहुंचने वाली केवल पांचवीं इटैलियन महिला हैं।



# यूथ नेशनल्स में प्रार्थना, आस्था, शगुन व अर्पणा को स्वर्ण पदक, मध्यप्रदेश सेलिंग टीम देश में नंबर एक

**भोपाल, खेप्र।** मध्यप्रदेश सेलिंग अकादमी के खिलाड़ियों ने वायएआई यूथ नेशनल्स (वायएआई रैंकिंग इवेंट) में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन स्वर्ण सहित कुल न पदक जीते। इसमें चार रजत और दो कांस्य पदक शामिल हैं। इसके साथ ही मप्र देश की नंबर एक सेलिंग टीम बन गई है। यह चैंपियनशिप 3 से 10 मई तक मुंबई (महाराष्ट्र) में आयोजित की गई। प्रतियोगिता कुल 15 केटेगरी में आयोजित की गई थी। इसमें मप्र अकादमी ने नौ केटेगरी में प्रतिभागिता कर सबसे ज्यादा पदक अर्जित कर ओवरऑल विजेता बनी। प्रतियोगिता में 20 राज्य, खेल संघ और क्लब के लगभग 160 खिलाड़ियों ने प्रतिभागिता की। बालिका वर्ग टेक्नो 293 इवेंट में प्रार्थना बोई, आईएलसीए-4 में आस्था पांडेय और 29ईआर इवेंट में शगुन झा व अर्पणा ने स्वर्ण पदक अर्जित किए। बालक वर्ग आईएलसीए-4 में वसु चंद्रवंशी, टेक्नो 293 में सोहम राजपूत, टेक्नो 293 में तेजस प्रजापति और 420 मिक्स क्लॉस में एकलव्य बाथम व वंशिका सिकरवार ने रजत पदक अपने नाम किया। 420 मिक्स इवेंट में समृद्धि बाथम और पार्थ सिंह ने कांस्य पदक जीता। वहीं माही वर्मा ने आईएलसीए-4 इवेंट में तीसरा स्थान हासिल किया।




### इन टीमों ने लिया हिस्सा

एनएसएस भोपाल, एनबीएससी, टीएसए, सीईएससी, टीएससी, ईएनडब्ल्यूटीसी (मुंबई), ईएनडब्ल्यूटीसी (गोवा), ईएनडब्ल्यूटीसी (व्हीआइजेड), ईएनडब्ल्यूटीसी (कोच्चि), वायएएम, ओवाएए, टीएनएसए, आरबीवायसी, आरएमवायसी, एसएससी, सीकेएससी, ईएनडब्ल्यूटीसी (एसवीजी), एमजी एण्ड जी एरिया, ईएमईएसए, एमडब्ल्यूटीसी (आईएनए) (केएनआर)।

## मप्र ने जीते स्वर्ण सहित 5 पदक थांग-ता में जीती रनर-अप ट्रॉफी

**भोपाल, खेप्र।** मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों ने बिहार में खेले जा रहे खेलो इंडिया यूथ गेम्स में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए बुधवार को तीनों रंग के पदक पर कब्जा जमाया। खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में एक स्वर्ण, तीन रजत और एक कांस्य पदक जीता। इसके साथ ही मप्र के 10 स्वर्ण, 8 रजत और 13 कांस्य सहित 31 पदक हो गए है। मप्र पदक तालिका में 10वें स्थान पर है। मप्र थांग-ता टीम स्पर्धा में रनर-अप रहा। थांग-ता अंजली रावत ने फनाबा अमा 56 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। सत्यम दांगी ने फुनाबा अनिसुबा 56 किग्रा वर्ग में रजत पदक अर्जित किया। मप्र अकादमी मुक्केबाज जसरीत ने 65 किग्रा वर्ग में रजत पदक अपने नाम किया। जसरीत मुख्य कोच रोशनलाल से प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं। कुश्ती में निशित जायसवाल ने 65 किग्रा फ्रीस्टाइल में रजत पदक हासिल किया। वहीं हिमांशु राठौर ने 71 किग्रा ग्रीको रोमन वर्ग में कांस्य पदक जीता।



## कनिष्क के अर्धशतक, पृथ्वीराज के दोहरे प्रदर्शन से भोपाल की लगातार दूसरी जीत

**भोपाल, खेप्र।** भोपाल डिविजन ने बुधवार को माधवराव सिंधिया ट्रॉफी लिमिटेड ओवर्स इंटर डिविजनल क्रिकेट टूर्नामेंट में शहडोल को चार विकेट से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। पहले मैच में भोपाल ने इंदौर को हराया था। गुरुवार को भोपाल और नर्मदापुरम के बीच मुकाबला खेला जाएगा। मप्र क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित टूर्नामेंट में रमेश भाटिया क्रिकेट फाउंडेशन मैदान पर टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी शहडोल टीम ने निर्धारित 50 ओवर में 9 विकेट खोकर 235 रन बनाए। करण तिवारी ने नाबाद 98 रन की पारी खेली। हिमांशु मंत्री ने 41 और अप्रुव द्विवेदी ने 30 रन का योगदान दिया। भोपाल के आकाश सिंह और पृथ्वीराज तोमर ने तीन-तीन विकेट झटके। तनिष्क यादव, शिवांश चतुर्वेदी और प्रारब्ध मिश्रा को एक-एक सफलता मिली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी भोपाल टीम ने 42.4 ओवर में 6 विकेट खोकर आसानी से मुकाबला जीत लिया। कनिष्क दुबे (65) ने अर्धशतक जड़ा। तनिष्क ने 40, पृथ्वीराज ने 30, विकास शर्मा ने नाबाद 27 और राहुल बाथम ने नाबाद 21 रन बनाए। शहडोल के मासूम रजा ने 2 विकेट लिए। शिवम, अक्षत, नयन और वीरेंद्र ने 1-1 विकेट झटके। पृथ्वीराज और कनिष्क को संयुक्त रूप प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार रणजी ट्रॉफी चयनकर्ता सचिन धौलपुरे ने प्रदान किया।



## युवा संगम मेला आज मैहर में

**सतना।** जिला प्रशासन, जिला रोजगार कार्यालय सतना/मैहर, जिला उद्योग केन्द्र एवं शासकीय आईटीआई मैहर के सहयोग से शासकीय आईटीआई मैहर में जिला स्तरीय युवा संगम (रोजगार मेला) का आयोजन किया जा रहा है। शासकीय आईटीआई मैहर के प्राचार्य ने बताया कि जिला स्तरीय युवा संगम (रोजगार मेला) का आयोजन 15 मई 2025 को प्रातः 10.30 से शासकीय आईटीआई मैहर में किया जायेगा।

## तुअर फसल उपार्जन के लिए पंजीयन आज तक

**सतना।** उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास मनोज कश्यप ने बताया कि भारत सरकार की प्राईस सपोर्ट स्कीम अंतर्गत खरीफविपणन वर्ष 2024-25 में प्राईस स्कीम अंतर्गत तुअर उपार्जन पोर्टल पर फसल तुअर के पंजीयन की अंतिम तिथि 30 अप्रैल से बढाकर अब 15 मई 2025 निर्धारित की गई है। पंजीकृत कृषकों एवं रकबे का सत्यापन 17 मई तक सुनिश्चित करने के निर्देश दिये है।

# खेल मैदान से हटा अतिक्रमण सात करोड़ की खाली कराई जमीन

### अवैध कब्जा कर 10 लोगो ने कर रखा था निर्माण , तहसीलदार ने की बड़ी कार्यवाही



**जागरण सतना**

सरकारी स्कूल के खेल मैदान में 10 लोगो द्वारा किये गये अवैध निर्माण को प्रशासन ने बुधवार को जेसीबी से ढहा दिया है। यह कार्यवाही नागौद तहसीलदार सौरभ मिश्रा द्वारा की गई है। बताया जाता है कि नागौद तहसील के अंतर्गत आने वाले पतवारा गांव में स्थित सरकारी स्कूल की साढे 6 एकड़ आराजी पर लोगो ने अवैध कब्जा कर निर्माण कर लिया था। जिसे बुधवार को 4 घंटे की कार्यवाही के बाद हटा दिया गया है। जिस जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया गया है उसकी कीमत 7 करोड रूपये बताई गई है। इस बडी कार्यवाही के बाद अतिक्रमण कारियों के बीच हडकम्प मचा है।

### एक साल से कर रखा था कब्जा

तहसीलदार ने बताया कि पतवारा स्थित शासकीय स्कूल के खेल मैदान पर पिछले एक साल से अधिक समय से इन लोगो ने अवैध कब्जा जमा रखा था। लोगों ने स्कूल परिसर की सीमा लांघकर वहां पक्के मकान और निर्माण कार्य कर लिए थे। खेल मैदान का अधिकांश हिस्सा घरों और बाउंड्री वॉल से घिर चुका था।

### कईबार जारी की गई थी नोटिस

जानकारी के मुताबिक प्रशासन ने कब्जा धारियों को कई बार नोटिस देकर अतिक्रमण हटाने के लिए कहा लेकिन इसका कोई असर नहीं हुआ। जिसके चलते तहसीलदार सौरभ मिश्रा के नेतृत्व में बुधवार को पुलिस बल और दो जेसीबी मशीनों के साथ कार्रवाई की गई।

> पतवारा स्थित सरकारी स्कूल के खेल मैदान में तकरीबन साढे एकड पर 10 लोगो द्वारा किये गये कब्जे को जेसीबी से हटाया गया है। अतिक्रमण कारियों से 12 हजार रूपये जुर्माना वसूल कर 7 करोड की जमीन खाली कराई गई है। यह कार्यवाही 4 घंटे तक चली है।
> **सौरभ मिश्रा तहसीलदार नागौद**

# यात्रियों से खचा-खच बस पल्टी, एक दर्जन यात्री घायल

### चालक की लापरवाही बताई जा रही घटना की वजह



**जागरण सतना।** बुधवार की शाम यात्रियों से खचा-खच भरी एक बस पलट जाने से चीखपुकार मच गई। यह घटना सिविल लाइन थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले हटिया गांव के पास की बताई जा रही है। सूत्र बताते है कि नंदनी ट्रेवल्स की बस अनियंत्रित होकर चारो खाने चित्त हो गई। जिससे बस में सवार तकरीबन एक दर्जन यात्री घायल हो गये जिन्हे उपचार के लिए जिला अस्पताल लाय गया है। जहां पर उनका इलाज जारी है। सूत्र तो यहां तक बताते है कि दुर्घटना के वक्त बस में तकरीबन आधा सैकड़ा यात्री सवार थे। बस जैतवारा की ओर जा रही थी तभी एक मोड़ आने पर चालक का नियंत्रण बिगडा और बस पलट गई। घटना की जानकारी लगने के बाद ग्रामीण मौके पर पहुचे और यात्रियों को बाहर निकालने लगे। सूचना मिलने पर जैतवारा थाना प्रभारी भी मौके पर पहुच गये। अस्पताल में घायलों का इलाज जारी है।

### इनको आई चोटे

मुन्नी वर्मा सुकन्या दहिया प्रेमलाल दहिया शालू दहिया रामसी दोहर रामकृपाल सिंह शशि सेन करुण सेन और चंद्रशेखर शामिल है। इन सभी का डॉक्टरों की निगरानी में इलाज जारी है। वहीं अन्य घायलों को मामूली चोटें आई हैं जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दी गई या ऑब्जर्वेशन में रखा गया है। सिविल लाइन थाना पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया प्रारंभिक जांच में बस की तेज रफ्तार और लापरवाही को हादसे का कारण माना जा रहा है। घटना के बाद कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस एवं एसपी आशुतोष गुप्ता ने जिला अस्पताल पहुंच कर घायलों का हाल चाल जाना।

*हटिया के पास दुर्घटना ग्रस्त हुई बस का फिटनेस तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया है। वहीं बस के चालक अभयराज सिंह का ड्राईविंग लाईसेंस भी तीन महीने के लिए निलंबित किया गया है।*

***संजय श्रीवास्तव आरटीओ सतना***

# अगले दो दिनों में ग्रेडिंग में सुधार लाकर ए-ग्रेड में आ जायें सभी विभाग



**जागरण सतना।** बुधवार को कलेक्ट्रेट मैहर में संपन्न समय-सीमा प्रकरणों की बैठक में कलेक्टर रानी बाटड ने सभी विभागीय अधिकारियों को सीएम हेल्पलाइन में अगले दो दिनों में ग्रेडिंग में सुधार लाकर ए-ग्रेड में आने के निर्देश दिये हैं। समय-सीमा प्रकरणों की बैठक में कलेक्टर ने विभिन्न विभागों के समन्वय के विषय, जल गंगा संवर्धन अभियान, धरती आबा, जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान, वृक्षारोपण की तैयारी, पेयजल की स्थिति, ई-आफिस एवं समय-सीमा प्रकरणों की समीक्षा की। इस अवसर पर अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एलके तिवारी, जिला शिक्षा अधिकारी टीपी सिंह, डीपीसी विष्णु त्रिपाठी, उप संचालक सामाजिक न्याय सौरभ सिंह, महिला बाल विकास अधिकारी राजेन्द्र बांगरे, कार्यपालन यंत्री आरईएस सीएल साकेत, सीईओ जनपद प्रतिपाल बागरी, एमएल प्रजापति, सीएमओ सुषमा मिश्रा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा में कहा कि कम शिकायतों वाले सी और डी-श्रेणी में शामिल विभागों की पृथक से बीसी में समीक्षा की जायेगी। बार-बार निर्देशों के बावजूद भी विभागों में नाट-अटेण्ड शिकायतों की संख्या बढ रही है। इस बार की ग्रेडिंग में सी और डी-श्रेणी में आने वाले विभाग और नाट-अटेण्ड शिकायतों पर वेतन काटने की कार्यवाही की जायेगी। जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा में कलेक्टर ने विभागवार किये जा रहे कार्यों की जानकारी ली। ग्रामीण विकास के पूर्व कार्यों को अभियान के दौरान पूर्ण कराने के कार्यों की धीमी प्रगति पर कार्यपालन यंत्री आरईएस के प्रति अप्रसन्नता व्यक्त की। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान की समीक्षा में कलेक्टर ने कहा कि सभी विभाग उनसे संबंधित चयनित ग्रामों में जो काम किये जाने है। उनके प्रस्ताव भेजकर स्वीकृति कराये और कार्यों को पूर्ण कराने के प्रयास करें। पेयजल की स्थिति की समीक्षा में बताया गया कि मैहर नगर पालिका क्षेत्र में प्रतिदिन और अमरपाटन में एक दिन छोडकर पेयजल सप्लाई दी जा रही है। सीएमओ ने बताया कि वृक्षारोपण के लिए मशीन से गड्ढे तैयार किये जा रहे हैं। कलेक्टर ने कहा कि सभी अपनी वृक्षारोपण की कार्य योजना के अनुसार गड्ढे तैयार करने का काम और तैयारी 15 मई से प्रारंभ कर दें।

# नदियां सभ्यताओं की जनक जीवों की सुरक्षा हेतु संरक्षण आवश्यक

### बरुआ नदी जल चौपाल में नदियों के पुनर्जीवन पर मंथन



**जागरण सतना।** नदियां किसी भी क्षेत्र की जीवन रेखा होती है। नदियों के किनारे ही सभी सभ्यताएं विकसित हुई। नदियों के किनारे विभिन्न जीव-जंतु सहित वनस्पतियां एवं मानव जीवन फलता -फूलता रहा। वर्तमान समय में लगातार नदियों का गिरता जलस्तर एक बड़ी समस्या बनकर उभर रहा है। समय रहते यदि समाज इस प्राकृतिक विरासत की ओर ध्यान देकर इसे पुनर्जीवन देने हेतु प्रयत्न प्रारंभ नहीं करेंगे तो आने वाले समय में नदियां विलुप्त हो जाएंगी और मानव समाज के साथ-साथ संपूर्ण जीव जगत वनस्पति जगत का अस्तित्व खत्म हो जाएगा। ग्राम बरुआ में पश्चिमी नदी के किनारे जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत मां मंदाकिनी पुनर्जीवन जन जागरूकता अभियान के तहत आयोजित जल चौपाल में उपस्थित जन अभियान परिषद के विजयेंद्र जड़िया द्वारा बताया गया। जल चौपाल का संचालन दीनबंधु सेवा संस्थान मझगवां के डॉ. सतीश कुमार त्रिपाठी द्वारा किया गया। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक्त विजेंद्र जड़िया द्वारा कार्यक्रम की प्रस्तावना एवं उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि मंदाकिनी नदी ग्राम के लिए वरदान है। ग्रामवासियों से प्रकृति के इस उपहार को संजोकर रखने की अपील की गई। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र से पुष्पेंद्र सिंह गुर्जर दीनदयाल शोध संस्थान से हरिराम सोनी समाज शिल्पी अक्षय तिवारी नवांकुर संस्था शिवा ग्रामीण विकास संस्थान से बृजेंद्र सिंह परामर्शदाता संजू मिश्रा मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम की छात्रा कामिनी शिवहरे ने पर्यावरण एवं जल संरक्षण विषय की विविध पहलुओं पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के अंत में सभी सहभागियों ने मंदाकिनी नदी के तट पर जल संरक्षण हेतु अवलोकन किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत की सरपंच श्रीमती सरमनिया मवासी ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में जीतेंद्र द्विवेदी, प्रशांत चतुर्वेदी, अशोक शर्मा, गंगा प्रसाद कुशवाहा, भगवत प्रसाद मिश्रा, संजय नामदेव, चंद्रकली त्रिपाठी, विजयलक्ष्मी तिवारी, मोनिका शिवहरे, सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने किया बिरसिंहपुर में विभिन्न निर्माण कार्यों का निरीक्षण



**जागरण सतना।** कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस बुधवार को बिरसिंहपुर क्षेत्र के भ्रमण पर रहे। इस दौरान उन्होंने शासकीय कन्या शाला की जमीन, तहसील कार्यालय तथा निर्माणाधीन अस्पताल का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने मंदिर पहुंचकर भगवान गैवीनाथ का दर्शन कर पूजा-अर्चना की। उन्होंने मेला के दौरान मंदिर पहुंचने वाले भक्त श्रद्धालुओं की सुविधा और असुविधा के बारे में जानकारी ली। साथ ही तालाब में नगर परिषद बिरसिंहपुर द्वारा बनाये जा रहे वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का अवलोकन किया। इस मौके पर एसडीएम एपी द्विवेदी, तहसीलदार सुजीत नागेश, सीएमओ सुरेश कुमार सोनवानी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## सतना में 15 तथा मैहर जिले में 6 नरवाई जलाने की घटनायें सैटेलाईट मैपिंग में आई सामने

**सतना।** पर्यावरण सुरक्षा के लिये ग्रीन ट्रिब्यूनल के निर्देशानुसार फसलों (विशेषतः धान एवं गेहूं) की कटाई उपरांत फसल अवशेषों को खेतों में जलाना प्रतिबंधित किया गया है। जिले में भी नरवाई जलाने से होने वाली आगजनित घटनाओं पर नियंत्रण के लिये कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डॉ. सतीश कुमार एस द्वारा प्रतिबंधात्मक आदेश जारी कर अनुविभागीय दंडाधिकारियों को संबंधित व्यक्ति पर तत्काल पात्रतानुसार जुर्माना अधिरोपित करते हुये आग के कारण का पंचनामा तैयार करने के निर्देश दिये गये हैं। साथ ही ऐसे व्यक्तियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही करने के निर्देश भी दिये गये हैं। लेकिन प्रतिबंधों के बावजूद भी जिले में नरवाई जलाने की घटनायें सामने आ रही हैं। दो एकड से कम भूमि धारक कृषकों द्वारा पर्यावरण क्षतिपूर्ति राशि 2500, दो एकड से अधिक किन्तु पांच एकड से कम भूमिधारक को 5000 तथा पांच एकड से अधिक भूमिधारक कृषकों द्वारा पर्यावरण क्षतिपूर्ति राशि 15000 रूपये प्रति घटना देय होगी।

English Medium
Anupama Hr.Sec.School
Nursery, LKG, UKG
1st to 12th (Math, Bio, Commerce & Arts)
Gift of School Bag to every new student
ADMISSION OPEN
We make your child grow into a cultured citizen to face the challenges of life !!
Bharhut Nagar, Satna (M.P.) 8640025252, 9765187919, 9425362071
: anupamahighersecondaryschool@gmail.com, : aesmp.org

चर्म, सौन्दर्य, एलर्जी एवं स्कीन केयर
डॉ. सिद्धार्थ तिवारी
MBBS, MD (Dermatology & STD)
परामर्श शुल्क मात्र 300/-
मिलने का समय प्रतिदिन सुबह 10 से 2 बजे सायं 4 से 7 बजे (रविवार अवकाश)
चर्म, सौन्दर्य, नाखून, बाल, कुष्ठ, गुप्त (यौन) एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
परामर्श- दाद, खाज, खुजली, मुंहासे, मस्से, अपरस, सोरायसिस, सफेद दाग, एक्जिमा, गंजापन, त्वचा की एलर्जी, नाखुनों का खराब होना, चेहरे पे दाग धब्बे, झाइयाँ, (Glow & Fairness), सेहुंआ, फोड़े, फुन्सी, गुप्त एवं यौन समस्या आदि।
कामता मेडिकल ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.) 9399312433 9981287311

विंध्य की एक मात्र महिला चर्म रोग विशेषज्ञ
समय- प्रतिदिन सुबह 10 से 2 एवं शाम 4 से 7 बजे तक रविवार अवकाश
डॉ. कोम्पल अग्रवाल
MBBS, MD (Dermatology & STD)
चर्म, सौंदर्य, नाखून, बाल, यौन, एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ
अत्याधुनिक Laser द्वारा Hair Removal, Tatto Removal एवं Facial की सुविधा उपलब्ध
परामर्श:- दाद, खाज, खुजली, एक्जिमा, सोरायसिस, सफेद दाग, चेहरे की कील, मुहांसे, बालों का झड़ना, गंजापन, इत्यादि समस्त चर्म, नाखून, बाल एवं यौन संबंधी समस्याएं।
विशेष:- Co2 एवं MNRF LASER के द्वारा पिम्पल के गढ्ढे, दाग, झुर्रियाँ Stretch Marks, आदि के लिए इलाज की सुविधा
मो.-7247097637
परामर्श शुल्क 300/-
सौन्दर्य क्लीनिक शॉप नं. 86 तानसेन कॉम्पलेक्स कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम के सामने सिरमौर चौराहा रीवा (म.प्र.)

Give Your Child The Winning Edge!! Aff.-No. 1031436
ADMISSION 2025-26 OPEN
Under the Aegis of Anupama Education Society Estd. 1990
Anupama IRIS International
Affiliated to CBSE
Nursery to Xth
DAY BOARDING & DAY SCHOLAR
8640025252, 9765187919, 9425362071
Near Kothi Toll Plaza, SH-11, Kothi Road, SATNA (M.P.) 485001 : irisinternational123@gmail.com, www.anupamairisinternational.in

मिनर्वा आई.व्ही.एफ. (टेस्ट ट्यूब बेबी सेन्टर)
(निः संतान दंपत्तियों के लिए)
कम खर्च बेहतर इलाज
सर्वश्रेष्ठ टेस्ट ट्यूब बेबी सुविधा
उपलब्ध सुविधाएँ
• IUI, IVF, ICSI
• फ्रोजन एंब्रिया ट्रांसफर साइकिल (FET)
• एग फ्रीजिंग
• एंब्रियो फ्रीजिंग
• स्पर्म फ्रीजिंग
डॉ. ज्योति ओझा मिश्रा
स्त्री एवं प्रसूति रोग
निःसंतानता रोग एवं टेस्टट्यूब बेबी विशेषज्ञ
MBBS, MD (ऑब्स & गायनी)
फेलोशिप इन रिप्रोडक्टिव मेडिसिन एण्ड लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
मध्यप्रदेश की प्रथम एवं अत्याधुनिक ICSI मशीन द्वारा इलाज उपलब्ध
टोल फ्री : 18008892250, मो.: 8878819362, 9303733830
खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैण्ड, रीवा

कामता मल्टी स्पेशलिटी क्लीनिक एन्ड डायग्नोस्टिक, रीवा में पंजी.नं. CL/6814/FEB/2018
ब्रेन, स्पाइन एवं न्यूरो रोग परामर्श OPD
18 मई, रविवार (प्रत्येक माह के पहले व तीसरे रविवार को सुबह 10 बजे 2 बजे तक)
डॉ. सचिन सिंह
ब्रेन, स्पाइन एवं न्यूरो रोग सुपर स्पेशलिस्ट
MS., MCh (न्यूरो) PGI नई दिल्ली, राष्ट्रपति पदक से सम्मानित निर्देशक लाइफ लाइन हॉस्पिटल प्रयागराज
लकवा, मिर्गी, फॉलिस, बेहोशी व चक्कर आना, सिर दर्द (माइग्रेन), अंगो में कंपन, झुनझुनी-सुन्नता, मांसपेशियों में कमजोरी, मस्तिष्क ज्वर, ब्रेन हेमरेज, नसों व स्नायु रोग अन्य दिमागी रोगों की जांच, सायटिका, सवाईकल स्पोंडीलाइटिस, रीढ़ की हड्डी की चोट/दर्द, गर्दन, कमर, पीठ का दर्द एवं कमजोरी आदि रोगों का इलाज व परामर्श
कामता मेडिकल ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.)
कृपया रजिस्ट्रेशन पूर्व में करायें, 80 मरीज तक इसके बाद अगली बार का समय दिया जायेगा।
मो.: 9399312433, 9981287311

हमारी सेवाएं :-
● घुटना व कूल्हा प्रत्यारोपण।
● कमर दर्द / साइएटिका का दर्द।
● दूरबीन द्वारा लिगामेंट की सर्जरी।
● बच्चों की हड्डी संबंधित समस्याएं।
● गठिया व ऑस्टियोपोरोसिस का इलाज।
● फ्रैक्चर व ट्रॉमा का उपचार।
समय :- प्रतिदिन सुबह 10 से 2 बजे तक एवं सायं 4 से 6 बजे तक
संपूर्ण हड्डी व जोड़ रोग परामर्श OPD
डॉ. शान्तनु सिंह
एम.बी.बी.एस, एम.एस. (आर्थोपेडिक्स)
FIJR, OIJR (अहमदाबाद), फेलोशिप इन ज्वाइंट रिप्लेसमेंट
पूर्व सर्जन गवर्मेन्ट मेडिकल कालेज सागर
हड्डी एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ ज्वाइंट रिप्लेसमेन्ट | काम्पलेक्स ट्रामा | आर्थोस्कोपी सर्जन
कामता मेडिकल ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.) 9399312433 9981287311

DTE - काउंसिलिंग कोड 608
श्री रामकृष्ण कॉलेज ऑफ फार्मेसी
पीसीआई/9649 द्वारा अनुमोदित, आरजीपीवी भोपाल द्वारा संबद्ध
डी. फार्मा
रजिस्ट्रेशन के लिए तुरंत संपर्क करें-
पता- ग्राम देवरा, गुरुकुल स्कूल के पास, चोरहटा, रीवा (म.प्र.)
मो.: 9584324641,6262084843,7470944611

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालयः- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com